

# 'रिलायंस ने विकास के चार इंजन बनाए

## बड़े तकनीकी बदलाव का खाका तैयार', रिपोर्ट में बोले मुकेश अंबानी



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने खुदरा, डिजिटल सेवाओं, मीडिया और मनोरंजन कारोबार के रूप में चार उच्च-शक्ति वाले विकास के इंजन तैयार किए हैं। कंपनी ने इन इंजनों का इस्तेमाल कर समूह के विस्तार के अगले चरण को गति देने के लिए नई ऊर्जा का निर्माण किया है। समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह बात कही। कंपनी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए अपने संदेश में मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस खुद को एक नए युग के डीप-टेक उद्यम के रूप में ढाल रहा है। मुकेश अंबानी ने बताया कि एक कंपनी, जो परंपरागत रूप से तेल और पेट्रोकेमिकल्स को ही विकास का वाहक मानती थी, ने पिछले कुछ वर्षों में खुदरा क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। यह काम ऑनलाइन और भौतिक स्टोर दोनों रूपों में किया गया है। दूरसंचार और डिजिटल सेवाएं, समाचार और मनोरंजन चैनलों के साथ कंपनी ने अपने मीडिया साम्राज्य का भी विस्तार कियार है। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश के लिए गीगा कारखानों की नींव रखी गई है। अंबानी ने कहा, इनमें से सभी प्लेटफॉर्म नवाचार-प्रधान है, और भारतीय उपभोक्ताओं व वैश्विक बाजार को बड़े पैमाने पर मूल्य प्रदान करते हुए उद्योगों में बदलाव लाने की स्थिति में हैं। रिलांयस के मुखिया ने कहा कि कंपनी का मुख्य नकदी उत्पाद तेल व रासायन (ओ2सी) कारोबार है। कंपनी के पास एक स्थान पर मौजूद दुनिया का सबसे बड़ा तेल रिफाइनरी परिसर और पेट्रोकेमिकल संयंत्र, और तेल व गैस उत्पादन कारोबार है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती ऊर्जा और सामग्री मांग को पूरा करते हुए इनमें वृद्धि जारी रहेगी।उन्होंने कहा, हम सिर्फ कारोबार का विस्तार नहीं कर रहे हैं- हम ऐसे प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जो लोगों को सशक्त बनाएं, असमानता कम करें, स्थिरता को बढ़ावा दें और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को ऊंचा उठाएं। उन्होंने कहा, चाहे वह भारतीयों के खरीदारी करने, डेटा का उपभोग करने, सामग्री देखने या अपने घरों और व्यवसायों को शक्ति प्रदान करने के तरीके को बदलना हो- रिलायंस उद्देश्य और दृढ़ विश्वास के साथ भविष्य को आकार दे रहा है। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति अंबानी ने कहा कि दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवधान, वैश्विक बदलाव और तकनीकी सफलताओं के कारण इसका स्वरूप बदल रहा है।

# भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला तर्कहीन, जानकारों ने जताई आपत्ति




नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की ओर से टैरिफ को 50 फीसदी तक दोगुना किए जाने पर एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने कड़ा एतराज जताया है। उनका मानना है कि यह बिना किसी तर्क या कारण के एकतरफा निर्णय है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के बीच बातचीत अभी भी चल रही है।

**रूसी तेल आयात पर अमेरिका ने लगाया अतिरिक्त टैरिफ**

ट्रंप ने बुधवार देर रात भारत के खिलाफ एक कार्याकारी आदेश जारी किया। इसके तहत रूस से तेल आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया गया। इससे भारतीय वस्तुओं पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया।

**इससे भारत को उबरना होगा**

विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंधों के सचिव दम्मू रवि ने कहा कि यह एकतरफा फैसला है। मुझे नहीं लगता कि जिस तरह से यह फैसला लिया गया है, उसमें कोई तर्क या कारण है।अधिकारी ने आगे कहा कि यह एक ऐसा चरण है, जिससे हमें उबरना होगा। बातचीत अभी भी जारी है। इसलिए, हमें विश्वास है कि समय के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारियों के सामधान मिल जाएंगे।

**इस फैसले से लगा अस्थायी विराम**

रवि ने कहा कि हम समाधान ढूंढने के बहुत करीब थे और मुझे लगता है कि इस गति में अस्थायी विराम लग गया है, लेकिन यह जारी रहेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों के कारोबारी और नेता व्यापार अवसरों की तलाश में हैं।

नए अवसरों की तलाश करेगा भारत

अधिकारी ने कहा कि उच्च टैरिफ का भारतीय उद्योग पर कोई हानिकारक प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब भी किसी देश को टैरिफ जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, तो वह नए बाजारों की तलाश करता है। जहां वह व्यापार कर सके। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया, लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिण एशिया उन क्षेत्रों में शामिल हैं, जिन्हें भारत लक्षित करेगा।

**दुनिया इसका समाधान ढूंढ लेगी**

रवि के अनुसार यह एक अस्थायी बाधा है या एक अस्थायी समस्या है, जिसका देश को सामना करना पड़ेगा। समय के साथ, हमें विश्वास है कि दुनिया इसका समाधान ढूंढ लेगी। समान विचारधारा वाले देश ऐसे सहयोग और आर्थिक जुड़ाव की तलाश करेंगे, जो सभी पक्षों के लिए लाभाकारी हो।

**व्यापार नीति को लेकर अनिश्चित हालात बने हुए हैं**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 फीसदी अमेरिकी टैरिफ लगाने के फैसले के लागू होने में अभी 21 दिन का समय है। इससे दोनों देशों के बीच बातचीत और किसी संभावित समझौते की उम्मीद बची हुई है। हालांकि व्यापार नीति को लेकर हालात अब भी अनिश्चित बने हुए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्होंने हाल ही में यूरोपीय संघ सहित कई अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते में सफलता हासिल की है।

# टैरिफ चिंताओं के बीच हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 79 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। टैरिफ संबंधी अनिश्चितता के बावजूद भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार के आखिरी घंटे में हुई खरीदारी के चलते तेजी लौटी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर लगे टैरिफ को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 79.27 अंक या 0.10 प्रतिशत उछलकर 80,623.26 अंक पर बंद हुआ।

अधिकांश समय सूचकांक लाल निशान में रहा और 79,811.29 के निचले स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 21.95 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,596.15 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयर हरे निशान पर बंद हुए जबकि 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 3 पैसे की गिरावट के साथ 87.69 (अस्थायी) पर पहुंच गया।

अमेरिका की ओर से भारत पर दो चरणों में 50% टैरिफ लगाने के एलान के बाद गुरुवार के कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय शेयरों पर दबाव दिखा। लगभग पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। हालांकि, आखिरी सत्र में घरेलू शेयर बाजार में खरीदारी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक आखिरकार हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में लाभ रहा।

वहीं अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी पिछड़ गए। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 67.37 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत बढ़कर 67.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,999.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। बुधवार को सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 75.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

सूर्योदय- 06-01
सूर्यास्त- 18-41

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य | कर्क | 04-25 बजे |
| चन्द्र | मकर | 06-37 बजे |
| मंगल | कन्या | 08-43 बजे |
| बुध | कर्क | 10-49 बजे |
| गुरु | मिथुन | 12-59 बजे |
| शुक्र | मिथुन | 15-13 बजे |
| शनि | मीन | 17-19 बजे |
| राहु | कुंभ | 19-09 बजे |
| केतु | सिंह | 20-47 बजे |
| | | 22-23 बजे |
| | | 00-08 बजे |
| | | 02-08 बजे |

दिशाशूल- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्दशी 14-12 तक उपरान्त पूर्णिमा
मास- श्रावण शुक्ल , शुक्रवार 08 August
नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा 14-28 तक उपरान्त श्रवण
योग - आयुष्मान 04-08 तक सौभाग्य
करण- वणिज 14-12 तक उप विष्टी
विशेष:- पूर्णिमा व्रत
व्रत -त्योहार कोकिला व्रत पूर्णता

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 10-46 से 12-22 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चंचल | 06-01 - 07-34 शुभ | रोग | 18-41 - 20-09 शुभ |
| लाभ | 07-34 - 09-10 शुभ | काल | 20-09 - 21-33 शुभ |
| अमृत | 09-10 - 10-46 शुभ | लाभ | 21-33 - 22-57 अशुभ |
| काल | 10-46 - 12-22 अशुभ | उत्पात | 22-57 - 00-22 अशुभ |
| शुभ | 12-22 - 13-57 शुभ | शुभ | 00-22 - 01-46 शुभ |
| रोग | 13-57 - 15-33 अशुभ | अमृत | 01-46 - 03-10 अशुभ |
| उत्पात | 15-33 - 17-09 अशुभ | चंचल | 03-10 - 04-32 शुभ |
| चंचल | 17-09 - 18-41 शुभ | रोग | 04-32 - 06-01 शुभ |

# अडानी की झोली में बिहार का थर्मल पावर प्लांट, 53 हजार करोड रुपये से बनेगा 2400 मेगावाट का बिजली घर



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर लिमिटेड ने गुरुवार को एक बड़ी घोषणा की। कंपनी को बिहार में बिजली सप्लाई करने का एक बड़ा मौका मिला है। बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने अडानी पावर को एक लेटर ऑफ इंटेंट दिया है। इस एलओआई के अनुसार, अडानी पावर बिहार को 2274 मेगावाट बिजली देगी। यह बिजली भागलपुर जिले में बनने वाले एक नए थर्मल पावर प्रोजेक्ट से आएगी।

यह प्रोजेक्ट 2400 मेगावाट का होगा। कंपनी ने बताया कि यह प्लांट पीरपैंती गांव में बनेगा। इस प्लांट को बनाने में लगभग 3 अरब डॉलर (53 हजार करोड़ रुपये) का निवेश होगा। अडानी पावर ने एक बयान में कहा कि बिजली उत्तरी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और दक्षिणी बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। यानी, उत्तरी और दक्षिणी बिहार में इसी प्लांट से बिजली जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें औपचारिक लेटर ऑफ अवार्ड मिल जाएगा। इसके बाद राज्य सरकार के साथ पावर सप्लाई एग्रीमेंट साइन किया जाएगा।

**लगाई सबसे कम बोली**

कंपनी ने बताया कि एलओआई एक बोली प्रक्रिया के बाद जारी किया गया। इस बोली में अडानी पावर सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी। अडानी पावर ने 6.075 रुपये प्रति किलोवाट आवर की दर से बिजली सप्लाई करने की बात कही है। बिजली एक नए 3x800 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल प्लांट से आएगी। यह प्लांट डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन और ऑपरेट मॉडल के तहत बनेगा। डीबीफू मॉडल का मतलब है कि अडानी पावर ही इस प्लांट को डिजाइन करेगी, बनाएगी, इसमें पैसा लगाएगी, इसकी मालिक होगी और इसे चलाएगी भी।

**कंपनी ने कहा- उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा**

अडानी पावर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एस. बी. ख्यालिया ने कहा, 'हमें बिहार में 2,400 मेगावाट का थर्मल पावर प्रोजेक्ट बनाने और चलाने का मौका मिला है, इससे हम बहुत खुश हैं। हम लगभग 3 अरब डॉलर के निवेश से एक नया प्लांट बनाएंगे। इससे बिहार में उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। हमारा प्लांट आधुनिक होगा और कम प्रदूषण करेगा। हम बिहार को भरोसेमंद, सस्ती और अच्छी क्वालिटी की बिजली देंगे।'

**कम प्रदूषण, ज्यादा नौकरी**

ख्यालिया ने कहा कि यह प्लांट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगा। यह तकनीक कोयले को जलाने की एक आधुनिक तकनीक है, जिससे कम प्रदूषण होता है और बिजली ज्यादा बनती है। अडानी पावर के अनुसार, इस प्रोजेक्ट से निर्माण के दौरान लगभग 10,000 से 12,000 नौकरियां मिलेंगी। जब प्लांट चालू हो जाएगा तो लगभग 3000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**कब से होगा शुरू?**

कंपनी ने बताया कि प्रोजेक्ट की पहली यूनिट तय तारीख से 48 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। वहीं, आखिरी यूनिट 60 महीनों के अंदर चालू हो जाएगी। यानी करीब 4 से 5 साल में पूरा प्लांट काम करने लगेगा। इस पावर प्लांट के लिए कोयला भारत सरकार की शक्ति पॉलिसी के तहत मिलेगा।

# 2035 तक थर्मल क्षमता बढ़ाकर 307 गीगावाट करने की तैयारी

## बिजली की जरूरतों को देखते हुए केंद्र की योजना

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। ऊर्जा मंत्रालय ने देश में बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए 2034-35 तक अतिरिक्त 97 गीगावॉट कोयला और लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने की योजना बनाई है। इससे देश की कुल थर्मल स्थापित क्षमता 307 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। यह जानकारी गुरुवार को संसद में दी गई। यह योजना भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के महत्वकांक्षी लक्ष्य और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

**जून 2025 तक बिजली उत्पादन क्षमता 485 गीगावाट रही**

लोकसभा में विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येस्सो नाइक ने बताया कि 31 मार्च, 2023 तक देश में कुल थर्मल स्थापित क्षमता 2,11,855 मेगावाट थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2034-35 तक अनुमानित कोयला और लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 3,07,000 मेगावाट होगी।

जून 2025 तक देश में स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 485 गीगावाट है। मई 2023 में प्रकाशित राष्ट्रीय विद्युत योजना (उत्पादन) के अनुसार, भारत की स्थापित उत्पादन क्षमता 2031-32 तक लगभग 870 गीगावाट तक बढ़ने की संभावना है।

अप्रैल 2023 से जून 2025 तक लगभग 11,680 मेगावाट की तापीय क्षमता पहले ही चालू कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, 13,463.5 मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। 9,802 मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाएं योजना के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें 2031-32 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 74,150 मेगावाट सौर, 30,080 मेगावाट पवन और 53,750 मेगावाट हाइब्रिड बिजली सहित 1,58,450 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता निर्माणाधीन है, जबकि 46,010 मेगावाट सौर और 15,990 मेगावाट हाइब्रिड बिजली सहित 62,000 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता योजना के कई चरणों में है और इसे 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है। साथ ही 6,600 मेगावाट की परमाणु क्षमता निर्माणाधीन है और इसे 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**बिजली की मांग के कारण**

मंत्री ने कहा कि देश में बिजली की मांग में वृद्धि कई कारकों के कारण हुई है। तीव्र आर्थिक विकास, घरेलू विद्युतीकरण का विस्तार, बढ़ता शहरीकरण, जीवन स्तर में सुधार और ऊर्जा-गहन प्रौद्योगिकियों जैसे एयर कंडीशनर और इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग। 20वें इलेक्ट्रिक पावर सर्वे (ईपीएस) की मध्यावधि समीक्षा के अनुसार, वित्त वर्ष 2031-32 तक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग के कारण बिजली की मांग 63,651 एमयू (अनुमानित कुल मांग का लगभग 2.35 प्रतिशत) होने का अनुमान है।

# अमेरिकी टैरिफ से सीफूड कारोबार पर असर

## निर्यातकों को ब्रिटेन और नए बाजारों से उम्मीद



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के बीच भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातकों की नजर ब्रिटेन और अन्य बाजारों पर है। अमेरिका ने बुधवार देर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने का फैसला किया। इससे भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लग गया है।

**समुद्री खाद्य के लिए बड़ा झटका**

भारतीय कम्पाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएलएफएमए) ने कहा कि हाल ही में लगाया गया टैरिफ इस क्षेत्र के लिए एक बड़ा झटका है। इससे तटीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका को खतरा पैदा हो गया है।

**वैकल्पिक बाजारों की तलाश जारी**

सीएलएफएमए के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी ने कहा कि भारतीय निर्यातक नौकरियों की सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इसके लिए वे वैकल्पिक बाजारों की तलाश कर रहे हैं। जैसे कि ब्रिटेन, जहां भारत-ब्रिटेन एफटीए अब मत्सय उत्पादों के लिए शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करता है।

**ब्रिटेन से नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद**

गुलाटी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि ब्रिटेन को समुद्री खाद्य निर्यात तीन गुना बढ़ जाएगा। यह अमेरिका जाने वाले निर्यात में आई कमी की आंशिक भरपाई कर देगा।

**उद्योग निकाय ने सरकार से मांगी मदद**

उद्योग निकाय ने सरकार से आग्रह किया है कि वह पूर्वी एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों तक पहुंच को सुगम बनाकर व्यापक बाजार विविधीकरण को बढ़ावा दे। साथ ही व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए विश्व व्यापार संगठन और जी-20 जैसे मंचों के माध्यम से व्यापार कूटनीति को तीव्र करे।

**ब्याज समकारी योजना को बहाल करने की मांग**

गुलाटी ने एमएसएमई पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए, ब्याज समकारी योजना (आईईएस) को बहाल करने और इसका विस्तार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक लचीलापन बनाने के लिए, उद्योग को घरेलू प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा। एएससी और बीएपी जैसी प्रमाणन प्रणालियों के माध्यम से टिकाऊ जलीय कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देना होगा। साथ ही मैंग्रोव संरक्षण और सख्त एंटीबायोटिक नियंत्रण जैसे उपायों को भी अपनाना होगा।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपका स्वाभाविक आकर्षण और दृढ़ संकल्प आपके पेशेवर जीवन में ध्यान आकर्षित करता है। फोकस और प्रेरणा मजबूत है, और आप अपने आस-पास के माहौल को सुंदर बनाते हैं। फिर भी, एक सतर्क मानसिकता आपके दृष्टिकोण को परिष्कृत करने में मदद करती है। आशावाद को जिम्मेदारी के साथ संतुलित करें, और आज आप अपने रचनात्मक प्रयासों और पेशेवर उपलब्धियों दोनों में प्रगति पाएंगे।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपका काम और पढ़ाई स्पष्ट सोच और व्यावहारिक कदमों के साथ आगे बढ़ती है। आत्मविश्वास दूसरों को आपकी ओर आकर्षित करता है, जबकि आपकी जमीनी मानसिकता स्थिर प्रगति सुनिश्चित करती है। रचनात्मक विचार आसानी से प्रवाहित होते हैं, जिससे आपको दूरदर्शिता और प्रतिभा के साथ कार्यों को पूरा करने में मदद मिलती है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपका कार्यदिवस गर्मजोशी और रचनात्मकता से भरा हुआ महसूस करने वाला है। आपके आस-पास की पोषण ऊर्जा मजबूत संबंधों का समर्थन करती है, जबकि आपका अंतर्ज्ञान निर्णय लेने में मदद करता है। संचार सहजता से प्रवाहित होता है, जिससे बातचीत सुखद और उत्पादक बनती है। भावुक क्षण आ सकते हैं, खासकर टीम की गतिशीलता में।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज नेतृत्व स्वाभाविक रूप से आता है, और भावनात्मक अंतर्दृष्टि के माध्यम से आपके काम में तीव्रता आती है। आपकी ताकत मामूली आत्मविश्वास और एक अनोखी जागरूकता में निहित है जिसे दूसरे गलत समझ सकते हैं। चुनौतियों से निपटने के लिए अपने अनुशासन और दूरदर्शिता पर भरोसा करें। धैर्य, संरचना और सहज अंतर्दृष्टि के प्रति खुलापन आपको अपने करियर में सार्थक प्रगति दिलाता है।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प आपके कार्यदिवस को परिभाषित करते हैं। तार्किक सोच और निरंतर प्रयास परिणाम लाते हैं। आपको धीमी प्रगति का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अनुकूलनशीलता चुनौतियों को कदम में बदल देती है। संयमित और आविष्कारशील बने रहने की अपनी क्षमता पर भरोसा करें।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपका सावधान और रणनीतिक दृष्टिकोण स्थिर प्रगति की ओर ले जाता है। आत्मविश्वास आपके प्रयासों को बढ़ावा देता है, जबकि ध्यान आपको ट्रैक पर रखता है। मानसिक स्पष्टता योजना बनाने में मदद करती है, लेकिन आंतरिक तनाव से अवगत रहें जो आपकी भलाई को प्रभावित कर सकता है। आज उत्पादकता और मन की शांति दोनों को बनाए रखने के लिए महत्वाकांक्षा को आत्म-देखभाल के साथ संतुलित करें।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपकी रचनात्मकता बढ़ रही है, जो प्रभावशाली लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। भावनात्मक उतार-चढ़ाव आपके संतुलन की परीक्षा ले सकते हैं, इसलिए स्थिर रहें। आप उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करने में सक्षम हैं, लेकिन खुद को अलग-थलग करने से बचें। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतर्क रहें और अपने पेशेवर जीवन में आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने के लिए इस गतिशील ऊर्जा का उपयोग करें।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
ये समय अपने सहकर्मियों का उत्साह बढ़ाने का समय है ! आप कुछ कठिन कार्य के लिए प्रयासरत है जिसमे आपके जूनियर या आपसे निचले क्रम के सहकर्मी आपका समर्थन करेंगे और आपके सच्चे समर्थक होंगे । इसलिए उन्हें खुश रखे ! जो लोग अपने कार्यालय में अग्रणी स्थिति या उच्च पद पर है।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
सिंह राशि में सूर्य के प्रभाव में आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ती है, जो आपको करियर और पढ़ाई दोनों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सशक्त बनाती है। सिंह राशि में चंद्रमा आपकी आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ाता है, जिससे समूह में आपकी उपस्थिति महसूस होती है। बृहस्पति का व्यापक प्रभाव आशाजनक अवसर लाता है।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप अपने करियर में दृढ़ संकल्प की भावना महसूस कर सकते हैं, हालांकि हिचकिचाहट के क्षण आपकी गति को धीमा कर सकते हैं। विनम्र और केंद्रित रहें - निरंतर प्रयास से चुनौतियों पर काबू पाया जा सकता है। आपकी पढ़ाई में, कभी-कभी प्रगति असमान लग सकती है, लेकिन दृढ़ता से सार्थक समझ और मूल्यवान सफलताएँ मिलेंगी।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपकी उपलब्धियों के लिए मान्यता बढ़ने से आपका करियर और पढ़ाई आगे बढ़ सकती है, आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता के नए अवसर खुलेंगे। अच्छे स्वास्थ्य में वृद्धि की उम्मीद करें, जिससे आप चुनौतियों का डटकर सामना कर सकेंगे। यह दिन आपकी भावनात्मक बुद्धिमत्ता को उजागर करता है, जिससे सहकर्मियों को समझने में मदद मिलती है।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज का दिन अपने व्यावसायिक और वित्तीय गतिविधियों में बदलाव लाने का दिन है , इसलिए अगर कुछ इस तरह की आपकी योजना है तो अपने आप को तनावमुक्त रखे । आप अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से शीर्ष प्रबंधकों के समक्ष रख पाने में समर्थ होंगे । यह अपने नियोक्ता से अपनी आय को बढ़ाने का उपयुक्त मौका है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# सोना 1,00,904 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

## इस साल अब तक 24,742 महंगा हुआ, 1.04 लाख तक जा सकता है



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सोने के दाम आज यानी 7 अगस्त को अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 452 रुपए बढ़कर 1,00,904 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोने का भाव 1,00,452 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 1,020 रुपए बढ़कर 1,14,505 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,485 रुपए पर थी। वहीं, 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,700 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,150

**मुंबई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000

**कोलकाता** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000

**चेन्नई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,550 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,000

**भोपाल** : 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,600 और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,050

**हैदराबाद** : 24 कैरेट सोने की कीमत 104,677 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट सोने की कीमत96,435

# टाटा के इस पूर्व कर्मचारी ने किया दिल छू लेने वाला काम

## पूरी बात जानकर आप भी तारीफ करेंगे

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप की एक कंपनी के पूर्व कर्मचारी की दिल छू लेने वाली कहानी सामने आई है। गुजरात के अहमदाबाद की अदालत ने एक युवती को एक फ्लैट का वारिस बनने का हक दिया है। यह फ्लैट उसे एक 89 साल के बुजुर्ग ने दिया था। बुजुर्ग ने उस युवती की देखभाल अपनी बेटी की तरह की थी। इन बुजुर्ग का नाम गुस्ताद बोरजोरजी इंजीनियर था। गुस्ताद बोरजोरजी टाटा इंडस्ट्रीज में काम करते थे। इनका फरवरी 2014 में निधन हो गया था। गुस्ताद बोरजोरजी ने मृत्यु से एक महीने पहले एक वसीयत लिखी थी। इस वसीयत में उन्होंने अहमदाबाद के शाहिबाग में स्थित अपना 159 वर्ग गज का फ्लैट 13 साल की अमीषा मकवाना के नाम कर दिया था। अमीषा, उनकी लंबे समय तक देखभाल करने वाली महिला की पोती थी। गुस्ताद बोरजोरजी के अपने बच्चे नहीं थे। उनकी पत्नी का निधन साल 2001 में हो गया था। उनका कोई कानूनी वारिस भी नहीं था। समय के साथ, उनका अमीषा के साथ एक खास रिश्ता बन गया था। अमीषा अक्सर अपनी दादी के साथ उनके घर आती थी। अमीषा की दादी इंजीनियर परिवार के लिए खाना बनाने का काम करती थी। वसीयत 12 जनवरी 2014 को लिखी गई थी। इस पर दो गवाहों के हस्ताक्षर थे और इसे नोटरी भी करवाया गया था।

# झारखंड में 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी रेड

## रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी, 8 ठिकानों पर एक साथ एक्शन

रांची, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले की जांच कर रही ईडी ने गुरुवार सुबह से रांची, सरायकेला और कोलकाता समेत आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने झारखंड के कुल आठ स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की है।

इस दौरान रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्ण अपार्टमेंट के चौथे तल पर भी रेड डाली गई। ईडी को इस दौरान हवाला और फर्जी कंपनियों के माध्यम से किए गए लेनदेन के कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं।

वहीं जमशेदपुर में स्क्रैप कारोबारी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर टीम पहुंची। इससे पूर्व भी ज्ञानचंद जायसवाल को ईडी ने इस मामले में जेल भेजा था। यह दूसरे दौर की कार्रवाई है। जमशेदपुर में सर्किट हाउस एरिया, बिष्टुपुर, जुगसलाई आदित्यपुर समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी चल रही है।

रांची, जमशेदपुर के साथ-साथ ईडी ने झरिया और धनबाद में भी




दबिश दी है। रांची से आई ईडी की विशेष टीम ने झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और धनबाद के 'आपनो घर' सोसाइटी स्थित आवास पर एक साथ दबिश दी। ईडी की यह कार्रवाई व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के खिलाफ चल रही आर्थिक अनियमितताओं और लगभग 200 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी के गंभीर आरोपों की जांच के तहत की गई है। छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेज, बैंक ट्रांजैक्शन से जुड़े रिकॉर्ड, संपत्ति से संबंधित कागजात और कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए। इस जीएसटी घोटाले के तहत ईडी अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

इनमें कोलकाता के कारोबारी शिवकुमार देवड़ा, अमित गुप्ता, मोहित देवड़ा और जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया शामिल हैं। इन सभी आरोपितों को रिमांड पर लेकर ईडी ने पहले ही गहन पूछताछ की थी। जांच के दौरान आरोपितों की कागजी कंपनियों से जुड़े 10 बैंक खातों से 60 लाख रुपए जब्त किए गए थे। फिलहाल चारों आरोपी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम ने पहले किए पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, रांची, जमशेदपुर, कोलकाता और मुंबई में हवाला और फर्जी जीएसटी बिलिंग से जुड़े नेटवर्क की परतें खुलने लगी हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि बड़े पैमाने पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का गलत लाभ उठाया गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी की नजर अब उन स्थानीय कारोबारियों पर भी है, जिनका नाम इस घोटाले में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार की 3 महिलाओं की मौत

## परिजनों को 4-4 लाख रुपये की मुआवजा राशि

मेदिनीनगर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू जिले में बुधवार को खेत में धान की रोपाई करते समय आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।यह घटना पांकी थाना क्षेत्र के जोलहाबिगहा गांव में घटी।

लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मनोज कुमार झा ने बताया कि महिलाएं अपने घर के पास खेत में धान की रोपाई कर रही थीं, तभी उन पर आकाशीय बिजली गिर गई। उन्होंने कहा कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। मनोज कुमार झा के मुताबिक मृतकों की पहचान ओकिदा खातून (40), रेशमी बीबी (35) और रजवी बीबी (40) के रूप में की गई है।

# मरी हुई मक्खियों वाले पानी में बन रहा नकली पनीर

## नाले के ऊपर फैक्ट्री, 200 रुपए किलो में बिक रहा, हार्ट-लीवर करेगा डैमेज

रायपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर में एक नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। नकली पनीर दूध पाउडर, पाम ऑयल और फैट से तैयार किया जा रहा है। शंकर नगर इलाके में नाले के ऊपर फैक्ट्री चल रही है। जहां गंदगी के बीच मरी हुई मक्खियों वाले पानी में इसे बनाया जा रहा है।

दरअसल, मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने फैक्ट्री में छापेमारी की थी, यहां चल रही फूड प्रोडक्शन यूनिट से बड़ी मात्रा में मिल्क पाउडर, एनालॉग चीज, थर्माकोल के सड़े हुए डिब्बे और भारी मात्रा में नकली पैकिंग मटेरियल जब्त हुए हैं।

नकली पनीर की सप्लाई रायपुर और ओडिशा में हो रही है। पड़ताल में पता चला कि आपके खाने की थाली में जो पनीर परोसा जा रहा है, वह असली दूध से नहीं बल्कि मिल्क पाउडर, पाम ऑयल और फैट से तैयार किया गया 'एनालॉग चीज' है।

छापे के दौरान हमने देखा कि नकली पनीर की फैक्ट्री एक नाले के ऊपर संचालित हो रही थी,



यहां साफ-सफाई का कोई इंतजाम नहीं था। खुले में बिना किसी हाइजीन के मिल्क पाउडर, पाम ऑयल से बना एनालॉग पनीर रखा था। वहीं उसके आस-पास ही गंदगी फैली हुई थी।

ये नकली पनीर थर्माकोल के छोटे-छोटे कंटेनर में भरा जा रहा था। कंटेनर सेकेंड हेंड खरीदे गए थे। आशंका है कि ये कंटेनर पहले मछलियों को स्टोर करने उपयोग किए जाते थे। इसके बाद पनीर को डिब्बों और पॉलिथीन में पैक कर शहर और ओडिशा के बाजार में भेजा जाता था।

शंकर नगर के एक मकान में नकली पनीर की यूनिट के संचालक ने रामानंद बाघ ने बताया कि मैंने एनालॉग प्रोडक्ट बनाने का लाइसेंस ले रखा है। हम अच्छे क्वॉलिटी का दूध पाउडर और ऑयल इस्तेमाल करते हैं। एक एनालॉग बनने के लिए करीब 180 रुपए का खर्च आता है। इसे तैयार कर 200 से 250 प्रति किलो में बेचते हैं।

रामानंद ने कहा कि यह पनीर दूध से बना हुआ नहीं है, लेकिन जो लोग उनसे इस एनालॉग पनीर की खरीदारी करते हैं, वे असली पनीर के नाम पर रायपुर के कई रेस्टोरेंट्स, ढाबों और होटल्स में सप्लाई कर रहे हैं। इसमें मेरी क्या गलती है।

# ओडिसा बॉर्डर से रायगढ़ में घुसा बच्चा-चोर

## बोरी में भरकर ले जा रहा था, साढ़े 3 लाख में बेचने की डील, ग्रामीणों ने पीटा

रायगढ़, 7 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिसा बॉर्डर से एक बच्चा चोर रायगढ़ जिले में घुस आया है। टुर्कूमुड़ा के टिकरापारा में बुधवार (6 अगस्त) की रात 2 बजे बच्चा चोर एक घर में घुसकर 10 महीने के बच्चे को उठाकर बोरे में भरने लगा तभी परिजन उठ गए और उसे पकड़कर खूब मारा।

मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है। परिजन रातभर चोर को बांधकर रखे। सुबह होते ही पुलिस के हवाले किया। पूछताछ में युवक ने खुद बताया कि वह बच्चे को चोरी कर ओडिसा में किसी कृष्णा नाम के शख्स को बेचता। बदले में उससे साढ़े 3 लाख लेता।

6 अगस्त की रात 2 बजे टुर्कूमुड़ा के वार्ड नंबर 41 टिकरापारा में रहने वाला राज सारथी का परिवार खाना खाने के



बाद सोने चले गया।उनके साथ उनका करीब 10 माह का बच्चा भी सोया हुआ था।

तभी देर रात तकरीबन 2 बजे एक युवक उनके घर में चोरी छिपे अंदर घुसा और दादी के साथ सो रहे 10 माह के बच्चे को उठाकर बोरे में भरने लगा। इस दौरान बच्चे की आवाज सुनकर परिजन जाग गए।

देखा कि कोई युवक बोरी लेकर बच्चे को भर रहा था। तभी तुरंत उसे पकड़कर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद रात में ही परिजनों ने जमकर पिटाई शुरू कर दी। तब तक मामले की जानकारी आसपास के लोगों को लग चुकी थी।

ऐसे में वहां काफी भीड़ इक्ट्ठा हो गया। उससे परिजनों ने जब पूछताछ कि तो उसने अपना नाम ओडिसा का रहने वाला सुरेश मुंडा (42 साल) बताया। सुबह होते ही आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बच्चे की दादी पिंकी सारथी ने बताया कि बच्चा चोर को जमकर पीटने के बाद पूछने पर उसने बताया कि वह बच्चे को चोरी कर ओडिसा में किसी कृष्णा नाम के शख्स को बेचता। उसके बाद उससे साढ़े 3 लाख लोता। उसकी दादी ने यह भी बताया कि उसके साथ और भी लोग थे, लेकिन वे भाग गए थे। हालांकि पुलिस कह रही है कि युवक अकेला ही था।

# हाईकोर्ट ने रिम्स में रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का दिया आदेश

रांची, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रिम्स में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों पर चार हफ्ते में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने रिम्स में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और रिम्स निदेशक से कई सवालों के जवाब मांगे। कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और रिम्स के निदेशक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से सवाल किया कि जब सरकार रिम्स को समय-समय पर फंड जारी करती है, तो उसका समुचित उपयोग क्यों नहीं हो रहा है?

# हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल पहुंचाने वाले ईडी ऑफिसर कपिल राज ने

## अब रिलायंस में ज्वाइन की नौकरी

रांची, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट करने वाले ईडी ऑफिसर कपिल राज ने रिलायंस में नौकरी ज्वाइन कर लिया है। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 2009 बैच के अधिकारी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व संयुक्त निदेशक कपिल राज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) जॉइन कर लिया है।

45 वर्षीय राज ने 16 साल की सरकारी सेवा के बाद 17 जुलाई 2025 को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। यह बात वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश में बताया गया है।

कपिल राज को ईडी में अपने आठ साल के कार्यकाल के दौरान हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच का नेतृत्व करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली थी। उन्होंने



धन शोधन निवारण कानून के तहत दो मौजूदा मुख्यमंत्रियों - दिल्ली के अरविंद केजरीवाल (दिल्ली आबकारी नीति मामला) और झारखंड के हेमंत सोरेन (जमीन घोटाला मामला) - की गिरफ्तारी की निगरानी की थी।

इससे पहले मुंबई में उप निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी और मेहुल चोकसी से जुड़े बड़े वित्तीय घोटालों के साथ-साथ डीएचएफएल और इकबाल मिर्ची से संबंधित मामलों की भी जांच की थी।

**यूपी के सहारनपुर से हैं कपिल राज**

लखनऊ से बी.टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) स्नातक, कपिल राज उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के एक मिडिल क्लास फैमिली से हैं। वह हाई-प्रोफाइल पूछताछ के लिए प्रश्नावली तैयार करने में सक्रिय रूप से शामिल रहते रहे। अपनी टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए वह रेड के दौरान खुद मौजूद रहा करते। ईडी की एलीट हेडक्वार्टर इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एचआईयू) और रांची ज़ोन में उनकी पोस्टिंग रही।

कपिल राज का रिलायंस में जाना, चर्चित नौकरशाहों का एक समय के बाद प्राइवेट नौकरियों में दिलचस्पी को दर्शाता है। इससे पहले सीबीडीटी के पूर्व अध्यक्ष के.वी. चौधरी, जो आईआरएस कैडर से ही रहे, वह भी रिलायंस के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में सेवारत हैं। हाल ही में, दिनेश कनबर, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट, को भी आरआईएल में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

बता दें कि मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल्स, खुदरा और दूरसंचार जैसे कई क्षेत्रों में काम करती है और नवाचार-आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए जानी जाती है।

# रात से लापता व्यक्ति का शव सुबह कुएं से मिला

## चेहरे पर चोट के निशान, हत्या की आशंका, परिजन रातभर करते रहे तलाश

गिरिडीह, 7 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के हिरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया नवाहार गांव में गुरुवार सुबह एक कुएं से 45 वर्षीय रामजी राय का शव मिला है। रामजी राय बुधवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद अचानक लापता हो गया था।

परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

गुरुवार सुबह ग्रामीणों के साथ मिलकर आसपास खोजबीन की गई। घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पुराने कुएं में उसका शव दिखाई दिया।

सूचना मिलते ही हिरोडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक की भाभी पिंकी देवी ने बताया कि बुधवार रात दस बजे उन्हें मृतक के घर से अचानक लापता होने की जानकारी मिली। इसके बाद वे पूरे गांव में उसकी खोज करने लगे।

रातभर जब मृतक नहीं मिला और न ही घर लौटकर आया, तो सुबह सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर कुएं में खोजबीन की गई। इसके बाद उन्हें कुएं में शव डूबा हुआ मिला।

# 5 लाख की अफीम के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

## चतरा पुलिस ने पाखा नाला के पास की कार्रवाई, आरोपियों से पूछताछ जारी



चतरा, 7 अगस्त (एजेंसियां)। चतरा पुलिस ने अफीम के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग 5 लाख रुपए की अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसपी सुमित अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के पाखा नाला के पास घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 1 किलो अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार तस्करों की पहचान महेंद्र कुमार यादव, दिनेश कुमार यादव और सतेंद्र यादव के रूप में हुई है। महेंद्र कुमार यादव कुरसैल, वशिष्ठनगर जोरी का निवासी है। जबकि दिनेश और सतेंद्र दोनों राजगुरूआ टोला ढेकीटूका, सदर थाना, चतरा के रहने वाले हैं।

पुलिस ने तस्करों के पास से अफीम के अलावा तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन और एक बाइक भी जब्त किया है। एसपी ने बताया कि यह गिरफ्तारी अफीम के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस अब इन तस्करों से पूछताछ कर रही है। इससे इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इसके पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सकेगा। चतरा जिले में अफीम की खेती और तस्करी एक गंभीर समस्या रही है। पुलिस की इस तरह की लगातार कार्रवाई से इस अवैध धंधे पर लगाम लगने की उम्मीद है। इधर, चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में राहगीरों से लूटपाट करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# अगले 5 दिनों तक बारिश की संभावना

## मानसून फिर हुआ एक्टिव, कई जिलों में वज्रपात का अलर्ट, तेज हवा के साथ बारिश

रांची, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में सुस्त पड़ा मानसून सक्रिय हो गया है। राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 10 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं कुछ जिलों में वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है।

आज और कल राज्य के उत्तर-पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी और कुछ मध्य भागों में 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में देवघर, गोड्डा, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद शामिल हैं। मौसम विभाग ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सावधानी बरतने को कहा है।

राज्य भर में वज्रपात और



बारिश का सिलसिला 10 अगस्त तक जारी रहने की संभावना है। 09 अगस्त को भी तेज हवा के साथ वज्रपात हो सकता है। हालांकि 11 और 12 अगस्त को मौसम साफ रहने की उम्मीद है और किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान 31.8°सी और न्यूनतम 23.4°सी दर्ज किया गया। बारिश की कुल मात्रा 010.4 मिमी रही।

झारखंड में 10 अगस्त तक सामान्य बादल छाए रहेंगे। एक-दो बार हल्की से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। 11 और 12 अगस्त को भी एक-दो स्थानों पर वर्षा के आसार हैं।

# पारिवारिक कलह का खौफनाक अंत

## झारखंड में शख्स ने एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की, खुद किया सरेंडर

साहेबगंज, 7 अगस्त (एजेंसियां)। साहेबगंज जिले के तालझारी थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना हुई। दूधकोल गांव में जमीनी विवाद के चलते एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई।

बजल हेम्ब्रम नामक व्यक्ति ने धारदार हथियार से नथनील हांसदा, बड़की मुर्मू और नोहा मुर्मू को मार डाला। हत्या करने के बाद उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस के अनुसार, बजल हेम्ब्रम और मृतकों के बीच जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा था। इसी झगड़े में उसने तीनों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बजल खुद तालझारी थाने गया और सरेंडर कर दिया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडेय, घटना की खबर मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन्हें जमीनी विवाद में हत्या की जानकारी मिली थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि अभी अनुसंधान जारी है। उन्होंने घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

इस ट्रिपल मर्डर से दूधकोल गांव में मातम छाया हुआ है। लोगों में डर का माहौल है। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं और हत्या के पीछे के असली कारणों की गहराई से पड़ताल की जा रही है। इस हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

स्थानीय लोग गहरे सदमे में हैं और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही पूरा सच सामने आ सकेगा।

# तेज रफ्तार हाइवा ने किसान को कुचला

## हल-बैल के साथ घर लौट रहे थे जमेदार भगत, ग्रामीणों ने 5 घंटे सड़क जाम किया

लातेहार, 7 अगस्त (एजेंसियां)। लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बालूमाथ-हेरहंज स्टेट हाईवे-10 पर लावागड़ा गांव के समीप शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। मृतक की पहचान हेरहंज प्रखंड के दूधमाटिया टोला निवासी जमेदार भगत के रूप में की गई है। वे अपने खेत से धान की रोपनी कर हल-बैल के साथ घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना जबरदस्त था कि किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हल में जुते बैल भी बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घटनास्थल पर सड़क जाम कर दिया। देखते ही देखते बालूमाथ-हेरहंज मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

सूचना पाकर हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की और सरकार की ओर से यथोचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

करीब पांच घंटे तक चले इस सड़क जाम के कारण आमजन को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस और प्रशासन के आश्वासन के बाद रात 12 बजे जाम हटाया गया।

इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# 65 साल की महिला ने छेड़छाड़ करने पर एक शख्स को कुल्हाड़ी से काट डाला

मेदिनीनगर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू जिले में कथित तौर पर छेड़छाड़ करने पर 65-वर्षीय एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के आरोप में बुधवार को एक महिला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार को छतरपुर थाना क्षेत्र के लोटो गांव में हुई।

पुलिस के अनुसार मृतक के परिवार की ओर से बुधवार को दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर महिला को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान, महिला ने बताया कि मंगलवार को जब वह पास के जंगल में जलाने वाली लकड़ी इकट्ठा करने गई थी, तब एक व्यक्ति ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जिसके बाद गुस्से में उसने यह कदम उठाया। उसने दावा किया कि व्यक्ति ने पहले भी छेड़छाड़ की थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी जब्त कर ली गई है और जांच जारी है।

उधर, धनबाद जिले में नयी दिल्ली जाने वाली एक ट्रेन से करीब 42 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और इस सिलसिले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक धनबाद रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम ट्रेन के एक कोच में तीन ट्रॉली बैग से करीब छह लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित सामान (गांजा) बरामद किया गया।

# अमेरिका में 100 साल में सबसे ज्यादा टैरिफ

## हर अमेरिकी को सालाना 2 लाख का नुकसान, दुनिया पर मंदी का खतरा बढ़ा

वॉशिंगटन, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार विदेशी सामानों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इसका सीधा असर अमेरिका के शेयर बाजार पर पड़ा।

डाउ जोंस, एस एण्ड पी और नैस्डैक जैसे मार्केट इंडेक्स में 2 दिन में 10% से ज्यादा की गिरावट आई। बाजार की हालत बिगड़ती देख ट्रम्प सरकार ने टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया। अब ट्रम्प ने एक बार फिर से 9 अगस्त से दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिकी एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे अमेरिकी मार्केट को फिर नुकसान हो सकता है और दुनियाभर में मंदी आने का खतरा है।

**हर अमेरिकी को साल में 2 लाख ज्यादा खर्च करना होगा**

अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के बजट लैब के अनुमान के मुताबिक अमेरिका में औसत टैरिफ रेट 18.3% हो चुका है। इससे पहले 1909 में अमेरिका में औसत टैरिफ रेट 21% था। यानी मौजूदा टैरिफ 100 साल में सबसे ज्यादा है। बढ़े हुए टैरिफ की वजह से अमेरिकी परिवारों को इस साल औसतन 2400 डॉलर (2 लाख




रुपए) का एक्स्ट्रा खर्च उठाना पड़ेगा। पहले वे जो विदेशी सामान 100 डॉलर में खरीद रहे थे, अब उसके लिए उन्हें 118.3 डॉलर चुकाने होंगे।

कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्री वेंडोंग झांग का कहना है कि आने वाले समय में अमेरिका में उन चीजों की कीमतें और बढ़ेंगी, जिनमें स्टील और एल्युमीनियम का इस्तेमाल होता है, जैसे रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन।

बजट लैब के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका की जीडीपी 0.5% गिर सकती है। इसका मतलब है कि अमेरिका की 28 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी को एक साल में 140 बिलियन डॉलर का नुकसान होगा। भारतीय रुपए में यह 11.6 लाख करोड़ है।

टैक्स फाउंडेशन का कहना है कि टैरिफ का असर खाने-पीने की चीजों पर भी पड़ेगा। अमेरिका में केला और कॉफी पर्याप्त मात्रा में नहीं उगाई जाती है, इसलिए इनकी कीमत बढ़ेगी। मछली, बीयर और शराब पर भी महंगाई का असर पड़ेगा।

चीजें ज्यादा महंगी होंगी तो लोग कम खरीदेंगे। हालांकि, ट्रम्प का दावा है कि टैरिफ से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे महंगाई बढ़ेगी और नौकरियां घटेंगी। हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में सिर्फ 73,000 नई नौकरियां जुड़ीं। सरकार के अनुमान के मुताबिक 1.09 लाख नई नौकरियां बढ़ने की उम्मीद थीं। मई और जून में भी नौकरियों में गिरावट आई। इससे एक तिमाही में औसतन 35,000 प्रति महीने नौकरियां जुड़ीं। यह 2010 के बाद सबसे कम आंकड़ा है।

इस आंकड़े से नाराज होकर ट्रम्प ने 1 अगस्त को ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स की कमिश्नर एरिका मैकएंटरफर को नौकरी से निकाल दिया। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में 'राजनीतिक मकसद' से हेराफेरी की गई थी।

जब अमेरिका जैसा बड़ा देश टैरिफ लगाता है, तो दूसरे देश भी जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं। इससे देशों के बीच ट्रेड वॉर शुरू हो जाती है। अभी कई देश अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ से बच रहे हैं, लेकिन वे अमेरिका पर दबाव डालने के लिए जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं।

उदाहरण के लिए 2018-19 के टैरिफ वॉर में जब ट्रम्प ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाए थे, तो चीन ने भी सोयाबीन, ऑटोमोबाइल्स और कई अमेरिकी सामानों पर टैक्स लगाया था।

# राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिर में भारत आएंगे

एनएसए अजित डोभाल ने पुष्टि की यूक्रेन वॉर के बाद पहला भारत दौरा



मॉस्को/नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने दी है।

डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा – अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बातचीत करते हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मॉस्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है।

# भारत पर टैरिफ बढ़ाकर ट्रम्प बोले- अभी बहुत कुछ बाकी

## सेकेंडरी सैंक्शन्स भी लगने वाले हैं, भारत पर अब तक 50% टैरिफ का ऐलान

वॉशिंगटन, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने बुधवार रात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, अभी सिर्फ 8 घंटे ही हुए हैं। अभी तो बहुत कुछ होना बाकी है। बहुत सारे सेकेंडरी सैंक्शंस आने वाले हैं।

भारत पर अब कुल अमेरिकी टैरिफ 50% हो गया है। ट्रम्प ने बुधवार को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर 25% टैरिफ बढ़ा दिया। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा।

आज से भारत पर 25% टैरिफ लागू हो गया है। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है।

**क्या हैं सेकेंडरी सैंक्शंस?**

ये वो प्रतिबंध होते हैं जो किसी देश पर सीधे नहीं, बल्कि किसी तीसरे देश से उसके व्यापारिक रिश्तों के चलते लगाए जाते हैं। यानी अमेरिका सीधे भारत को टारगेट न करके, उन कंपनियों और बैंकों पर सख्ती कर सकता है जो रूस से तेल खरीद में शामिल हैं।

भारत ने रूस-यूक्रेन जंग के बावजूद रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। अमेरिका लंबे समय से भारत पर इस फैसले को लेकर दबाव बना रहा है। हालांकि भारत हमेशा कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा जरूरतें उसके राष्ट्रीय हित से जुड़ी हैं।

**कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा**

अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी, वे छूट अब भी जारी रहेंगी।

इन सामानों में सेमी-कंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं।

इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्स्ट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं।

**कल मेडिसिन पर 250% टैरिफ की धमकी दी थी**

ट्रम्प ने कल ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150% और फिर 250% कर देंगे।

ट्रम्प ने कहा था- हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है।

अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं में से करीब 40% भारत से आती हैं।

# इजरायली पीएम और सेना प्रमुख में ठनी

## नेतन्याहू का वो आदेश जिसे मानने को तैयार नहीं हैं आर्मी चीफ



तेल अवीव, 7 अगस्त (एजेंसियां)। गाजा में जारी इजरायली सैन्य अभियान के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सेना प्रमुख में ठन गई है। दोनों के बीच टकराव गाजा को लेकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू की नई योजना को लेकर है, जिसका सेना प्रमुख विरोध कर रहे हैं। नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे की योजना पेश की है। रॉयटर्स ने मामले से परिचित तीन इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि देश का सैन्य नेतृत्व गाजा के उन इलाकों पर कब्जा करने के विचार से सहमत नहीं है, जहां इजरायल का पहले से नियंत्रण नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को इजरायली प्रधानमंत्री और देश के सैन्य नेतृत्व के साथ तीन घंटे तक चली बैठक के दौरान यह असहमति और मुखर हो गई। बातचीत के दौरान सेना प्रमुख इयाल जमीर ने नेतन्याहू को चेतावनी दी कि गाजा के बाकी हिस्सों पर कब्जा करने के अभियान से देश की सेना उस क्षेत्र में फंस सकती है।

जमीर ने यह भी कहा कि जहां से सेना पीछे हट गई है, उन इलाकों को वापस लेने से गाजा में मौजूद इजरायली बंधकों को नुकसान पहुंच सकता है। सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया कि नेतन्याहू उन इलाकों में आगे बढ़ने पर जोर दे रहे हैं, जहां से इजरायली सेना दो दशक पहले हट गई थी।

**गाजा के 75 फीसदी हिस्से पर कंट्रोल**

बैठक के दौरान सेना ने बताया कि लगभग दो साल के युद्ध के बाद गाजा के 75 फीसदी हिस्से पर उसका नियंत्रण है। यह असहमति ऐसे समय में सामने आया है, जब नेतन्याहू पर हमास के साथ युद्धविराम करने और सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दबाव है। इस बीच गाजा में भुखमरी की स्थिति ने चिंता बढ़ा दी है।

एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बैठक में नेतन्याहू ने जमीर ने कहा कि अब तक इजरायली सेना क्षेत्र में बंधकों की रिहाई करने में विफल रही है। अब तक ज्यादातर लोग राजनयिक बातचीत के चलते रिहा हुई है, न कि इजरायली सेना ने गाजा में उन्हें रिहा कराया।

# अमेरिका के जॉर्जिया में मिलिट्री बेस पर अटैक

## हमलावर ने 5 सैनिकों को मारी गोली, लॉकडाउन का ऐलान

वॉशिंगटन, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के जॉर्जिया में मिलिट्री बेस पर गोलीबारी हुई है। हथियारबंद हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए 5 सैनिकों को गोली मारी है। अटलांटा से 386 किलोमीटर दूर स्थित फोर्ट स्टुअर्ट मिलिट्री बेस पर शूटिंग हुई है। घटना के बाद हमलावर को सुरक्षाबलों ने हिरासत में लिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने सैन्य अड्डे और आसपास की चौकियों को सीज करते हुए क्षेत्र में लॉकडाउन लगा दिया है। यह घटना बुधवार करीब 11 बजे (भारत में रात के 9 बजे) हुई है।

जॉर्जिया राज्य के फोर्ट स्टीवर्ट बेस पर गोलीबारी में पांच सैनिक घायल बताए जा रहे हैं। यह साफ नहीं है कि इस घटना में किसी की जान गई है या नहीं। सवाना के दक्षिण-पश्चिम में स्थित फोर्ट स्टीवर्ट मिसीसिपी नदी के पूर्व में सबसे बड़ी सैन्य चौकी है। ऐसे में इस बेस पर हमला अमेरिकी सेना के लिए बड़ा झटका है। अभी तक हमलावर की पहचान नहीं बताई गई है। गोलीबारी का मकसद भी अज्ञात है।

**गवर्नर और ट्रंप ने जताया दुख**

फोर्ट स्टीवर्ट के फेसबुक अकाउंट पर की गई पोस्ट में बताया गया है कि घायल सैनिकों को इलाज के लिए उन्हें विन्न आर्मी कम्युनिटी अस्पताल में एडमिट किया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि पांचों सैनिक कितनी गंभीर रूप से घायल हैं। जॉर्जिया गवर्नर ब्रायन केम्प ने एक्स पर लिखा कि वह बेस पर हमले से दुखी हैं। उन्होंने पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की है।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गोलीबारी की जानकारी दे दी गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने घटना पर दुख जताया है और वगह शूटिंग के बाद बनी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। लेविट ने कहा है कि वाइट हाउस प्रांतीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है।

अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुसार, करीब 280,000 एकड़ में फैला फोर्ट स्टीवर्ट मिसिसिपी नदी के पूर्व में स्थित सबसे बड़ा अमेरिकी सेना का अड्डा है। यह सवाना से 64 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तटीय शहर हाइन्सविले में स्थित है।

राज्य की राजधानी अटलांटा इस बेस से 368 किलोमीटर उत्तर में है। इस बेस में 10,000 से ज्यादा लोग रहते हैं।

# तकनीकी गड़बड़ी के चलते यूनाइटेड एयरलाइन्स ने अचानक रोकीं उड़ानें

## हजारों यात्री फंसे




लॉस एंजिलिस, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका की प्रमुख एयरलाइन यूनाइटेड एयरलाइन्स की कई उड़ानों को बुधवार को अचानक रोक दिया गया, जिससे हजारों यात्रियों को देरी और असुविधा का सामना करना पड़ा। कंपनी ने बताया कि यह कदम एक तकनीकी गड़बड़ी के कारण उठाया गया है। इस मामले में यूनाइटेड एयरलाइन्स ने बयान जारी कर बताया कि तकनीकी समस्या की वजह से हमने अपनी मुख्य उड़ानों को उनके डिपार्चर एयरपोर्ट पर रोक दिया है। हमें उम्मीद है कि शाम को और भी उड़ानों में देरी हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**एफएए ने भी जारी किए आदेश**

अमेरिका की उड़ानों को नियंत्रित करने वाली संस्था संघीय विमानन प्राधिकरण (एफएए) ने भी यूनाइटेड की उड़ानों पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। यह रोक डेनवर, न्यूआर्क, ह्यूस्टन और शिकागो जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर लागू की गई है।

बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है जब अमेरिका की एविएशन सेवाओं में दिक्कत आई हो। पिछले महीने अलास्का एयरलाइंस की तकनीकी गड़बड़ी के कारण उसकी फ्लाइट्स घंटों रुकी रहीं।

# युवती से रेप कर प्राइवेट पार्ट में मारी बोतल, मौत

दंतेवाड़ा, 7 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में 45 साल की युवती से रेप कर युवक ने उसके प्राइवेट पार्ट में शराब की बोतल मार दी। जिससे युवती रातभर घटना स्थल पर ही बारिश के बीच घायल अवस्था में पड़ी रही। जिससे उसकी मौत हो गई। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कुआकोंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 25 जुलाई को पालनार गांव में बाजार था। तब युवती (अविवाहित) पालनार में बाजार गई हुई थी। शाम तक वह घर नहीं लौटी। युवती पालनार के ही आस-पास के ही किसी गांव की रहने वाली थी। बाजार में उसने शराब पी ली। जिसके बाद वो घर जाने की स्थिति में नहीं थी।

# रूस और यूक्रेन में बंद होगा युद्ध?

## ट्रंप और पुतिन में जल्द होगी मुलाकात, रूसी राष्ट्रपति कार्यालय का बड़ा बयान

कीव/मॉस्को, 7 अगस्त (एजेंसियां)। क्रेमलिन के एक सहयोगी ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप आने वाले दिनों में मिलने पर सहमत हुए हैं। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय का बयान डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के मॉस्को में व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के एक दिन बाद आया है। विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक व्हाइट हाउस द्वारा रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने के लिए दी गई समय सीमा से कुछ दिन पहले हुई है। विटकॉफ इससे पहले चार बार मॉस्को की यात्रा कर चुके हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को युद्ध खत्म करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से आमने-सामने की बैठक का



आह्वान किया है।

**अमेरिका की रूस को धमकी**

अमेरिका ने चेतावनी दी है कि शांति समझौता नहीं करने पर रूस को गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देश भी प्रभावित हो सकते हैं। रूस के लिए ट्रंप की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त होगी। पुतिन और विटकॉफ के बीच बैठक लगभग तीन घंटे तक चली। किसी भी पक्ष ने बातचीत का तत्काल ब्योरा नहीं दिया है।

ट्रंप ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर रूस के बढ़ते हमलों पर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की है। ये हमले ऐसे समय में तेज हुए हैं, जब ट्रंप ने हाल के महीनों में पुतिन से नरम रुख अपनाने का आग्रह किया है। वहीं, यूक्रेन के जेपोरिजिया प्रांत के गवर्नर ईवान फेडोरोव ने बताया कि मंगलवार मध्यरात्रि से बुधवार के बीच रूसी बलों ने प्रांत में एक मनोरंजन केंद्र पर हमला किया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। रूसी सेना ने इस क्षेत्र पर कम से कम चार हमले किए और शुरुआत में शक्तिशाली ग्लाइड बमों से हमला किया।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह हमला समझ से परे है। यह केवल डराने-धमकाने के लिए क्रूरता है।'' जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड और गैस उत्पादन प्रतिष्ठानों पर भी हमला किया है, क्योंकि यूक्रेन सर्दियों के मद्देनजर अपनी तैयारी कर रहा है।

# पाक आर्मी चीफ मुनीर इस हफ्ते अमेरिका जाएंगे

## दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा, राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात संभव

इस्लामाबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था।



साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है।

पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया।

जनरल कुरिल्ला ने पिछले महीने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूत सहयोगी बताया था। तब उन्होंने कहा था कि अमेरिका को पाकिस्तान और भारत दोनों से रिश्ते रखने होंगे। ये बाइनरी स्विच नहीं है कि एक से रिश्ता रखेंगे तो दूसरे से नहीं रख सकते। हमे रिश्तों के फायदों को देखना चाहिए। इसके जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला सीमा पार आतंकवाद का हालिया उदाहरण है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17,000 करोड़ रुपए के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है। पाक सरकार ने क्रिप्टो बिजनेस के अनुकूल नीतियों में बदलाव भी शुरू कर दिए हैं।

# घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश, रक्षा-पर्यावरण मंत्री समेत 8 की मौत

## एनएसए और सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष भी सवार थे, हादसे की वजह साफ नहीं

एक्रॉ, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अफ्रीकी देश घाना में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मोहम्मद शामिल हैं। घाना सरकार ने इस हादसे को राष्ट्रीय त्रासदी करार दिया है।

इस दुर्घटना में घाना के कार्यवाहक उप राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक अल्हाजी मोहम्मद मुनिरु लिमुना, राष्ट्रीय जनतांत्रिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सैमुअल सरपोंग और पूर्व संसदीय उम्मीदवार सैमुअल अबोआग्ये की भी मौत हो गई है।

हेलिकॉप्टर में कुल पांच यात्री और तीन क्रू मेंबर थे। घाना की सेना ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर राजधानी अकरा से सुबह 9:12 बजे उड़ा था और ओबुआसी नामक सोने की खदान वाले शहर जा रहा था, जहां एक राष्ट्रीय कार्यक्रम होना था।

इस दौरान अचानक उसका संपर्क टूट गया।

राष्ट्रपति जॉन महामा के चीफ ऑफ स्टाफ जूलियस डेबरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- राष्ट्रपति और सरकार इस दुखद हादसे में जान गंवाने वाले हमारे साथियों के परिवारों के लिए अपनी संवेदना जाहिर करती है। अगली सूचना तक देशभर में झंडे आधे झुकाए जाएंगे।

घाना की सेना के मुताबिक, हेलिकॉप्टर बुधवार सुबह राजधानी अकरा से उड़ान भरने के बाद रडार से गायब हो गया था। हादसे की वजहों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# बिछड़े रिश्ते, टूटी यादें और अधूरी मुलाकातें

## कोरियाई युद्ध के दिग्गजों ने बताई 1953 से अब तक की कहानी

ग्योदोंग-डो, 7 अगस्त (एजेंसियां)। किम चेओंग सान और उनकी पत्नी मिन ओक सन दोनों 90 वर्ष के करीब हैं। वो कहते हैं कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि कोरियाई युद्ध में विस्थापित होने के बाद, दक्षिण कोरिया के ग्योदोंग द्वीप पर 70 साल पहले बना उनका अस्थायी टिन की छत वाला आश्रय उनका स्थायी घर बन जाएगा।

ग्योदोंग-डो यानी ग्योदोंग-द्वीप उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर स्थित है। 90 वर्षीय दंपत्ति किम और मिन की तरह, यहां भी 1950 के दशक में कोरियाई युद्ध में शामिल हुए कई विस्थापित उत्तर कोरियाई लोग



रहते हैं। ग्योदोंग-डो को गंगवा-डो से जोड़ने वाला एक पुल है, जहां असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) शांति पथ स्थित है। इसे 2014 में बनाया गया था। इससे पर्यटकों को इस क्षेत्र में आने की अनुमति मिलती है। पर्यटक डेयरयोंग गांव और डेयरयोंग बाजार देखने के लिए इस क्षेत्र में आते रहे हैं, जिसका आकर्षण 1970 के दशक की याद दिलाता है।

किम का जन्म 1930 में ह्वांगहे-डो (अब उत्तर कोरिया में) में हुआ था, एक गुरिल्ला इकाई, यूएन8240 यूल्जी टाइगर ब्रिगेड एसोसिएशन के सदस्य थें। इस इकाई ने 25 जून, 1950 को कोरियाई युद्ध छिड़ने के बाद, अमेरिकी वायु सेना के पायलटों के बचाव कार्यों में अमेरिकी सेना के सैनिकों की मदद की थी, जो उनके परिचित क्षेत्र, उत्तरी क्षेत्र में थे। मिन का जन्म उनके पति के गांव में ही हुआ था, केवल 17 वर्ष की आयु में ग्योदोंग-डो आई थीं। लेकिन युद्ध के बाद देश विभाजित हो गया और उन्हें कभी वापस जाने का मौका नहीं मिला। 27 जुलाई, 1953 को युद्ध समाप्त होने पर, इस जोड़े सहित कई उत्तर कोरियाई लोग ग्योदोंग द्वीप पर अस्थायी रूप से बस गए थे। किम कहते हैं कि यहां के ग्रामीणों ने टिन की छत वाले आश्रय बनाकर हम शरणार्थियों को बसने में मदद की।

# पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में इंटरनेट बंद किया

## सुरक्षा कारणों का हवाला दिया

इस्लामाबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी हैं। पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी के आदेश पर यह कदम उठाया गया है। इसके पीछ सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। इंटरनेट बंद होने का असर लाखों लोगों पर पड़ा है।

पढ़ाई, ऑनलाइन काम, कारोबार और सोशल मीडिया तक पहुंच पूरी तरह ठप हो गई है। खासकर छात्र और इंटरनेट से कमाई करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। हालांकि रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह फैसला संभावित सुरक्षा खतरे के चलते लिया गया है।



# सीएम का बड़ा प्रशासनिक एक्शन

## 9 थानेदारों को दी अनिवार्य सेवानिवृत्ति

## आईएएस/आरएएस पर भी गिरी गाज

जयपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए 9 थानेदारों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के साथ-साथ भूमि आवंटन के एक गंभीर प्रकरण में एक आईएएस अधिकारी तथा कई अन्य आरएएस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी दी है। यह कार्रवाई अधिकारियों की कार्यशैली, सत्यनिष्ठा, विभागीय जांच और कार्य मूल्यांकन के आधार पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के बाद की गई है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में अफसरों के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए 9 थानेदारों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने तथा भूमि आवंटन के मामले में आईएएस और आरएएस के खिलाफ भी सेवा नियमों के तहत कार्रवाई शुरू करने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई, अभियोजन स्वीकृति और 17-ए के विचाराधीन 37 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 55 अधिकारियों के जांच प्रकरणों में कार्रवाई की है।

9 थानेदारों को उनकी कार्यशैली, कार्य-दक्षता, सत्यनिष्ठा, विभागीय जांच कार्रवाई और कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन आदि की विभिन्न स्तर पर स्क्रीनिंग करते हुए उच्च स्तरीय समिति से परीक्षण करवाकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्रवाई की है। वहीं नियम विरूद्ध भू-आवंटन के एक गंभीर प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969, के नियम 8 के तहत कार्रवाई प्रारम्भ किए जाने का अनुमोदन किया है।

उन्होंने लंबित प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 6 अधिकारियों के विरूद्ध अभियोजन चलाने की मंजूरी तथा राजस्थान प्रशासनिक एवं लेखा सेवा के 2 अधिकारियों के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 17-ए में विस्तृत जांच एवं अनुसंधान करने की अनुमति भी प्रदान की। वहीं सेवारत 13 अधिकारियों के विरूद्ध सीसीए नियम-16 के तहत विभागीय जांच कार्रवाई में वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी/असंचयी प्रभाव से रोकने का निर्णय लिया है। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए पेंशन नियमों के तहत पांच अधिकारियों की पेंशन रोके जाने का निर्णय किया। इनमें से एक अधिकारी के विरूद्ध भ्रष्टाचार प्रकरण में दोष सिद्धि होने से शत प्रतिशत पेंशन रोकने की सख्त शास्ति अधिरोपित की गई है।

साथ ही सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध संचालित 9 प्रकरणों में 14 अधिकारियों पर प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन भी किया। सीसीए नियम-34 के तहत एक अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुनर्विलोकन याचिका को निरस्त करते हुए दण्ड को यथावत रखा तथा सेवारत अधिकारियों के 3 प्रकरणों में सीसीए नियम-23 के तहत अपील स्वीकार करने एवं 2 अधिकारियों के विरूद्ध अपील आंशिक स्वीकार करने का निर्णय लिया।

# सुप्रीम कोर्ट से राजस्थान सरकार को झटका

## सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बदलाव को खारिज किया

जयपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के सबसे बड़े बाघ अभ्यारण्य सरिस्का के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट में बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। पिछले दिनों राज्य सरकार की तरफ से सरिस्का बाघ अभ्यारण के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट में बदलाव की अधिसूचना जारी की गई थी। इसमें बफर जोन को 42 किमी कम किया गया था। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भुवेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से ही सांसद हैं। इस फैसले का जबरदस्त सियासी विरोध हुआ। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लागए कि खान कारोबारियों को पनपाने के लिए राज्य सरकार व वन पर्यावरण मंत्रालय सरिस्का बाघ अभ्यारण के बफर जोन को बदल रहे हैं। सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गई। अब सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए। सरिस्का टाइगर रिजर्व के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (सीटीएच) का नया ड्राफ्ट सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर लौटा दिया है कि इसमें नियमों की पालना नहीं की गई है। साथ ही यह भी कहा कि सरिस्का में खानों को बंद करने का आदेश नहीं बदला जाएगा।





अलवर से विधायक व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है- सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले ने यह सिद्ध कर दिया कि बेजुबानों की भी दहाड़ गूंजती है, बशर्ते उसे सच्चे मन से आवाज़ दी जाए। सरिस्का के बाघों, जंगलों और प्रकृति की आत्मा को आज न्याय मिला है इसके लिए मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिसने न केवल हमारी बात को सुना, बल्कि सरकार के खनन-परस्त फैसले पर करारा तमाचा भी मारा।

जूली ने कहा कि सरकार द्वारा बिना वैज्ञानिक आधार, पारदर्शिता और पर्यावरणीय मूल्यांकन के जो नया सीटीएच ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसे सुप्रीम कोर्ट ने सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि जब तक सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति न हो, सरिस्का टाइगर रिज़र्व में कोई भी खनन गतिविधि नहीं हो सकती। टहला क्षेत्र, जहाँ बाघिन एसटी-27 ने मई 2024 में दो शावकों को जन्म दिया, उसे सीटीएच से हटाकर बफर ज़ोन बनाना न केवल नैतिक अपराध था, बल्कि वन्यजीव हत्या का परोक्ष षड्यंत्र भी। उन्होंने कहा- सरकार के फैसले में न विज्ञान था, न जनसुनवाई, न पारदर्शिता, इसमें था सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने की लालसा I और यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र और राज्य दोनों जगह अलवर से ही चुने गए वन मंत्री होने के बावजूद, सरिस्का जैसी धरोहर को बचाने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। भाजपा सरकार ने बाघों की कीमत पर माफियाओं को लाभ पहुंचाने की साजिश रची। ''इकोलॉजिकल सेंसेटिव ज़ोन'' की जगह उनकी प्राथमिकता ''इकोनोमिक सेंसेटिव ज़ोन'' बन गई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरिस्का का जंगल खनन माफिया या होटल लॉबी की संपत्ति नहीं है, यह बाघों की नर्सरी है, अलवर की शान है, राजस्थान की धरोहर है।

जिसे कांग्रेस सरकारों ने सीटीएच का विस्तार कर पुनर्जीवित किया और आज वहाँ 48 बाघों की दहाड़ गूंज रही है यह कांग्रेस की प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक सोच और संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने कहा- सरिस्का को खनन की खान नहीं बनने देंगे, यह हमारी सांस्कृतिक, जैविक और भावनात्मक पूंजी है। इसकी रक्षा के लिए हम हर मंच पर, हर अदालत में, हर गाँव में, हर वन में हम डटकर, मिलकर खड़े रहेंगे।

# डोटासरा की नई टीम लगभग तैयार

## बनाए जाएंगे 15 नए अध्यक्ष; इन जिलों की आएगी बारी

जयपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनावों से पहले संगठन को मजबूत करने में जुटी प्रदेश कांग्रेस नए बने 10 जिलों में भी जल्द जिलाध्यक्ष लगाने को लेकर जुट गई है। इस माह के अंत तक एआइसीसी प्रदेश कमेटी की ओर से भेजे गए नामों को लेकर निर्णय ले सकती है।



### संगठन के पदों का काम लगभग पूरा

कांग्रेस ने प्रदेश में निचले स्तर पर संगठन के पदों को भरने का काम लगभग पूरा कर लिया है, लेकिन नए बने दस जिलों के अलावा कई पुराने जिलों के अध्यक्षों को भी बदलने को लेकर तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि नए जिलों सहित करीब 15 जिलों में नए लोगों को जिम्मेदारी दी जा सकती है।

बताया जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से भी जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर चर्चा हो चुकी है, लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बिहार दौरे व लोकसभा में व्यस्त होने चलते अभी निर्णय नहीं हो सका है।

### 40 से 50 हुए कांग्रेस संगठन के जिले

प्रदेश कांग्रेस के पहले संगठनात्मक 40 जिले थे, लेकिन राज्य सरकार की ओर से 10 नए जिले बनाने की घोषणा के बाद कांग्रेस ने भी संगठन के 10 जिले बढ़ाकर 50 कर दिए हैं। कांग्रेस नए जिलों जयपुर ग्रामीण पश्चिम, डीग, बालोतरा, नीमकाथाना, ब्यावर, सलूंबर, भीलवाड़ा ग्रामीण और जोधपुर ग्रामीण पश्चिम जिलों में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा करेगी।

जयपुर ग्रामीण से जयपुर ग्रामीण पश्चिम अलग जिला बनाया गया है। इसमें कोटपूतली-बहरोड़ शामिल होंगे। इसके अलावा भरतपुर से डीग, बाड़मेर से बालोतरा अलग जिला बनाया गया है। इसके अलावा सीकर से नीमकाथाना, अजमेर से ब्यावर, उदयपुर से सलूंबर और भीलवाड़ा जिले से भीलवाड़ा ग्रामीण के साथ ही जोधपुर ग्रामीण से जोधपुर ग्रामीण पश्चिम अलग जिला बनाया गया है।

# प्रतापगढ जिले में आए भूकंप के झटके

## 3.9 तीव्रता से हिली धरती

प्रतापगढ़, 7 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में गुरुवार सुबह भूकंप के झटकों ने लोगों को हिला कर रख दिया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 3.9 मापी गई। इसका केंद्र प्रतापगढ़ में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया।

भूकंप सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर आया, जिससे कुछ सेकंड के लिए धरती में कंपन महसूस किया गया।

प्रतापगढ़ शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में झटके इतने तीव्र थे कि लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। कई गांवों में भय और दहशत का माहौल बना रहा। खासतौर पर जिन इलाकों में घर कच्चे या पुराने हैं, वहां के लोग खेतों और खुले मैदानों की ओर भागते नजर आए। कई ग्रामीणों ने दावा किया कि झटकों के साथ जोरदार विस्फोट जैसी आवाज भी सुनाई दी, जिससे लोगों में और ज्यादा डर फैल गया।

इससे पहले एक सप्ताह पहले भी प्रतापगढ़ क्षेत्र में इसी तरह के हल्के भूकंप के झटके दर्ज किए गए थे। लगातार दूसरी बार झटके महसूस होने से लोगों में चिंता का माहौल है।

भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, इस भूकंप का उपकेंद्र 24.09° उत्तरी अक्षांश और 74.88° पूर्वी देशांतर पर स्थित था। हालांकि तीव्रता मध्यम रही, लेकिन इसका असर प्रत्यक्ष रूप से स्थानीय लोगों पर देखा गया।

प्रतापगढ़ जिला प्रशासन की ओर से तत्काल सतर्कता के निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने लोगों से अफवाहों से बचने और पूरी सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हालात पर नजर रखी जा रही है और प्रशासनिक टीमें तैयार हैं।

# 'कांग्रेस ने रोके छात्रसंघ चुनाव और दोष दे रहे हैं भाजपा को'

## अरुण चतुर्वेदी ने पर्ची वाले बयान को लेकर डोटासरा पर भी कसा तंज

टोंक, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता खुद तय कर लें कि छात्रसंघ चुनाव रोके किसने थे। उनकी सरकार ने रोके थे और दोष भाजपा को दे रहे हैं। भाजपा इन सबको देखेगी। हम लोकतंत्र को बढ़ाने का विश्वास रखते हैं। वे भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे।



अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में छात्रसंघ चुनावों को ही नहीं देश में भी चुनाव नहीं करवाने और संविधान को तोड़ने-मरोड़ ने का काम किया है। चतुर्वेदी ने डोटासरा के पर्ची वाले बयान पर भी जवाब दिया कि ये तो वो बताएं कि उनके सीएम अपने डिप्टी सीएम को नाकारा-निकम्मा कहते थे। तब कौनसी पर्ची चलती थी।

### कई कार्यक्रम हुए आयोजित

इधर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने सर्वप्रथम अन्नपूर्णा गणेश मन्दिर में पूजन, दर्शन तथा जैन नसिया में आचार्य वर्धमान सागर महाराज से आशीर्वाद लिया। गोकुलधाम गोशाला में भगवान शिव का अभिषेक, गोमाता पूजन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं से स्नेह मिलाप किया। इसमें हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे वितरित किए गए।

### भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान का जन्मदिन मनाया

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रेम ही शक्ति है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान का जन्मदिन मनाया गया। इसमें निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, राजपूत महासभा प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, पूर्व जयपुर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, दीक्षा खंडेलवाल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी आदि मौजूद थे।

# वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत दिसंबर में होंगे पंचायत-निकाय चुनाव

## 3 बड़े शहरों में निगमों का एकीकरण

जयपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में इस साल के आखिर में शहरी निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होने हैं। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने साफ कर दिया है कि राज्य पंचायतों के साथ नगर निकायों के पुनर्सीमांकन करके नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि वार्डों का भी पुनर्सीमांकन करने के लिए एक सप्ताह या 5 दिन में नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। उसके बाद हम राज्य निर्वाचन आयोग से अनुरोध करेंगे कि वे मतदाता सूची तैयार करें। नगर निकाय के पुनर्सीमांकन के बाद प्रदेश में 309 नगर निकाय के चुनाव एक राज्य एक चुनाव के तहत एक साथ कराए जाएंगे। इनमें 3 नगर निगम समाप्त किए गए हैं।

खर्रा ने कहा कि जब मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो विभाग राज्य निर्वाचन आयोग से अनुरोध करेगा कि दिसंबर 2025 में एक राज्य एक चुनाव के तहत सभी नगर निकायों में एक ही दिन में संभव हो सके तो चुनाव करा दें। गौरतलब है कि अभी प्रदेश में 312 नगर निकाय हैं, पुनर्सीमांकन के बाद उनमें तीन नगर निकाय कम होंगे। जयपुर, जोधपुर और कोटा में दो-दो नगर निगम हैं उनका एकीकरण किया जाएगा। झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि हम एक राज्य, एक चुनाव के तहत दिसंबर 2025 में निकाय चुनाव करवाने को दृढ़ संकल्पित हैं।

# कांग्रेस पर भड़के पूनिया, बोले- राहुल ने समय के अनुसार खुद को नहीं बदला

बांसवाड़ा, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया डूंगरपुर में रक्षाबंधन उत्सव में सम्मिलित हुए। उन्हें बड़ी संख्या में महिलाओं ने राखी बांधी। बाद में मीडिया से बातचीत में कहा कि वोट बैंक की राजनीति के कारण पूरे देश ने कांग्रेस को नकार दिया है। बिहार चुनाव में गहन मतदाता पुनरीक्षण और कांग्रेस के आरोप संबंधी सवाल में पूनिया ने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाती है।



बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में 65 लाख फर्जी मतदाता पाए गए हैं। कांग्रेस के राज में नागालैंड, असम, त्रिपुरा, उत्तर-पूर्व से रोहिंग्या देश में आए। फर्जी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवाने के साथ ही मतदाता सूची में भी नाम जुड़वा लिया। अब सच सामने आ गया है। वोट बैंक की राजनीति के कारण ही देश के मतदाताओं ने कांग्रेस को नकार दिया है। कांग्रेस सत्ता और अपनी पहचान बचाने के लिए क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है।

पूनिया ने कहा कि घुसपैठियों ने मतदाता बनकर राजनीतिक दलों के साथ सौदेबाजी की। संख्यात्मक असंतुलन के साथ ही मूल भारतीयों के हक भी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने राहुल गांधी की कांग्रेस ने समय के अनुसार खुद को नहीं बदला है। हर विषय में निराधार आरोप लगाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

राज्य सरकार पर कांग्रेस नेताओं के बयान संबंधी सवाल पर पूनिया ने कहा कि राजस्थान की जनता ने भाजपा को बहुमत दिया है। बहुमत वाली भाजपा की सरकार पूरे पांच साल चलेगी। कांग्रेस की पिछली सरकार पांच साल तक रेंग-रेंग कर चली। जैसे-तैसे पांच साल पूरे किए। कांग्रेस सरकार के बीते पांच साल राजस्थान के सबसे खराब रहे।

# भीषण सड़क हादसा, कांवड़ लेकर लौट रहे भरतपुर जिले के 3 श्रद्धालुओं की मौत; ट्रैक्टर-ट्रॉली के उड़े परखच्चे

भरतपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मथुरा में गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में राजस्थान के 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब भरतपुर जिले के रहने वाले युवक डाक कांवड़ लेकर आ रहे थे। तभी ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, एक युवक घायल हो गया। जिसका मथुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है।

हादसे की सूचना मिलते ही एसपी सिटी राजीव कुमार और थानाधिकारी अजय किशोर पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। वहीं, मृतकों के शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों के आने के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम होगा।

### मृतकों की हुई पहचान

पुलिस के मुताबिक हादसा बरेली-जयपुर हाईवे पर मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के नगला सिरिया गांव के पास सुबह करीब 3 बजे हुआ। मृतकों की पहचान भीम पुत्र होरीराम, भूपेंद्र पुत्र देवी सिंह और बबली पुत्र रामकिशन निवासी लहचोरा, बयाना जिला भरतपुर के रूप में हुई है। हादसे में घायल सोनू का सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है।

### सामने आई हादसे की असली वजह

बयाना के रहने वाले चार युवक रामघाट से डांक कांवड़ लेकर वापस लौट रहे थे। तभी जयपुर बरेली बाईपास पर हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक ट्रक टायर फटने के बाद अनियंत्रित हो गया और ट्रैक्टर से जा टकराया।

हादसे के वक्त ट्रैक्टर में चार युवक सवार थे, जिनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना जबर्दस्त था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### गांव में दौड़ी शोक की लहर

इधर, हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूरे गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही परिजन और गांव के कुछ लोग मथुरा पहुंच गए है। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपेगी।

# दुकान मालिक की पीट-पीटकर हत्या, सामने आई वजह

उदयपुर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के उदयपुर जिले के सायरा थाना क्षेत्र के विसमा गांव में गुरुवार को एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई, जहां एक नॉनवेज दुकान के मालिक नानूराम खटीक की मामूली कहासुनी के बाद चार युवकों द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। सायरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

नानूराम खटीक मूल रूप से रावों का सायरा का निवासी था, विसमा गांव में अपनी नॉनवेज की दुकान चला रहा था। गुरुवार को नानूराम का युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने नानूराम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अभी तक इस विवाद में शिवा गरासिया का नाम सामने आया है।

मृतक के पुत्र विनोद खटीक ने बताया कि हमलावरों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और उसके पिता को बेरहमी से पीटा। इस दौरान नानूराम की हालत गंभीर हो गई। हमलावर अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने नानूराम को तुरंत सायरा के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बावजूद, परिजनों ने उम्मीद नहीं छोड़ी और उसे उदयपुर के पेसिफिक अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु की पुष्टि की।

# टॉप-10 इनामी बदमाश पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते नजर आए

झुंझुनू, 7 अगस्त (एजेंसियां)। गुढ़ागौड़जी पुलिस ने ग्राम भौड़की के पास एक व्यक्ति से मारपीट कर नकदी, गहने और दस्तावेज लूटने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शामिल राजू मंडीवाल, सूरज जाट और रोहित जाट थाना गुढ़ागौड़जी के टॉप-10 इनामी अपराधी हैं, जिन पर 5000-5000 का इनाम घोषित था। आरोपियों ने पूर्व में भी होटल देव पर खाना खाकर बिना भुगतान धमकी देकर चले जाने की घटनाएं की थीं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को उदयपुरवाटी और भौड़की से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों रघुनाथपुरा निवासी राजू मंडीवाल, जीतरवालों की ढाणी निवासी सूरज जाट, डूडी नगर भौड़की निवासी रोहित जाट व गढ़वालों की ढाणी निवासी अरविंद जाट को गिरफ्तार गुढ़ागौड़जी के बाजार में जुलसू निकाला। जुलूस के दौरान आरोपी कान पकड़कर माफी मांगते नजर आए। इसके अलावा गुढ़ागौड़जी पुलिस ने धमोरा निवासी तिलकराज जाट, भौड़की निवासी सचिन जाट, गढ़ला कला निवासी अनिल कुमार जाट, मैनपुरा निवासी उमेश कुमार जाट, गुलाका की ढाणी तन ककराना निवासी सुरेश कुमार माली व बिशनपुरा निवासी प्रदीप शर्मा को भी शांतिभंग के मामले में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में तीन आरोपी विकास गैंग से जुड़े हुए हैं।

# ट्रांसफार्मर चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

## एक दर्जन से ज्यादा गांवों में की थी वारदात

अलवर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। जिले की राजगढ़ थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी के मामले में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने राजगढ़ क्षेत्र के गांव बुचपुरी में लगे कृषि ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया था। इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता द्वारा थाना राजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने धारासिंह उर्फ पोला (निवासी ग्राम कलेशान) और प्रह्लाद उर्फ मोटा (निवासी ग्राम बबेली) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी राजगढ़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने बुचपुरी, आंधवाड़ी, नांगल धरमु (थाना राजगढ़), निमला (थाना टहला), और बढियाल (थाना बेजूपाड़ा, जिला दौसा) सहित कई गांवों से ट्रांसफार्मर चोरी करने की बात कबूली है।

# सिगाची विस्फोट के बाद उच्च जोखिम वाले उद्योगों के निरीक्षण के लिए गठित कीं विशेष टीमें



संगारेड्डी, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुए विस्फोट के मद्देनजर, जिसमें 46 लोगों की जान चली गई और आठ श्रमिकों का पता नहीं चल पाया, राज्य सरकार ने तेलंगाना में उच्च जोखिम वाले उद्योगों का निरीक्षण करने के लिए विशेष समितियों का गठन करके औद्योगिक सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कारखाना (एलईटीएफ) विभाग ने पांच विशेष दल गठित किए हैं, जिनका नेतृत्व संबंधित क्षेत्रों के उप-मुख्य कारखाना निरीक्षक करेंगे। अन्य सदस्यों में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, बॉयलर उप-निरीक्षक, उप-श्रम आयुक्त और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक पर्यावरण अभियंता शामिल हैं। इन समितियों को 4,061 फार्मा, रसायन और अन्य उच्च जोखिम वाली इकाइयों का निरीक्षण करने का काम सौंपा गया है, जिसमें संगारेड्डी, मेदक, मेडचल-मलकजगिरी और यादाद्री-भुवनगिरी जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संबंधित जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय में, विशेष टीमें प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उप-समितियां भी गठित करेंगी। एलईटीएफ विभाग ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह कलेक्टरों को सीआईआई, फिक्की, एफटीसीसीआई, आईएलए और अन्य संस्थाओं के सहयोग से उद्योगपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दे। सुरक्षा अभियान के तहत, सभी उच्च जोखिम वाले उद्योगों को एक सप्ताह के भीतर समितियों को निर्धारित प्रारूप में स्व-प्रमाणन जांच सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसका पालन न करने पर कारखानों का अनिवार्य निरीक्षण किया जाएगा। औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रति अधिक संवेदनशील माने जाने वाले पुराने कारखानों को प्राथमिकता दी जाएगी। निरीक्षण प्रक्रिया चार चरणों में लागू की जाएगी। फार्मा और रासायनिक इकाइयों को एक महीने के भीतर कवर किया जाएगा, इसके बाद दूसरे चरण में गैस बॉटलिंग, तेल, पेंट, फ़ॉर्मूलेशन और बायोटेक कारखानों को शामिल किया जाएगा। तीसरे चरण में ताप विद्युत संयंत्रों, सीमेंट, इस्पात और फाउंड्री इकाइयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जबकि चौथे चरण में अन्य सभी उच्च जोखिम वाले उद्योग शामिल होंगे।

## कांग्रेस नेता की मां की हत्या

जगतियाल, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात कोडिमियाल मंडल के नचुपल्ली गांव में अज्ञात हमलावरों ने कांग्रेस नेता और सिंगल विंडो चेयरमैन राजनरसिंह राव की मां प्रेमलता (60) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बाद में उसका शव उसके घर के पास एक गड्ढे में फेंक दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह अकेली रह रही थी। गुरुवार सुबह शव मिलने पर स्थानीय निवासियों ने पुलिस को सूचना दी। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## कार के पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत

मेदक, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शिववमपेट मंडल में चाकरीमेटला मंदिर के पास गुरुवार को एक कार के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने के कारण सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, वाहन चालक ने स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। मृतकों की पहचान शिवमपेट निवासी कोडकांची बालमणि (45) और उनके चालक अंजनेयुलु (50) के रूप में हुई है।

# बीआरएस ने बनकाचेरला परियोजना का समर्थन करने पर की सरकारों की आलोचना

> राज्यसभा में आवाज उठा रहे हैं बीआरएस सांसद



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस संसदीय दल के नेता के.आर. सुरेश रेड्डी ने आंध्र प्रदेश द्वारा प्रस्तावित गोदावरी-बनकाचेरला परियोजना का अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश की बनकाचेरला परियोजना का समर्थन किया, जिससे गोदावरी नदी के पानी में तेलंगाना का हिस्सा खतरे में पड़ गया। गुरुवार को दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए सुरेश रेड्डी ने कहा कि पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के मार्गदर्शन में बीआरएस सांसद तेलंगाना के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ राज्यसभा में आवाज उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमने स्थगन प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन हमें चुप कराने की कोशिश की जा रही है। राज्य सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है, जबकि हमारे पानी का रास्ता बदला जा रहा है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर भी निशाना साधा। उन्होंने पूछा, इस मुद्दे को संसद में लड़ा जाना चाहिए, प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शनों के ज़रिए नहीं। अगर कांग्रेस इस मुद्दे के लिए प्रतिबद्ध है, तो राहुल गांधी या कांग्रेस के अन्य शीर्ष नेता दिल्ली में धरने में क्यों शामिल नहीं हुए? उन्होंने पिछड़ा वर्ग उप-योजना के कार्यान्वयन में प्रतिबद्धता की कमी की ओर भी इशारा किया। राज्यसभा सांसद वड्डीराजू रविचंद्र ने कहा कि कांग्रेस के चंद्रशेखर राव का नाम लेकर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछड़ी जातियों के आरक्षण पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन एक राजनीतिक स्टंट से ज़्यादा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा, गांधी परिवार से कोई भी इसमें शामिल नहीं हुआ। रेवंत रेड्डी सिर्फ़ राजनीतिक फ़ायदे के लिए बीसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक को लागू करने में कांग्रेस की ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये विधेयक राज्यपाल की मंज़ूरी के बिना पारित किए गए और नौवीं अनुसूची के तहत संरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सवाल किया, राज्य मंत्रिमंडल में एक भी एसटी, यादव या मुन्नुरू कापू नहीं है। क्या यही सामाजिक न्याय है?

## डीसीपी एस चैतन्य कुमार ने आशूरखाना शहजादा अली असगर का दौरा कर सेहरा चढ़ाया



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस उपायुक्त दक्षिण पूर्व ज़ोन हैदराबाद, एस चैतन्य कुमार, आईपीएस ने आशूरखाना शहज़ादा अली असगर (अ.स.) में आलम को सेहरा और दत्ती भेंट की। साथ ही तेलंगाना भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मीर फिरासत अली बाकरी, अतिरिक्त डीसीपी, के. श्रीकांत, एसीपी, सैदाबाद, एस. वेंकट रेड्डी, पुलिस निरीक्षक, सैदाबाद, बी. चंद्र मोहन भी मौजूद थे। मुहर्रम के दसवें दिन, जो कर्बला की लड़ाई में पवित्र पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) और उनके साथियों के पोते, हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) के पुत्र, सबसे छोटे छठे महीने के बालक अली असगर (अ.स.) के सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया जाता है, कहा जाता है। यह वार्षिक आयोजन शिया मुसलमानों और व्यापक इस्लामी समुदाय के लिए गहरा भावनात्मक और धार्मिक महत्व रखता है। सैयद बाकर हुसैन रज़वी, मुजावर डॉ. मज़हरुद्दीन अहमद, एस. नारायण रेड्डी और मोहम्मद नियाज़ हैदर ने धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया।



भावसार विजन इंडिया हैदराबाद क्षेत्र 104 द्वारा मलकपेट स्थित पिरुल विथ हियरिंग इम्पैरडनेटवर्क (फीन) (गूंगा एवं बहरा) में खाने पीने की सामग्री भेंट की गई अवसर पर उपस्थित श्रीमती शीतल नीमकर (अध्यक्ष) श्रीमती अश्विनी पतंगे, वंदना आसूतकर, रुपा पतंगे, अर्चना सुत्रावे, ज्योति गडाले, सुलभा महेन्दरकर, ज्योति पतंगे, सोनू घनाते एवं अन्य सदस्य।

# गौरत्न जसमत पटेल का अभिनंदन



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदरगुडा स्थित प्रेस कल्ब में लव फॉर काऊ फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी गौरत्न जसमत भाई पटेल का विभिन्न संस्थाओ की ओर से अभिनंदन किया गया। प्रेस विज्ञप्ती में लव फॉर काऊ के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जसमतभाई पटेल को श्री गुजराती समाज विशाखापट्टनम का ट्रस्ट चेयरमेन नियुक्त किये जाने पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीयो ने शॉल, माला द्वारा अभिनंदन किया।

रिद्धीश जागीरदार, अखिल भारत हिन्दु महासभा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी कमलेश महाराज, भारतीय प्राणीमित्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनरत्न जसराज श्रीश्रीमाल, जगन्नाथ स्वामी मठ (सितारामबाग) के उत्ताराधिकारी अच्युत रामानुजाचार्य (अजय महाराज), तेलंगाना गौशाला फेडरेशन अध्यक्ष महेश अग्रवाल, हिन्दी जर्नलिस्ट असोसियेशन के अध्यक्ष जी. नरहरी, पंडीत गंगाराम स्मारक मंच के भक्तराम एवं प्रदीप जाजु, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट चेयरमेन आर.के.जैन, जैन राजनितीक चेतना मंच के मुकेश चौहान, महेश बैंक के निदेशक एवं राजस्थानी प्रगति समाज के मंत्री गोविन्द राठी, रामायण मेला के संयोजक मनोज जायसवाल, लायन्स इंटरनेशनल के जिला अध्यक्ष लायन प्रेमचंद मुणोत, बीजेपी नेता सतीश जाजू आदि ने उनका स्वागत किया।

मुकेश जैन ने जसमत पटेल का परिचय देते हुए कहा कि जसमतभाई भारत भर की विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं जीवदया संस्थाओं से जुडे हैं जिनमे आल इंडिया ओल्ड रिनोवेशन ट्रस्ट के वाईस चेयरमेन, स्वामीनारायण गुरुकुल, निलकंठ विद्यापीठ, प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन, तेलंगाना गौशाला फेडरेशन, आंध्रप्रदेश गौशाला फेडरेशन, गोल्डन स्टार युथ कल्चरल आर्गनाईजेशन एवं अणुव्रत समिति के सलाहकार, फ्रेन्ड्स ओफ ट्राईबल सोसायटी के उपाध्यक्ष, मिडिया काउंसिल फॉर पीस एन्ड सोलीडेरीटी आफ इंडिया के सदस्य, पशु कल्याण अधिकारी भारत सरकार आदि से जुडे है और इन्हे विभिन्न राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुए है। स्वामी कमलेश महाराज ने कहा कि जीवदया प्रेमी जसमत पटेल का जीवन हमेशा गौमाता के लिए सर्पित है। महंत अजय महाराज ने कहा कि धर्मप्रेमी जसमतभाई का श्री जगन्नाथ मठ सितारामबाग को विशेष सहयोग रहता है एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए किये गये कार्यो पर गर्व है। गोविन्द राठी ने कहा कि राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले रामायण मेले का शुभारंभ गौप्रेमी जसमत पटेल का तन, मन धन से सहयोग रहता है। महेश अग्रवाल ने कहा कि जसमत पटेल समाज मे गौरक्षा के महत्व को लेकर जागरूक्ता फैलाते है लोगों को गोवंश के प्रति क्रुरता ना करने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हैं। रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि जसमत पटेल को सम्मानित कर संस्था अपने आपको गौरवान्वित महसुस करती है। आर.के. जैन ने कहा कि जसमत पटेल समाज का वह नगिना है जो हमेशा अपना प्रकाश बिखेरते रहता है।

## जलभराव से निपटने के लिए पुलिस भी मैदान में



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर में गुरुवार शाम अचानक हुई भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, जिससे यातायात का सुचारू प्रवाह काफी प्रभावित हुआ है, खासकर लंगर हाउस, नानल नगर और केसीपी जंक्शन पर।

हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस, हाइड्रा के साथ मिलकर, जलभराव वाली सड़कों को साफ करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ड्यूटी पर तैनात यातायात कर्मियों के साथ सहयोग करें।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

**निविदा सूचना** PUB/0947

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्योरमेंट आफ दि टेन्डर्स के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.1, टेंडर नं. व तिथिः** सी एसजी 36 570 दि.30-07-2025, **बंद करने की तिथिः** 20-08-2025, **कार्य विवरणः** एससी डिवीजन के रिलाएबुल सिग्नल्लिंग के लिए एर्थींग एवं सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम का मजबूतीकरण कार्य। अनुमानित लागत रु.8,32,05,545.00, **बोली सुरक्षा/पूधरा रु.** 5,66,000.00

अधिक जानकारी हेतु **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in देखें। जीसीसी 2022 नुसार, बोली सुरक्षा/पूर्व धरोहर राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। आयआरएसजीसीसी-2022 नुसार, सभी निविदाकारों को मुफ्त में ई-निविदा प्रपत्र जारी किये जाएंगे। (संदर्भः आयआरएसजीसीसी-2022 पार्ट-।, क्लाज-3)

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/ को-आर्ड/सिकंदराबाद**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-20-2025-26 दि.1-8-2025** PUB/0948

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु आयआरइपीएस में निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** बी-इ29-टीआरडी-टीएनडीआर-20-2025-26, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजन के ओएचइ/पीएसआई इनफ्रास्ट्रक्चर के लिए रिलाएबिलीटी का सुधार कार्य। कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, अनुमानित मूल्यःरु.2,13,50,929.40, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.2,56,800.00, निविदा प्रपत्र मूल्यःरु. शून्य, बंद करने की तिथिः 26-08-2025 के 15.00 बजे

**टिप्पणीः** यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होता है तो, निविदा को उसके अगले कार्यदिवस में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु हमारे वेबसाइटः www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, टीआरडी/विजयवाडा

**निविदा सूचना** PUB/0946

सं.21-जीएसयु-25-26-एसआर. डीइइ-एम-एचवायबी व 22-जीएसयु-25-26-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबी

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, **निम्न निविदाएं व तत्संबंधित बंद करने की तिथि 2-9-2025 के 15.00** बजेतक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण, अपने मूल/संशोधित बोलियों को, तत्संबंधित बंद तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं एवं इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर्स के प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

**क्रम सं. 01, कार्य विवरणः टेंडर नं.- सं.21-जीएसयु-25-26-एसआर. डीइइ-एम-एचवायबी-हैदराबाद डिवीजनः**एससी-डीएचएनइः यात्रियों के क्षेत्रों में इल्लुमिनेशन लेवल्स का सुधार कार्य के साथ स्टेशन प्लाटफार्म्स एव स्टेशन परिसरों का तत्संबंधित कार्य-बिजली व्यवस्थाएं (शेष बचा हुवा कार्य), **अनुमानित लागतः रु.5,31,16,722.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.4,15,600.00, कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 महिने, बंद करने की तिथिः 2-9-2025

**क्रम सं. 02, कार्य विवरणः टेंडर नं.- सं.22-जीएसयु-25-26-एसआर. डीइइ-एम-एचवायबी-हैदराबाद डिवीजनःएससी-एमयुइः** यात्रियों के क्षेत्रों में इल्लुमिनेशन लेवल्स का सुधार कार्य के साथ स्टेशन प्लाटफार्म्स एव स्टेशन परिसरों का तत्संबंधित **कार्य-बिजली व्यवस्थाएं** (शेष बचा हुवा कार्य), **अनुमानित लागतः रु.3,79,47,912.00, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.3,39,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः** 2-9-2025

संपूर्ण निविदा विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ/एम/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

विस्तृत विवरण हेतु हमारे वेबसाइटः www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ हैदराबाद**

A1169

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें

# शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स की वार्षिक '100 प्रतिशत धमाका सेल' का आज अंतिम दिन-देशभर से उमड़ा ग्राहकों का अपार स्नेह



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण ब्रांड "शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स" द्वारा आयोजित "100 प्रतिशत धमाका सेल" आज अपने अंतिम दिन में प्रवेश कर चुकी है।

इस सालाना सेल को ग्राहकों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला है और दूर-दराज़ के शहरों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने हैदराबाद पहुंचकर इस भव्य अवसर का लाभ उठाया। यह विशेष वार्षिक सेल केवल एक बार आयोजित की जाती है, जिसमें ग्राहकों को सोना, हीरा व चांदी के गहनों पर आकर्षक डील्स और सीमित अवधि के एक्सक्लूसिव ऑफ़र्स उपलब्ध कराए जाते हैं। इस वर्ष की धमाका सेल में लातूर, औरंगाबाद, परभणी, अहमदनगर, सिंदूर और बेलगाम जैसे अनेक शहरों से ग्राहकों की भारी आवाजाही देखी गई, जिससे यह आयोजन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। पिछले कुछ दिनों से शोरूम में त्योहार जैसा माहौल बना रहा। खासकर आगामी शादी सीज़न को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों ने नेकलस सेट्स, झुमके, हाथफूल, बोर, बांग्लेस, बाजूबंद जैसी पारंपरिक ज्वेलरी की व्यापक खरीदारी की। इसके अलावा हीरा और पोल्की ज्वेलरी के कलेक्शन तथा चांदी की विशेष गिफ्टिंग रेंज को भी शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। ब्रांड की तरफ से गौतम जैन ने बताया कि- हमारी यह धमाका सेल केवल व्यापार नहीं, बल्कि हमारे ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक उत्सव है। ग्राहक जो प्यार और विश्वास हमें देते हैं, वही हमारी असली दौलत है। इस सेल की सबसे खास बात यह है कि इसे साल में केवल एक बार आयोजित किया जाता है। आज इसका अंतिम दिन है और फिर यह अवसर पूरे एक साल बाद ही मिलेगा। इसलिए यह आखिरी मौका है कि जिन ग्राहकों ने अब तक लाभ नहीं लिया, वे आज ही शोरूम पधारें। शोरूम आज देर शाम तक खुला रहेगा।

## कोवा लक्ष्मी ने केसीआर पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी का किया विरोध

**राशन कार्ड कार्यक्रम में तनाव**

कुमराम भीम आसिफाबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम के दौरान कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब आसिफाबाद विधायक कोवा लक्ष्मी और कांग्रेस क्षेत्र प्रभारी ए श्याम नाइक के बीच तीखी बहस हो गई। यह घटना तब हुई जब लक्ष्मी ने कार्यक्रम के दौरान नाइक द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। गुस्से में आकर उन्होंने अपने पास बैठे नाइक पर पानी की बोतलें और एक माइक्रोफोन फेंक दिया। अचानक हुए इस हमले से कार्यक्रम स्थल पर हंगामा मच गया, जिसके बाद लक्ष्मी बाहर चली गईं। हालांकि, कार्यक्रम जारी रहा। लक्ष्मी ने नाइक पर सार्वजनिक कार्यक्रम का इस्तेमाल केसीआर की नीतियों की आलोचना करने के लिए करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि नाइक की पत्नी बीआरएस के टिकट पर खानपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार निर्वाचित हुई हैं और राव के खिलाफ जाने के लिए उन्हें 'कृतघ्न व्यक्ति' करार दिया।

## भाजपा की नीतियों से महिलाओं और पिछड़े वर्गों के आरक्षण को नुकसान : कोंडा सुरेखा

नई दिल्ली, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को महिलाओं के अधिकारों और पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। गुरुवार को यहां एक बयान में, मंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा महिला विकास और पिछड़े वर्गों के आरक्षण का विरोध करती है, और यह सुझाव दिया कि किसी को यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि पार्टी समाज के व्यापक वर्गों की वकालत करेगी। पिछड़ा वर्ग धरने के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, कोंडा सुरेखा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा और कहा कि उन्होंने जो कहा था, वह वैसा ही था।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमेंX@SCRailwayindia पर फालो करें।दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

**सं. जीएनटी/सी.79/केटगिरी/डब्ल्यूवीएमएस/ई-नीलामी /11/2025-26 दि.5-8-2025** PUB/0953

ई-नीलामी लीजिंग के माध्यम से प्रदान वाणिज्यिक आय संविदाओं हेतु गुण्टूर डिवीजन की संयुक्त मासिक सूची

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे(द.म.रे.) गुंटूर डिवीजन, गुंटूर द्वारा आयआरइपीएस वेब पोर्टल के ई-नीलामी मोड्यूल के माध्यम से ई-बोलियां या ई-बिड्स आमंत्रित की जाती हैं। तत्संबंधित वाटर वेन्डिंग मशीन (डब्ल्यूवीएमएस) तथा बहु-उध्देश्यीय स्टाल्स (एमपीएस) की प्रकाशित सूची निम्न प्रकार है।

**दि. 19-08-2025 को वाटर वेन्डिंग मशीनों (डब्ल्यूवीएमएस) का संचालन एवं रखरखाव**

| सं नं | संविदा का प्रकारः | स्टेशनः | संविदा या ठेका अवधिः | पूर्व धरोहर राशि (पूधरा) मूल्यः | नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डब्ल्यूवीएम | क्लस्टर-4 (एसएपी, पीजीआरएल, एनडीकेडी व एमसीएलए) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 2. | डब्ल्यूवीएम | क्लस्टर-5 (एमआरजीए व एनएलडीए) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 3. | डब्ल्यूवीएम | विनुकोण्डा (वीकेएन) (प्लाटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 4. | डब्ल्यूवीएम | सावल्यापुरम (एसवायएम) (प्लाटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 5. | डब्ल्यूवीएम | डोनकोण्डा (डीकेडी) (प्लाटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 6. | डब्ल्यूवीएम | कमबम (सीबीएम) (प्लाटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 7. | डब्ल्यूवीएम | गिद्दलूर (जीआयडी) (प्लाटफार्म नं.1) | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10% | 19-08-2025 के 11.00 बजे |

दी. 19-08-2025 को एमपीएस स्टॉल्स की ई-निलामी

| सं नं | संविदा का प्रकारः | स्टेशन/स्थानः | के लिए आरक्षितः | संविदा अवधिः | पूर्व धरोहर राशि मूल्यः | नीलामी शुरू तिथि एवं समयः |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एमपीएस स्टाल | मंगलगिरी (पीएफ. नं.1) | ओबीसी-जनरल | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10 प्रतिशत | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 2. | एमपीएस स्टाल | नाडिकुडी (पीएफ. नं.1) | महिलाएं-जनरल | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10 प्रतिशत | 19-08-2025 के 11.00 बजे |
| 3. | एमपीएस स्टाल | डोनकोण्डा (पीएफ. नं.1) | एससी-जनरल | 5 वर्ष | बोली मूल्य का 10 प्रतिशत | 19-08-2025 के 11.00 बजे |

ई-निविदाओं में भाग लेने हेतु निविदादाता का यह उत्तरदायित्व है कि, डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट प्राप्त करें तथा अपने आपको आयआरइपीएस ई नीलामी लीजिंग में पंजीकृत करें। भौतिक या मैन्युएल एवं www.ireps.gov.in के तहत आयआरइपीएस पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण आवश्यकताएं एवं ई नीलामी लीजिंग में सहभागिता विवरण उपलब्ध है। निविदादाता को, जब कभीभी बुलाए जाने पर, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर तत्संबंधित आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा। निविदा से जुडे आवश्यक तत्संबंधित भुगतान या दस्तावेजों की अपलोडिंग के दौरान आयआरइपीएस पोर्टल पर घटित किसी भी अवरोध या बाधा के लिए रेल प्रशासन कतई जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा प्रपत्र के निर्धारित सभी नियम शर्तो को पूरा न कर भरे हुए, निविदाओं को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जायेगा। उपरोक्त निविदा का संपूर्ण विवरण ई-नीलामी लीजिंग मोड्यूल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

A1179 **वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, गुण्टूर**

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**



मुकेरा भविष्या
माता : मुकेरा भार्गवी
पिता : मुकेरा भानू प्रसाद

# धर्म को प्रेक्टिकल स्वरूप में जीने की कोशिश करें

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर ने कहा कि सहज-सरल धर्म का मार्ग जीने के लिए अहिंसा, अचौर्य सत्य, शील और अपरिग्रह को जीवन में जीने की कोशिश कीजिए। कभी किसी का दिल न दुखाएं। पराई वस्तु और धन को अपना बनाने की कोशिश न करें। सत्यवादी बनते हुए कभी झूठ न बोलें और जीवन में निर्मलता और पवित्रता को जीते हुए शीलव्रत का पालन करें और अपनी आवश्यकता से ज्यादा धन अपने पास हो तो जरूरतमंदो को अपनी तरफ से समर्पण कर दें। वे गुरुवार को यहां एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित पांच संकल्प जो बदल देंगे जीवन विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्म हमें आचरण को श्रेष्ठ और धर्ममय बनाने की प्रेरणा देता है। धर्म को केवल परम्पराओं में बांधने की बजाय प्रेक्टिकल स्वरूप में जीने की कोशिश कीजिए। धर्म की हमें सिखावन है- अपने कर्तव्यों का पालन कीजिए, इंसान होकर इंसान के काम आइए, मनोविकारों पर विजय प्राप्त कीजिए और सब धर्मो का सम्मान कीजिए। उन्होंने कहा कि आप जिस धर्म के अनुयायी है, उसका आचरण कीजिए, पर अन्य धर्मो के प्रति भी प्रेम रखिए। इस दुनिया में प्रेम के मंदिर हों, प्यार के गिरजे हों और मोहब्बत की मस्जिदें बनें, तो धरती को स्वर्ग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा हो जाएगी। अगर हम धर्म का ऐसा स्वरूप बनाते हैं, तो पूरी दुनिया धर्म का आचरण करने के प्रति स्वतः ही समर्पित हो जाएगी और यह धरती किसी भगवान का मंदिर और तीर्थ बन जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिसके पास धन है वह भाग्यशाली, जिसके पास धन व स्वास्थ्य है वह महाभाग्यशाली, पर जिसके पास धन और स्वास्थ्य के साथ धर्म भी है वह है सौभाग्यशाली। संतप्रवर ने कहा कि धर्म दीवार नहीं द्वार है। धर्म के नाम पर मानव जाति को तोडना पाप है। धर्म का जन्म इंसानियत को जोडने के लिए हुआ है, तोडने के लिए नहीं। संतप्रवर ने कहा कि हमें जीवन का हर कार्य धर्मपूर्वक करना चाहिए। खाना-पीना, उठना-बैठना, चलना-फिरना सारे काम विवेकपूर्वक किया जाए, तो धर्म का आचरण होगा। उन्होंने कहा कि जीते जी वे लोग पूजे गए जो सुन्दर, समृद्ध और सत्ता में थे पर मरने के बाद वे ही लोग पूजे गए जो त्यागी तपस्वी और धर्मात्मा थे। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

## दो-स्तरीय वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के खिलाफ ईसीबी ने कहा

# इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और भारत से अलग नहीं किया जा सकता

लंदन, 7 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप को दो-स्तरीय मॉडल में बदलने की योजना का विरोध किया है।

ईसीबी का मानना है कि अगर इंग्लैंड का प्रदर्शन कुछ समय के लिए खराब होता है और टीम दूसरी श्रेणी (डिवीजन-2) में चली जाती है, तो इससे ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसी बड़ी टीमों के साथ उनके मुकाबले नहीं हो पाएंगे – जो उनके सबसे अहम और मुनाफे वाले मुकाबले होते हैं।

**आईसीसी ने किया है कमिटी का गठन**

दरअसल, आईसीसी ने हाल ही में एक वर्किंग ग्रुप बनाया है, जिसका नेतृत्व न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी रोजर ट्वोज़ कर रहे हैं। यह समूह 2027 से शुरू होने वाले अगले डब्ल्यूटीसी साइकिल से पहले इस टूर्नामेंट को बेहतर बनाने के उपायों पर काम कर रहा है। दो-स्तरीय प्रणाली (जहां शीर्ष और निचले स्तर की टीमें अलग-अलग डिवीजन में खेलेंगी) इस बार चर्चा का बड़ा विषय रहा है।




**ईसीबी का कहना-भारत-ऑस्ट्रेलिया के साथ नहीं खेलना स्वीकार्य नहीं**

ईसीबी अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, 'अगर इंग्लैंड एक खराब दौर से गुजरता है और डिवीजन-2 में चला जाता है, तो क्या हम ऑस्ट्रेलिया और भारत से नहीं खेल पाएंगे? यह स्वीकार्य नहीं है।'

उन्होंने माना कि डब्ल्यूटीसी ने टेस्ट क्रिकेट को एक नई पहचान दी है, लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है।

उनके अनुसार, समय पर बदलाव और बेहतर शेड्यूलिंग से डब्ल्यूटीसी को और बेहतर बनाया जा सकता है - इसके लिए जरूरी नहीं कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में बांटा जाए।

थॉम्पसन ने इस ओर भी इशारा किया कि 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट शामिल होने जा रहा है, जिससे जुलाई में शेड्यूल को लेकर बड़ी चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोला-छोटे देशों को फायदा होगा, तो इसका समर्थन करेंगे**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बड़ी टीमों की जिम्मेदारी है कि वे छोटे देशों को टेस्ट क्रिकेट में मजबूत बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा,'अगर दो-स्तरीय मॉडल से छोटे देशों को बेहतर संसाधन और अवसर मिलते हैं, तो मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन अगर इससे नुकसान होता है, तो मैं इसका समर्थन नहीं करूंगा।

**क्या है टेस्ट क्रिकेट में 2 टियर सिस्टम**

आईसीसी की योजना है कि बड़े और छोटे क्रिकेट बोर्ड मिलकर यह तय करें कि आगे से जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का चक्र शुरू हो तो उसमें 2 टियर सिस्टम लागू हो। इस समय 9 टीमें डब्ल्यूटीसी में खेल रही हैं, लेकिन आईसीसी चाहती है कि इसमें 12 टीमें हो, लेकिन 6-6 टीमें टियर-1 और टियर-2 में हो। टियर 1 वाली टीमें 5-5 दिवसीय मैच खेलें और टियर 2 वाली टीमें 4-4 दिवसीय टेस्ट खेलेंगे। जो टीम टियर-2 में अच्छा करे और उसे टियर-1 में प्रमोट किया जाए और टियर-1 में खराब प्रदर्शन करने वाली टीम को डिमोट करके टियर 2 में भेजा जाए।

## ओलिंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोली

# बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया

### मुझसे कहा- अपना सिर नीचे करो और जैसा हम कहते हैं वैसा करो



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। वहीं, कर्नल मलिक ने लवलीना के आरोपों को गलत बताया है। इंडियन ओलिंपिक संघ ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टॉप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं। कमेटी को 2 हफ्तों में रिपोर्ट देनी है।

लवलीना ने आरोप लगाया कि 8 जुलाई को टॉप्स की जूम मीटिंग में कर्नल मलिक ने उनके साथ बहुत ही अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।

इसमें आगे लिखा है- इस मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं?

लवलीना ने लिखा- मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बॉक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है। लवलीना ने लिखा- 8 जुलाई को बीएफआई और टॉप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा- चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो। उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था।

लवलीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं। लवलीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं।

अरुण मलिक ने कहा- लवलीना हमारे देश का गौरव हैं। हमने मीटिंग में पूरी प्रोफेशनल तरीके से बातचीत की। मीटिंग रिकॉर्ड की गई थी और सभी संबंधित अधिकारियों के पास इसकी रिकॉर्डिंग है। हमने लवलीना की बातों को नियमों के अनुसार सुना और समझा। लवलीना ने अपने निजी कोच प्रणामिका बोरो को साथ रखने और यूरोप में ट्रेनिंग की इजाजत मांगी। लेकिन कर्नल मलिक ने इन प्रस्तावों को टॉप्स के विचार में लाने से पहले ही मना कर दिया।

## पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को झटका

# बीएफआई चुनावों के लिए एक बार फिर अयोग्य घोषित

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था।

पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के



लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था। अप्रैल में विश्व मुक्केबाजी ने महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति गठित की थी।

फैरुज मोहम्मद की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति के अनुसार ठाकुर का नामांकन 'विश्व मुक्केबाजी द्वारा अनुमोदित बीएफआई के संविधान के अनुच्छेद 20 (तीन) और (सात) का उल्लंघन' है। विश्व मुक्केबाजी द्वारा 18 मई को अनुमोदित संशोधित बीएफआई संविधान के अनुसार अनुच्छेद (तीन) में कहा गया है कि आम परिषद की बैठक में भाग लेने वाला नामित व्यक्ति 'बीएफआई को विधिवत सूचित किए गए और बीएफआई पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होने वाली चुनावी वार्षिक आम बैठक के दौरान राज्य के सदस्य संघ का निर्वाचित सदस्य होगा।'

ठाकुर एचपीबीए के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं और 28 मार्च को होने वाले चुनावों से पहले भी इसी आधार पर उनका नामांकन खारिज किया जा चुका है। उस समय अयोग्यता तत्कालीन बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा जारी एक कार्यालय निर्देश पर आधारित थी। वह प्रावधान अब औपचारिक रूप से संशोधित संविधान का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त अनुच्छेद (सात) उन व्यक्तियों को अयोग्य घोषित करता है जो ''सरकारी कर्मचारी हैं या कोई सार्वजनिक पद पर हैं '' और ठाकुर हिमाचल प्रदेश से वर्तमान सांसद हैं।

इसी तरह दिल्ली एमेच्योर मुक्केबाजी संघ के रोहित जैनेंद्र जैन का नामांकन भी संशोधित संविधान के अनुच्छेद (तीन) का उल्लंघन करने के कारण खारिज कर दिया गया। इस हफ्ते के शुरू में एचपीबीए अध्यक्ष भंडारी ने दावा किया कि उन्होंने कार्यकारी परिषद की मंजूरी के बिना अंतरिम समिति द्वारा किए गए संवैधानिक संशोधनों की वैधता को चुनौती देते हुए एक नया मुकदमा दायर किया है। बीएफआई के पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था। चुनाव पहले 28 मार्च को कराए जाने थे लेकिन कई कानूनी विवादों के कारण प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। विश्व मुक्केबाजी ने चुनाव पूरा करने के लिए 31 अगस्त की समय सीमा तय की है।

# संजू सैमसन के साथ खड़े हैं गौतम गंभीर

## केएल राहुल, ऋषभ पंत को बड़ा झटका!

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप का आगाज 9 सितंबर से होने जा रहा है. 21 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे महीने में हो सकता है. ऐसी खबर है कि एशिया कप के लिए यूएई की फ्लाइट में जिन-जिन खिलाड़ियों को जगह मिलने वाली है, उसमें एक नाम संजू सैमसन का भी रहने वाला है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, संजू सैमसन भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी जगह पक्की करेंगे. शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों के सेलेक्शन को लेकर रिपोर्ट पहले से ही छाई हैं. अब ऐसे में संजू सैमसन के सेलेक्शन की आई रिपोर्ट केएल राहुल, ऋषभ पंत के लिए झटके जैसी है.

**संजू सैमसन फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर क्यों?**

एशिया कप की टीम में संजू सैमसन के बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज चुने जाने का मतलब होगा कि फिर केएल राहुल और ऋषभ पंत के लिए T20 टीम में



जगह नहीं बनेगी. अब सवाल है संजू सैमसन क्यों होंगे बतौर विकेटकीपर हेड कोच गौतम गंभीर की फर्स्ट चॉइश? तो वो इसलिए क्योंकि संजू विकेट के पीछे से तो कमाल कर ही सकते हैं. विकेट के आगे वो ओपनर और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज की दोहरी भूमिका भी निभा सकते हैं. अब आप कहेंगे कि ये काम तो केएल राहुल भी करते हैं. तो हो सकता है कि आप सही हों. लेकिन, जो चीज टी20 में केएल राहुल के मुकाबले संजू सैमसन को आगे ले जाकर खड़ा करती है, वो हैं उनके आंकड़े.

संजू सैमसन टी20 इंटरनेशनल में कम से कम 400 रन बनाने वाले बल्लेबाजों के बीच सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाले भारतीय हैं. बीते 12 महीनों में सिर्फ टी20 इंटरनेशनल ही नहीं बल्कि ओवरऑल टी20 क्रिकेट मिलाकर बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज उनके रिकॉर्ड देखेंगे तो पता चलेगा कि उन्होंने 26 पारियों में 160.84 की स्ट्राइक रेट से 838 रन बनाए हैं. इसमें 2 अर्धशतक और 3 शतक शामिल हैं.

**केएल राहुल और ऋषभ पंत है सैमसन से पीछे**

वहीं केएल राहुल या ऋषभ पंत के बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़े पिछले 12 महीनों में देखेंगे तो सैमसन से जरा फीके नजर आते हैं. ऋषभ पंत और केएल राहुल दोनों ने बीते 12 महीनों में 13-13 टी20 खेले हैं. पंत ने उनमें जहां 133.16 की स्ट्राइक रेट से 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 269 रन बनाए हैं. वहीं राहुल ने 149.72 की स्ट्राइक रेट से 539 रन जड़े हैं. राहुल ने इस दौरान 3 अर्धशतक और 1 शतक लगाए हैं. साफ है कि बीते 12 महीनों में बतौर विकेटकीपर ना स्ट्राइक रेट में और ना ही T20 में जमाए शतक में संजू सैमसन के आगे केएल राहुल या ऋषभ पंत कहीं ठहरते हैं.

**बतौर ओपनर भी दुरुस्त हैं सैमसन के आंकड़े**

टी20 इंटरनेशनल में संजू सैमसन का ओवरऑल स्ट्राइक रेट 152.38 का है. वहीं , बतौर ओपनर उन्होंने 182 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. कहते हैं क्रिकेट में खिलाड़ियों के आंकड़े बात करते हैं. और, अगर ऐसा है तो फिर संजू सैमसन के बतौर विकेटकीपर एशिया कप 2025 की टीम में चुने जाने को लेकर आ रही रिपोर्ट में दम तो दिखता है.

# 'कुलदीप यादव अश्विन की तरह' - टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर चयन को लेकर रॉबिन उथप्पा का बड़ा बयान



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा अब खत्म हो चुका है, जहां सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। इस दौरे पर टीम इंडिया में स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव का भी चयन किया गया था, लेकिन उनको एक भी मैच की प्लेइंग इलेवन में नहीं देखा गया था। ये पूरा दौरा कुलदीप यादव के लिए बाहर बेंच पर ही बैठकर निकला। हालांकि इसको लेकर अक्सर टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ताओं पर सवाल उठते रहते हैं। वहीं अब कुलदीप को इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन जगह न देने को लेकर रॉबिन उथप्पा ने चयनकर्ताओं की सोच पर बड़ा बयान दिया है।

अपने यूट्यूब चैनल पर कुलदीप यादव के टीम इंडिया में चयन को लेकर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि "कुलदीप को प्लेइंग इलेवन में शामिल करके फिर ये सुनिश्चित करें कि आपकी बल्लेबाजी अभी भी उस स्थिति में है जिसपर फैंस टीम इंडिया के कप्तान और मैनेजमेंट पर सवाल न उठाए। कुलदीप शानदार गेंदबाज हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनकी अपनी अलग सीमाएं हैं। इसके लिए उनको काफी मेहनत करनी होगी।"

उथप्पा ने कुलदीप की पूर्व दिग्गज आर अश्विन से तुलना करते हुए कहा "अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 5 या 6 शतक लगाए हैं। अगर कुलदीप यादव 8वें और 9वें नंबर पर ऐसा कर पाते हैं तो वे निश्चित रूप से टेस्ट में खेलेंगे।" कुलदीप यादव ने टीम इंडिया के लिए अभी तक 13 टेस्ट मैच खेले हैं। जिसमें गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 56 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन 113 रन देकर 8 विकेट लेना रहा है। इसके अलावा बल्लेबाजी करते हुए कुलदीप ने 17 पारियों में 199 रन बनाए हैं। जिसमें उनकी बेस्ट पारी 40 रनों की रही।

# युवा भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

## चार खिलाड़ियों ने फाइनल में बनाई जगह



बैंकॉक, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी के फाइनल में जगह बना ली है। नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरुषों के 75 किलो वर्ग में 5-0 से हराया। वहीं पुरुषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5-0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था। हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए। हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5-0 से हराया। वहीं, मयूर को उजबेकिस्तान के ही शाखजोद पोल्वोनोव ने मात दी। अंकुश को कजाखस्तान के संजार अली बेगालियेव ने 5-0 से हराया। भावना शर्मा महिलाओं के 48 किलो वर्ग में हार गईं, जबकि पार्थवी ग्रेवाल (60 किलो), प्रांजल यादव (65 किलो) और श्रुति (75 किलो) को भी सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# श्रेयस अय्यर एशिया कप में मिडिल ऑर्डर खेलते दिख सकते हैं

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। श्रेयस अय्यर आईपीएल के बाद से क्रिकेट के मैदान पर काफी कम दिखाई दिए हैं, अब खबरे हैं कि ये खिलाड़ी एशिया कप में नजर आएगा. रिपोर्ट्स हैं कि टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ता श्रेयस अय्यर को टीम इंडिया में मौका दे सकते हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक अगस्त के तीसरे या चौथे हफ्ते में एशिया कप के लिए टीम इंडिया का चयन होगा, इसके साथ-साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम चुनी जाएगी और इन दोनों ही टीमों में श्रेयस अय्यर को मौका मिलने वाला है.

**श्रेयस अय्यर की वापसी क्यों है फिक्स?**



श्रेयस अय्यर इसलिए एशिया कप और टेस्ट फॉर्मेट में वापसी के बड़े दावेदार हैं क्योंकि टीम को अनुभव की जरूरत है. अय्यर हैं तो तीस साल के लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा क्रिकेट खेला है. उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट के प्रेशर का भी अनुभव है. अय्यर एशिया कप में मिडिल ऑर्डर में खेलते दिख सकते हैं. स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ उनकी अच्छी बल्लेबाजी भी उनकी वापसी का दावा ठोक रही है. यही वजह है कि भारत में वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में भी उनका सेलेक्शन तय माना जा रहा है. फिलहाल श्रेयस अय्यर का सेलेक्शन वेस्ट जोन टीम में हुआ है. वो दिलीप ट्रॉफी में 28 अगस्त से नजर आएंगे.

**श्रेयस अय्यर ने रन भी खूब बनाए हैं**

श्रेयस अय्यर ने अपनी बैटिंग से भी सेलेक्टर्स को उन्हें चुनने के लिए मजबूर सा कर दिया है. इस खिलाड़ी ने आईपीएल 2025 में कमाल ही कर दिखाया. टूर्नामेंट में पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हुए उन्होंने 175 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए. अय्यर की बैटिंग एवरेज भी 50 से ज्यादा की रही. उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल फाइनल तक पहुंची लेकिन खिताबी जंग में उसे आरसीबी से हार का सामना करना पड़ा.

# वेस्टइंडीज ने वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया

## पाकिस्तान से पहला मैच 8 अगस्त को

खेल डेस्क, 7 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस बार तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की वनडे टीम में वापसी हुई है।

अल्जारी जोसेफ को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में भी आराम दिया गया था। टीम मैनेजमेंट उनके वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें लगातार ब्रेक दे रहा है। वहीं, रोमारियो शेफर्ड ने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वनडे मैच खेला था। इस साल इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे।

**वेस्टइंडीज की नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन पर**

वेस्टइंडीज फिलहाल वनडे रैंकिंग में 10वें स्थान पर है और उनकी नजर 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए डायरेक्ट क्वालिफिकेशन हासिल करने पर है। टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा,'पाकिस्तान एक अलग तरह की चुनौती है। उनके खिलाफ खेलने से हमें अहम रैंकिंग अंक मिल सकते हैं जो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए जरूरी हैं।' हाल ही में वेस्टइंडीज को पाकिस्तान से टी-20 सीरीज 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन वनडे में उनका घरेलू प्रदर्शन मजबूत रहा है। उन्होंने घर में पिछली तीन वनडे सीरीज जीती हैं।

**वेस्टइंडीज वनडे टीमः** शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रू, जेडियाह ब्लेड्स, कीसी कार्टी, रॉस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, आमिर जंगू, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, इविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

# यशस्वी जायसवाल ने टीम छोड़ने का बना लिया था मन

## रोहित शर्मा के कहने पर लिया यू-टर्न, बड़ा खुलासा

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय टीम के बेहतरीन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन इंटरनेशनल क्रिकेट में हमेशा ही काफी अच्छा रहा है. उन्होंने घरेलू क्रिकेट में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए फैंस का दिल जीत लिया है. घरेलू क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल मुंबई की ओर से खेलते हुए नजर आए हैं. वो पिछले काफी समय से मुंबई का हिस्सा रहे हैं. हालांकि उन्होंने इस साल की शुरुआत में गोवा की ओर से खेलने का मन बना लिया था और उन्हें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अनौपचारिक प्रमाण पत्र भी मिल गया था. लेकिन रोहित शर्मा के कहने पर उन्होंने अपने फैसले से यू-टर्न



ले लिया और इस बात का खुलासा मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने किया.

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, रोहित ने यशस्वी को उनके करियर के इस स्टेज पर मुंबई में ही रहने को कहा. उन्होंने बताया कि मुंबई जैसी टीम की ओर से खेलना काफी सम्मान की बात है जिन्होंने रणजी ट्रॉफी को 42 बार जीता है और ये बहुत बड़ा रिकॉर्ड है. रोहित ने सलामी बल्लेबाज को ये भी बताया कि उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि मुंबई क्रिकेट की वजह से ही उन्हें अपना टैलेंट दिखाने का प्लेटफार्म मिला और वो टीम इंडिया में अपनी जगह बना पाए. यशस्वी को इस बात के लिए अपने शहर का सम्मान करना चाहिए.

यशस्वी जायसवाल की बात की जाए तो उन्होंने मुंबई की ओर से अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू 2019 में किया था. उन्होंने 43 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 66.58 के औसत से 4233 रन बनाए हैं जिसमें 15 शतक और 15 अर्धशतक शामिल है.

# कनाडा की युवा खिलाड़ी मबोको फाइनल में पहुंचीं, रिबाकिना को हराया



मॉन्ट्रियल, 7 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया मबोको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। 18 साल की मबोको ने रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 (4) से मात दी। मबोको ने तीसरे सेट में मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट टाईब्रेकर में पहुंचाया। मबोको का सामना अब जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 (7) से हराया। 85वीं रैंकिंग की मबोको अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर खिताब की तलाश में उतरेंगी। अगर मबोको खिताब जीतने में सफल रहीं तो वह ओपन एरा में घरेलू टूर्नामेंट जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी होंगी। कनाडा के लिए फेय अर्बन (1969) और बियांका आंद्रेस्कू (2019) में ऐसा कर चुकी हैं। मबोको ने कहा, अभूतपूर्व मैच। जिन्होंने मेरा समर्थन किया उन सभी को धन्यवाद। यह काफी कठिन मैच था, लेकिन सब कुछ संभव है।

# भाजपा 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण में बाधा डाल रही है : मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी



नई दिल्ली, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ज्ञातव्य है कि तेलंगाना राज्य में 42 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करने के लिए केंद्र सरकार की मंज़ूरी की मांग को लेकर सभी कांग्रेस नेता दिल्ली पहुंचे हैं। बुधवार को जंतर-मंतर पर एक महाधरना भी आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि प्रतिद्वंद्वी भाजपा पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक में बाधा डाल रही है। उन्होंने गुरुवार को दिल्ली में इस मुद्दे पर मीडिया से बात की।

मुख्यमंत्री रेवंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर राष्ट्रपति द्वारा उन्हें दी जाने वाली मिलने के समय में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर दुःख व्यक्त किया कि राष्ट्रपति द्वारा उन्हें नहीं दी मिलने का समय नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने भाजपा पर तेलंगाना के लोगों के साथ हमेशा अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आरक्षण को लेकर हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि उनकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बीआरएस पार्टी पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर एक षडयंत्रकारी भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सवाल उठाया कि बीआरएस ने बुधवार के धरने में भाग क्यों नहीं लिया। वह इस बात से नाराज़ थे कि वे धरने में शामिल होने के बजाय अपमान की बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता भाजपा और बीआरएस पार्टियों को सबक सिखाएगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि उनकी सरकार की जाति जनगणना में पूरी जानकारी एकत्र की गई है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सभी समुदायों को न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में पिछड़ी जातियों की आबादी जानने के लिए जाति जनगणना कराई गई थी।

उन्होंने कहा, जाति जनगणना के बाद ही पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वादे के अनुसार पिछड़ी जातियों के आरक्षण के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोज़गार और स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए दो विधेयक लाए गए हैं। यह याद दिलाते हुए कि बीआरएस पार्टी ने आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक न हो, उन्होंने कहा कि वे बीआरएस पार्टी द्वारा बनाए गए कानून को पलटने के लिए अध्यादेश लाए हैं। उन्होंने इस बात पर नाराज़गी जताई कि भारत के राष्ट्रपति ने चार महीने बाद भी इन विधेयकों को मंज़ूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर सभी प्रयास किए गए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित कानूनों को दिल्ली भेजा गया था। रेवंत ने खुलासा किया कि वे राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग आरक्षण के मुद्दे पर लड़ने के लिए दिल्ली आए हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि बुधवार को कांग्रेस पार्टी के धरने को 100 से ज़्यादा सांसदों ने अपना समर्थन दिया था। उन्होंने डीएमके, एनसीपी, सपा और अन्य दलों के नेताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके धरने का समर्थन किया। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना के जाति जनगणना मॉडल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सभी मंत्री, विधायक और एमएलसी जाति-भेद के बिना जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। रेवंत ने कहा कि वे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने नेता राहुल गांधी द्वारा किए गए वादे को पूरा कर रहे हैं।

**किशन रेड्डी का जवाब :**

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि किशन रेड्डी का अपने पार्टी नेताओं राहुल गांधी और खड़गे के धरना कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर उनके बारे में गैंग लीडर की तरह बात करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना सर्वेक्षण पर किशन रेड्डी के समक्ष एक प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सलाह दी है कि अगर किशन रेड्डी तारीख, समय और स्थान तय कर दें, तो अधिकारी किशन रेड्डी की शंकाओं का समाधान कर देंगे।

# कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने रेवंत रेड्डी की कार्यशैली की आलोचना की

## कोडंगल को धन आवंटन में असमानता पर उठाया सवाल



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की कार्यशैली अब उनकी अपनी पार्टी के भीतर से ही जांच के दायरे में आ गई है, कई कांग्रेस विधायकों ने शासन और पार्टी मामलों को संभालने के उनके दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की है। मुनुगोड़े के विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने बुधवार को एक बार फिर उन पर हमला किया और मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया तथा उन पर शासन के मुख्य मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

राजगोपाल रेड्डी ने हैदराबाद के एक होटल में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिव कुमार से भी मुलाकात की, जिससे पार्टी हलकों में अटकलों को और बल मिला। मुनुगोड़े विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे लंबे-चौड़े भाषण देना बंद करें और प्रशासन तथा वादों के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में राजगोपाल रेड्डी ने कहा, लोग मुख्यमंत्री के अहंकार और विपक्ष के प्रति अभद्र भाषा के कारण उनसे नफ़रत कर रहे हैं। वे कांग्रेस से अपनी उपलब्धियों और वादों को पूरा करने के बारे में बोलने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पिछले 20 महीनों में ग्रामीण इलाकों में विकास पिछड़ गया है। उन्होंने आगे कहा, मुख्यमंत्री को उन्माद में आने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस अगले तीन साल तक सत्ता में रहेगी। उन्हें सुशासन पर ज़ोर देना चाहिए। कई कांग्रेस विधायकों ने कथित तौर पर धन आवंटन में कथित भेदभाव पर असंतोष व्यक्त किया है। राजगोपाल रेड्डी ने मुख्यमंत्री के कोडंगल निर्वाचन क्षेत्र को कथित तौर पर 5,000 करोड़ रुपये के आवंटन पर आपत्ति जताई। नारायणखेड़ के विधायक पी. संजीव रेड्डी ने भी इस चिंता को दोहराया और कहा कि उन्हें खुशी होगी अगर कोडंगल को दिए गए धन का कम से कम 25 प्रतिशत अन्य निर्वाचन क्षेत्रों को दिया जाए। जेडचेरला विधायक जे अनिरुद्ध रेड्डी ने पहले भी तेलंगाना में प्रमुख कार्यों पर आंध्र प्रदेश के ठेकेदारों के प्रभुत्व को लेकर चिंता जताई थी। इसी भावना को दोहराते हुए, राजगोपाल रेड्डी ने भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के तहत आंध्र प्रदेश के ठेकेदार तेलंगाना के संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

### पहली अर्धवार्षिक अपराध समीक्षा बैठक का समापन सत्र

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस महानिदेशक, डॉ. जितेंद्र, आईपीएस ने तेलंगाना भर में आपराधिक गिरोहों द्वारा किए गए अपराधों और मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के खिलाफ केंद्रित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। डीजीपी गुरुवार को डीजीपी कार्यालय में आयोजित पहली अर्धवार्षिक अपराध समीक्षा बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बैठक का समन्वय सीआईडी की अतिरिक्त डीजीपी चारु सिन्हा ने किया और इसमें टीजीपीए निदेशक अभिलाषा बिष्ट, डीजी जेल सौम्या मिश्रा, अतिरिक्त डीजीपी महेश एम. भागवत, वी.वी. श्रीनिवास राव, स्वाति लाकड़ा, अनिल कुमार, संजय कुमार जैन, आईपीएस और स्टीफन रवींद्र कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। डीजीपी डॉ. जितेंद्र ने कहा कि संगठित अपराध से निपटने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान मौजूद हैं और पुलिस अधिकारियों, आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गिरोहों की सक्रिय रूप से पहचान करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने बताया कि ऐसे गिरोहों से जुड़े कई अपराधी दो दशकों से भी ज़्यादा समय से जेल की सज़ा काट रहे हैं।

# टीएएसए और स्पर्श हॉस्पिस ने हाथ मिलाया



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएएसए) ने स्पर्श हॉस्पिस (रोटरी क्लब ऑफ बंजारा हिल्स की एक पहल, जो उपशामक देखभाल में विशेषज्ञता रखती है) और हैदराबाद स्थित पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की पहल की है।

इस पहल से हैदराबाद और तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के आस-पास के जिलों में 2,80,749 से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को लाभ होगा, क्योंकि इससे जीवन के अंतिम चरण में कैंसर से गंभीर रूप से बीमार ईसीएचएस लाभार्थियों को कैशलेस उपशामक देखभाल की सुविधा मिलेगी। स्पर्श की व्यापक हॉस्पिस देखभाल में आंतरिक रोगी, घर-आधारित और बाह्य रोगी सेवाएं शामिल हैं, जो रोगियों और उनके परिवारों को विशिष्ट सहायता प्रदान करती हैं। हैदराबाद के खाजागुडा में इसकी 82-बिस्तरों वाली सुविधा है, जो विशेष रूप से कैंसर जैसे गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए आंतरिक रोगी उपशामक देखभाल प्रदान करती है।

डॉक्टरों, नर्सों और सामाजिक परामर्शदाताओं की एक समर्पित टीम दर्द प्रबंधन, लक्षण नियंत्रण, शोक सहायता और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि मरीजों को वह देखभाल मिले जिसके वे हकदार हैं।

# पति से झगड़े के बाद महिला ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार रात बंडलागुडा में एक 30 वर्षीय महिला ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। कर्नाटक की मूल निवासी और बंडलगुडा थाना क्षेत्र के नूरीनगर निवासी सगीरा फातिमा (30) का विवाह बशीर अहमद से हुआ था और उनके तीन बच्चे थे। बंडलागुडा पुलिस ने बताया कि कुछ महीनों से दंपत्ति के बीच पारिवारिक कलह चल रही थी। बुधवार रात दंपत्ति में फिर झगड़ा हुआ। इसके बाद अहमद घर छोड़कर बाहर चला गया। इसके बाद सगीरा ने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# तेलंगाना ने हथकरघा श्रमिकों के समर्थन में मानक स्थापित किए : तुम्मला

## > मंत्री ने हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि एवं हथकरघा मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कहा कि तेलंगाना हथकरघा श्रमिकों के कल्याण और विकास में अग्रणी है और जियो-टैगिंग की प्रक्रिया में भी अग्रणी है। हथकरघा दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, मंत्री ने गुरुवार को हैदराबाद के पीपुल्स प्लाजा में हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में 100 से अधिक स्टॉल हैं और यह 17 अगस्त तक चलेगी। उन्होंने प्रदर्शित हथकरघा वस्तुओं का अवलोकन किया और प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने के लिए कारागार विभाग के योगदान की भी प्रशंसा की। मंत्री ने कोंडा लक्ष्मण बापूजी हथकरघा पुरस्कार प्राप्त करने वालों को बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, तुम्माला ने कहा कि हथकरघा केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह एक हस्तकला है जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है। इस कला को संरक्षित करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। तेलंगाना राज्य ने हथकरघा के क्षेत्र में देश भर में विशेष पहचान बनाई है और गदवाला, नारायणपेट, पोचमपल्ली इक्कत, सिद्दीपेट गोलाभामा, वारंगल दर्री, करीमनगर बेडशीट जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं। मंत्री ने कहा कि हथकरघा उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने के लिए सरकारी विभागों को केवल टेस्को के माध्यम से ही कपड़े खरीदने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया, आईआईएचटी (भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान) के माध्यम से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके हथकरघा कला को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या के मामले में तेलंगाना सरकार हथकरघा श्रमिकों के साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर, मंत्री ने त्रिलिंगा सिल्क साड़ियों और तेलंगाना प्रामाणिक बुनाई लोगो का अनावरण किया। प्रमुख सचिव (वस्त्र) शैलजा रामअय्यर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जलाशयों में बढ़ते स्तर पर नजर रख रहा है जल बोर्ड

## बोले अधिकारी-बरती जा रही हैं आवश्यक सावधानियां



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानसागर और हिमायतसागर जलाशयों में गुरुवार को भी जलस्तर जारी रहने के कारण जल बोर्ड के अधिकारी बढ़ते जलस्तर पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हैदराबाद महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि जल प्रवाह पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

सुबह 6 बजे दर्ज किए गए एचएमडब्ल्यूएस एंड एसबी के जल स्तर विवरण के अनुसार, उस्मानसागर जलाशय का जलस्तर 1,782.80 फीट है, जो 1,790 फीट के पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) से कम है और इसमें कोई जल प्रवाह नहीं है। हिमायतसागर जलाशय, जो पहले से ही लबालब भरा हुआ है, 1,763.50 फीट के एफटीएल से एक फीट (1,762.45 फीट) ऊपर बना हुआ है और इसमें 50 क्यूसेक जल प्रवाह है। निचले इलाकों और मूसी नदी के किनारे रहने वाले निवासियों को स्थिति के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।




# कृषि भूमि को पानी से वंचित कर रही कांग्रेस सरकार : मधुसूदन चारी

## > जो किसानों के लिए अभिशाप बन गई है



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विधान परिषद में विपक्ष के नेता एस मधुसूदन चारी ने कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर किसानों की उपेक्षा करने और कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को बदनाम करने के लिए सिंचाई कवरेज कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार को निशाना बनाने के लिए परियोजना के तहत कृषि भूमि को पानी से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह सरकार किसानों के लिए अभिशाप बन गई है। वे गोदावरी नदी से पानी उठाए बिना तेलंगाना में 2014 से पहले के सूखे की स्थिति को फिर से पैदा कर रहे हैं।

गुरुवार को तेलंगाना भवन में बोलते हुए, मधुसूदन चारी ने कहा कि एसआरएसपी (श्री राम सागर परियोजना) चरण-1 के तहत लगभग नौ लाख एकड़ अयाकट के बदले, सरकार ने केवल दो लाख एकड़ में सिंचाई का पानी देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों द्वारा बुवाई शुरू करने के बाद सिंचाई कार्यक्रम की घोषणा की, जो किसानों के प्रति उसकी उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सिंचाई नीति दिशाहीन है। कालेश्वरम परियोजना की मोटरें चालू करने के बजाय, सरकार झूठ फैला रही है और खेतों को सूखने के लिए छोड़ रही है, ताकि परियोजना को बदनाम किया जा सके और बाद में केसीआर को निशाना बनाया जा सके। उन्होंने खड़ी फसलों की सुरक्षा के लिए कालेश्वरम परियोजना को तुरंत चालू करने की मांग की।

पूर्व विधायक पेड्डी सुदर्शन रेड्डी ने मेडिगड्डा में 1.45 लाख क्यूसेक पानी बहने के बावजूद कालेश्वरम परियोजना की मोटरें चालू न करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अन्नाराम और सुंडिला बैराजों की पंपिंग मोटरें भी तकनीकी समस्याओं के कारण नहीं, बल्कि चंद्रशेखर राव और टी. हरीश राव की छवि खराब करने की राजनीतिक साजिश के कारण बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण और कृषि प्रगति की बजाय प्रतिशोध की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान विरोध में सड़कों पर उतर सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस सरकार कार्रवाई नहीं करती है, तो स्थानीय निकाय चुनावों में उन्हें किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस पूरा समर्थन देगा।

# 11 अगस्त को हैदराबाद में मेगा जॉब मेला

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 11 अगस्त को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रूप गार्डन फंक्शन हॉल, पीवीएनआर एक्सप्रेसवे पिलर नंबर 61 में एक मेगा जॉब मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में, आयोजक, इंजीनियर मन्नान खान ने बताया कि इस रोज़गार मेले में कई कंपनियां भाग लेंगी और फार्मा, स्वास्थ्य सेवा, आईटी और आईटीईएस, शिक्षा, बैंकिंग आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान करेंगी। कुछ कंपनियां घर से काम करने का विकल्प भी प्रदान करेंगी। न्यूनतम एसएससी योग्यता वाले उम्मीदवार इसमें भाग लेने के पात्र हैं। प्रारंभिक साक्षात्कार कार्यक्रम स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। प्रवेश निःशुल्क है तथा इच्छुक नौकरी चाहने वाले अधिक जानकारी के लिए 8374315052 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विशेष ट्रेनों की घोषणा

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे ने सिकंदराबाद-मैसूरु और चेरलापल्ली-काकीनाडा टाउन के बीच विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। तदनुसार, सिकंदराबाद और मैसूर के बीच ट्रेनें (ट्रेन संख्या 07033/07034) 8 अगस्त से 30 अगस्त तक आठ सेवाओं के साथ चलेंगी। इसी प्रकार, चेरलापल्ली से काकीनाडा टाउन तक ट्रेन संख्या 07031 8 अगस्त को चलेगी, और वापसी सेवा, ट्रेन संख्या 07032, 10 अगस्त को संचालित होगी। इन ट्रेनों में 2एसी, 3एसी, स्लीपर और सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे होंगे।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 133 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.14 2082 शुक्रवार, 8 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सीआरपीएफ की गाड़ी फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरी : 3 की मौत

जम्मू-कश्मीर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# किसानों-पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं : मोदी

> टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा-इसकी कीमत चुकानी होगी > अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है



नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा- मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौरों की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर आज, यानी 7 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। वहीं 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

> टैरिफ पर 6 दौर की बात, अमेरिकी दल बात करने 24 अगस्त को आएग
> स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया
> किसानों के हित के लिए कई योजनाएं

**एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर पर मतभेद, 5 पॉइंट**

> अमेरिका चाहता है कि उसकी डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है।

> भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

> भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो।

> इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे।

> इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं।

## शशि थरूर बोले-ये दोहरा मापदंड है, हमें सीख लेनी चाहिए

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतरिक्त टैक्स लगा दिए है। यह टैक्स भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर लगाया गया है। इस फैसले के बाद भारत से अमेरिकी बाजार में जाने वाले सामान पर कुल 50 प्रतिशत टैक्स लगने लगेगा।

ऐसे में भारत में इस बात को लेकर भी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अमेरिका के इस कदम को अनुचित और दोहरे मापदंड वाला बताया। साथ ही कहा कि अमेरिका खुद रूस से कई चीजें मंगा रहा है, लेकिन भारत को निशाना बना रहा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि अमेरिका ने चीन को 90 दिन की छूट दी है, जबकि वह हमसे कहीं ज्यादा रूसी तेल खरीदता है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगा

## सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज की

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर जले नकदी नोट मामले में इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। इस्तीफा सौंप दें : अगर जस्टिस वर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देते हैं तो वह महाभियोग का सामना करने से बच जाएंगे। साथ ही उन्हें रिटायर्ड जज के तौर पर पेंशन भी मिलेगी।
> महाभियोग का सामना करें : जस्टिस वर्मा को अगर महाभियोग के जरिए पद से हटाया जाता है तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल पाएंगे। हालांकि वे इस्तीफा देने से पहले ही इनकार कर चुके हैं।




# 'चुनाव आयोग के साथ मिलकर हो रही है आपराधिक धोखाधड़ी'

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर करारा हमला बोला है। उन्होंने विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि- महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए हैं। राहुल गांधी का आरोप है लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के बीच इन मतदाताओं को जोड़ा गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी बीते कुछ समय से चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और कुछ अन्य जगहों की मतदाता सूची के आधार पर चौंकाने वाले दावे किए हैं। मतदाता सूची में जोड़े गए हजारों-लाखों नाम का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन न करते हुए वोट की चोरी की जा रही है। उन्होंने कई आंकड़ों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि आयोग की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में है। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से जुटाए गए सबूतों का जिक्र करते हुए कहा कि वोटों की चोरी भाजपा के लिए की जा रही है। मतदाता सूची के मुद्दे पर कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि आयोग इस मुद्दे पर जवाब क्यों नहीं दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है।

### 'लिखित में प्रमाणित करें'

बेंगलूरू, 7 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ी को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें पत्र लिखकर जवाब मांगा है।

इस पत्र में उनसे कहा गया है कि वह निर्वाचन नियमों के तहत शपथपत्र भरकर उन मतदाताओं के नाम दें, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया है कि या तो वे अयोग्य होकर भी सूची में हैं या योग्य होते हुए भी सूची से बाहर कर दिए गए हैं।



## एनपीडीसीएल एई और लाइनमैन निलंबित

**खम्मम, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)।** उत्तरी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ( एनपीडीसीएल ) के एक सहायक अभियंता (एई) और एक सहायक लाइनमैन (एएलएम) को कृषि बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए किसानों से कथित तौर पर रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में सेवा से निलंबित कर दिया गया। आरोपी, एई आर भास्कर राव और एएलएम यू जगत जीवन, खम्मम सर्कल के तिरुमलयपालेम में तैनात थे। उन्हें किसानों से सर्विस कनेक्शन की सुविधा के लिए 90,000 रुपये मांगने का दोषी पाया गया। डिवीजनल इंजीनियर (डीई) हीरालाल द्वारा की गई विभागीय जांच के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया।

## किसान पर गिरी बिजली, मौत

आसिफाबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को कौटाला मंडल के पारडी गांव में अपने खेत में काम करते समय बिजली गिरने से 58 वर्षीय आदिवासी किसान की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बिजली गिरने से किसान कुदिमेथा शंकर बेहोश हो गया और उसे कौटाला मंडल मुख्यालय स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जब यह घटना घटी, तब शंकर धान की रोपाई के लिए अपने खेत को तैयार कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी हैं।

## कमीशन और बोनस के बहाने कर्मचारी ने गवाएं 35 लाख रुपये

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। फर्जी रेंटल प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधि के रूप में साइबर धोखेबाजों ने शहर के एक निजी कर्मचारी को किराये के कमीशन और बोनस के बहाने 35.2 लाख रुपये की ठगी की है। मुशीराबाद निवासी एक पीड़ित को दो व्यक्तियों का व्हाट्सएप संदेश मिला, जिन्होंने खुद को केरल के एक रेंटल पोर्टल का सदस्य बताया। उन्होंने अपनी वेबसाइट पर प्रॉपर्टी पोस्ट करने और उन्हें व्हाट्सएप पर शेयर करने पर कमीशन और बोनस देने का वादा किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, योजना में शामिल होने के लिए, पीड़ित से शुरुआती 10,000 रुपये जमा करने को कहा गया, जिसके बाद उसे जमा राशि के बदले अतिरिक्त राशि मिल गई। व्यक्ति ने कई किश्तों में धनराशि जमा करना जारी रखा और अंततः कुल 35.26 लाख रुपये भेज दिए। घोटालेबाजों ने उसकी कमाई वापस करने के लिए 12 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। ठगी का एहसास होने पर, पीड़ित ने हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई , जो मामले की जाँच कर रही है।

## कथित तौर पर एलकेजी के छात्र पर शिक्षक ने फेंका टिफिन बॉक्स सिर में लगी चोट

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सैदाबाद के एक स्कूल में एक शिक्षक द्वारा कथित तौर पर एलकेजी कक्षा के छात्र पर टिफिन बॉक्स फेंके जाने से उसके सिर में चोट लग गई। तीन साल का अवुला ईश्वर नाम का बच्चा सैदाबाद के एक निजी स्कूल में एलकेजी में पढ़ता है। बुधवार को बच्चे के पिता मणिकांत उसे सुबह स्कूल छोड़ने गए थे। दोपहर में, स्कूल क्लर्क ने मणिकांत के परिवार को फ़ोन करके बताया कि खेलते समय बच्चे के सिर में चोट लग गई है। जब माता-पिता स्कूल पहुँचे, तो कथित तौर पर स्टाफ ने उनका सहयोग नहीं किया। मणिकांता ने मीडियाकर्मियों से कहा, बच्चे को एक शिक्षक द्वारा टिफिन बॉक्स से मारने के बाद चोट लग गई। स्कूल प्रबंधन इस घटना को कमतर आंकने की कोशिश कर रहा है और कह रहा है कि दो बच्चों में झगड़ा हुआ था। माता-पिता ने आईएस सदन पुलिस स्टेशन पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## 14 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आबकारी एवं निषेध विभाग के अधिकारियों ने सिकंदराबाद में गांजा ले जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। 20 वर्षीय सुनील नाइक ओडिशा गया और एक व्यक्ति से 14 किलोग्राम गांजा खरीदा। फिर वह कोणार्क एक्सप्रेस से शहर लौट आया। एक अधिकारी ने बताया, सुनील सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर कुछ लोगों को गांजा पहुँचाने के लिए खड़ा था, तभी उसे पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शराब पीने और पुलिस से बहस के आरोप में 8 छात्र गिरफ्तार

हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय पुलिस ने सार्वजनिक रूप से शराब पीने पर आपत्ति जताने पर पुलिस अधिकारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने के आरोप में आठ छात्रों को गिरफ्तार किया है। घटना शनिवार रात की है जब कैंपस के टैगोर ऑडिटोरियम के पास छात्रों का एक समूह शराब पीता हुआ पाया गया। उन्हें देखते ही पुलिस की गश्ती गाड़ी उनके पास आई और उन्हें थाने चलने को कहा। हालांकि, मौके पर हंगामा मच गया और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाया गया। एक पुलिस कांस्टेबल की शिकायत पर पुलिस ने आठ छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सभी को अदालत में पेश किया गया और जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## वरिष्ठ भाकपा नेता की दुर्घटना में मौत

## श्रद्धांजलि सभा में शोक की लहर



कोत्तागुडेम, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कई नेताओं ने सीपीआई राज्य कार्यकारी सदस्य बोलोजू अयोध्या चारी की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। सूर्यापेट में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। यह दुर्घटना खम्मम-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई जब वह मेडिकल चेकअप के लिए हैदराबाद जा रहे थे। कार चालक रमेश घायल हो गया, जबकि अयोध्या चारी की मौके पर ही मौत हो गई क्योंकि कार आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। जिले के मनुगुरु निवासी अयोध्या चारी पूर्व में खम्मम जिला परिषद के उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

उन्होंने कई जन आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एजेंसी गाँवों के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। पूर्व सांसद नामा नागेश्वर राव ने कहा कि अयोध्या चारी दशकों के इतिहास वाले एक कम्युनिस्ट योद्धा थे, एक ऐसे नेता थे जिन्होंने लोगों के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ाई लड़ी और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध थे। सांसद वड्डीराजू रविचंद्र और आर रघुराम रेड्डी ने भी भाकपा नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति अलर्ट रहें विद्यार्थी : डीएसपी

संगारेड्डी, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डीएसपी साइबर क्राइम एन वेणुगोपाल रेड्डी ने छात्रों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहने और धोखेबाजों द्वारा साझा किए गए यूआरएल पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कई लोग जल्दी पैसा कमाने की चाहत में साइबर अपराधों का शिकार हो जाते हैं। साइबर जागरूकता दिवस के तहत बुधवार को जहीराबाद स्थित आचार्य डिग्री कॉलेज में डिग्री छात्रों को संबोधित करते हुए वेणुगोपाल रेड्डी ने उन्हें व्यापार और निवेश धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, ऋण घोटाले, विज्ञापन धोखाधड़ी और सामान्य ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

## सबिता इंद्रा रेड्डी के साथ खराब व्यवहार के लिए माफी मांगें सीएम : हरीश राव



हैदराबाद, 7 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस के वरिष्ठ विधायक टी हरीश राव ने वरिष्ठ विधायक और पूर्व गृह मंत्री पी सबिता इंद्रा रेड्डी के साथ कांग्रेस सरकार के दुर्व्यवहार की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक और अपमानजनक बताया। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जिनके पास गृह विभाग भी है, बिना शर्त माफ़ी मांगें। महिलाओं के प्रति सरकार के सम्मान पर सवाल उठाते हुए, हरीश राव ने एक महिला विधायक को एक मंत्री की मौजूदगी में, पुलिस की मिलीभगत से, दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की अनुमति देने के लिए सत्तारूढ़ दल की आलोचना की।

वाराणसी, 7 अगस्त (एजेंसियां)। काशी नगरी में अपराध पर लगाम कसने की दिशा में एक और बड़ी कार्रवाई सामने आई है। विशेष ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)-2 ने बाबतपुर क्षेत्र के सगुनहा तिराहे के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पर छापा मारकर चल रहे हुक्काबार और देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में चार युवतियों और छह युवकों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें रेस्टोरेंट का संचालक सर्वेश सिंह भी शामिल है। यह पिछले तीन दिनों में तीसरा सेक्स रैकेट है जिसे पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। सूचना मिली थी कि सगुनहा तिराहे पर स्थित अंशिका रेस्टोरेंट के पिछले हिस्से में संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। सादे कपड़ों में एसओजी-2 की टीम, उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने आम ग्राहक बनकर रेस्टोरेंट में एंट्री ली और बातचीत के दौरान यह पुष्टि हुई कि वहां हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार भी संचालित किया जा रहा है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद एसओजी-2 टीम प्रभारी और डीसीपी क्राइम सरवणन टी। स्वयं फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की दबिश की खबर मिलते ही रेस्टोरेंट में अफरातफरी मच गई। संचालक समेत कई युवक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए उन्हें मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

# यूपी में झारखंड का खुंखार अपराधी पुलिस एनकाउंटर में ढेर

प्रयागराज, 7 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी एसटीएफ ने झारखंड के खुंखार अपराधी को एनकाउंटर में मार गिराया है। यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एटीएस के साथ बदमाश की मुठभेड़ हुई। जवाबी कार्रवाई में यूपी एसटीएफ ने धनबाद के खूंखार अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से बदमाश के पास से एक एके 47, पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया गया है।

शातिर बदमाश आशीष रंजन उर्फ छोटू ने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे पर खुद को घिरता देख एके 47 और 9 एमएम पिस्टल से एसटीएफ टीम पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। एसटीएफ प्रयागराज टीम



को सूचना प्राप्त हुई कि कई हत्याओं का वांछित माफिया अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह निवासी जेसी मल्लिक रोड, धनबाद, झारखंड अपने साथी के साथ शिवराजपुर चौराहा थाना शंकरगढ़ प्रयागराज के रास्ते प्रयागराज जाने वाला है। जहां किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। इस सूचना पर प्रयागराज टीम द्वारा घेराबंदी कर शिवराजपुर चौराहा थाना शंकरगढ़ के नजदीक घेराबंदी का पकड़ने का प्रयास किया गया। उसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से एके 47 और पिस्टल से फायर किया गया। इससे प्रयागराज के तीन कर्मचारी व अधिकारी जेपी राय प्रभंजन व रोहित बाल बाल बचे। पुलिस की गोलीबारी में बदमाश गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे नजदीकी अस्पताल में भेजा गया।

अस्पताल के डॉक्टरों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रतापगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक बदमाश मो। शोएब के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। दूसरा बदमाश मो। मारुफ उर्फ निखिल को मौके से गिरफ्तार किया गया।

## हनी सिंह और औजला की बढ़ी मुश्किलें

### गानों को लेकर विवाद, महिला आयोग ने कार्रवाई के लिए डीजीपी को लिखा पत्र



चंडीगढ़, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब गायक करण औजला और सिंगर व रैपर हनी सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दोनों के खिलाफ पंजाब महिला आयोग सख्त दिखाते हुए डीजीपी को पत्र लिखा है। गानों में महिलाओं पर आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने गायक हनी सिंह और करण औजला के खिलाफ कार्रवाई के लिए पंजाब डीजीपी को लिखा पत्र हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने पत्र में कहा कि दोनों गायकों ने अपने-अपने गानों में महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल किया है, जो महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस बारे में क्या कार्रवाई हुई है। 11 अगस्त तक पुलिस को आयोग में रिपोर्ट देनी होगी। करण औजला के गाने एमएम गबरू और हनी सिंह के गाने मिलेनियर को लेकर यह विवाद हुआ है। आयोग की अध्यक्ष गिल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी दोनों पर कार्रवाई जरूर होगी।

## बच्चा बेचने वाली महिलाओं को पुलिस ने पकड़ा

इंदौर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में बच्चा बेचने की आशंका में पुलिस ने आधा दर्जन महिलाओं और उनके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि शिकायतकर्ता पहले से आरोपी महिलाओं को जानता था। उसने महिलाओं को बच्चा देने की डील की, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को एफआईआर दर्ज की। बातचीत के दौरान प्रमिला और वंदना ने रितेश को बताया कि वे उन लोगों की मदद करती हैं जो निःसंतान हैं और उन्हें बच्चे दिलाने का काम करती हैं। इस पर रितेश को दोनों पर शक हुआ। कुछ लोगों से जानकारी मिली कि वे पहले हीरानगर थाना क्षेत्र में बच्चा बेचने के मामले में जेल जा चुकी हैं।

## बदला लेने के लिए महिला ने रची साजिश

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई के घनसोली गांव में समाज को शर्मसार करने देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक महिला ने पड़ोसी से झगड़ों का बदला लेने के लिए ऐसी घिनौनी साजिश रची, जिससे सभी हैरान हैं। पुलिस के मुताबिक, महिला ने अपने पड़ोसी के मानसिक रूप से कमजोर 10 वर्षीय बेटे को बहला-फुसलाकर उसकी ही छह साल की बहन के साथ यौन शोषण करने को कहा और इसका वीडियो भी बना लिया। यही नहीं, उस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी फैला दिया। इस घटना के बाद पीड़ित बच्चे की मां ने रबाले पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## गढ़चिरौली में भीषण हादसा चार नाबालिगों की मौत

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार नाबालिग बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब बच्चे सड़क पार कर रहे थे और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। फिलहाल हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, हादसा दोपहर को कुरखेड़ इलाके में हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चार को बचाया नहीं जा सका। घायल बच्चों का इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

## पाक से मंगवाते थे हथियार

### गैंगस्टरों को होते थे सप्लाई, चार शातिर गिरफ्तार, सात पिस्टल बरामद

चंडीगढ़, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने हथियार तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक गिरोह के चार शातिरों को गिरफ्तार किया है, जिनसे हथियारों की खेप मिली है। खास बात यह है कि आरोपियों से मिले हथियार सीमा पार पाकिस्तान से मंगवाए गए थे। हथियार तस्करी में शामिल चार आरोपियों को खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए ऑपरेशन में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 7 पिस्तौल बरामद की हैं, जिनमें पीएक्स5 9एमएम, ग्लॉक 9एमएम और .30 बोर जैसी आधुनिक हथियार हैं।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे। ऐसे में भारत-पाक सीमा के पास अवैध हथियारों की खेप मंगवाते थे। ये आरोपी बॉर्डर के गांवों से हथियार उठाकर पंजाब के गैंगस्टरों तक पहुंचाता रहे थे। पुलिस ने अभी आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की है। चारों के खिलाफ अमृतसर के थाना छेहरटा में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत 10 अगस्त को इंदौर आएंगे

इंदौर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के प्रमुख डॉ। मोहन भागवत 10 अगस्त यानी रक्षाबंधन के दूसरे इंदौर में रहेंगे। मोहन भागवत इंदौर में 96 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए कैंसर केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह अलग-अलग समाजों से जुड़े लोगों के साथ चर्चा भी करेंगे। संघ प्रमुख का पिछले 7 महीने में यह तीसरा इंदौर का दौरा है।

इससे पहले वह 3 जनवरी 2025 और 13 जनवरी 2025 को इंदौर आ चुके है। संघ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संघ प्रमुख मोहन भागवत इंदौर में पूरा दिन



रहेंगे। वह कैंसर केयर हॉस्पिटल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही विजयनगर क्षेत्र में स्थित एक सभागृह में विभिन्न समाजों से जुड़े लोगों के साथ चर्चा भी करेंगे। यह कार्यक्रम अलग-अलग सत्र में आयोजित होगा। हालांकि इसका औपचारिक कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत श्री गुरुजी सेवा न्यास द्वारा निर्मित माधव सृष्टि आरोग्य केन्द्र एवं कैंसर केयर सेंटर के उद्घाटन में शामिल होने आ रहे हैं।

यह प्रोजेक्ट दो चरणों में तैयार किया जा रहा है। इसमें पहले चरण में लगभग 26 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य किया गया है। पहले चरण में दो बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, प्लस थ्री निर्माण कामों का उद्घाटन होगा। वहीं, इसके दूसरे चरण में हाईटेक मशीनरी और अन्य फ्लोर के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

## 34 बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाली स्कूटी पर सवारी कर फंसे डीके शिवकुमार



बेंगलुरु, 7 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए स्कूटी राइड परेशानी का सबब बन गयी। बीते हेब्बाल फ्लाईओवर लूप के निरीक्षण के दौरान डीके शिवकुमार ने स्कूटी का इस्तेमाल किया उस पर कुल 18,500 रुपये का ट्रैफिक जुर्माना लंबित था। 5 अगस्त को शिवकुमार ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह केए04 जेजेड2087 रजिस्ट्रेशन नंबर वाली होंडा डियो चलाते हुए दिखाई दे रहे थे। डिप्टी सीएम ने एक्स पर लिखा, बेहतर बेंगलुरु बनाने की हमारी सरकार की प्रतिबद्धता के तहत, हेब्बाल फ्लाईओवर लूप खुलने वाला है, जिससे सुगम व तेज़ यातायात सुनिश्चित होगा। कर्नाटक राज्य पुलिस (केएसपी) ऐप पर जांच करने पर पता चला कि स्कूटर पर 34 यातायात उल्लंघन लंबित थे, जिनका जुर्माना 18,500 रुपये था। विपक्षी जेडीएस ने एक्स पर इस मुद्दे को उठाया और उपमुख्यमंत्री की इतनी बड़ी राशि के जुर्माने के साथ वाहन चलाने के लिए आलोचना की। इसके बाद जिस कार्यकर्ता की ये गाड़ी थी उसने फटाफट पुलिस स्टेशन जाकर जुर्माने की इस राशि को भर दिया।

## सुप्रिया सुले ने की पीएम मोदी से मुलाकात, किसान मुद्दे पर हुई बात



मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी से किसानों के मुद्दे पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सुप्रिया सुले से शरद पवार के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सुप्रिया सुले ने पीएम मोदी से केले के रेशे से बनने वाले कपड़े से जुड़े महाराष्ट्र के किसानों का मुद्दा, उनके व्यापार और आय को बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। सुप्रिया सुले ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी की तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि विदेश गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विपक्षी नेताओं को सौंपना प्रधानमंत्री का बड़प्पन है। सुले ने बताया कि किरेन रिजिजू का मुझे फ़ोन आया था उन्होंने कहा कि सुप्रिया तुम्हे देश के लिए 10 दिन देने होंगे। सांसदों के दल की अगुवाई सुप्रिया सुले ने की थी, जबकि इसमें बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर भी शामिल थे। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा भी थे। इसके बाद ही सुले को इस दल का नेतृत्व दिया गया था। सुप्रिया सुले ने कहा कि दुनिया में हम जहां भी गए सभी हमें सम्मान की नजरों से देख रहे थे। वे कह थे कि आप तो महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी के देश से आए हैं। सुले ने बताया कि देश में ऑपरेशन सिंदूर से पहले भी कई बड़े ऑपरेशन और युद्ध हुए।

उन्होंने कहा कि दुनिया में हम जहां भी भारत का पक्ष रखने गए सभी ने भारत के इस रुख की तारीफ की है कि भारत ने संघर्ष विराम का फैसला लेकर ठीक किया।

## देखभाल करने वाली की पोती के नाम की प्रॉपर्टी, बुजुर्ग की वसीयत पर कोर्ट की मुहर

अहमदाबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अहमदाबाद में एक दिल को छू लेने वाली कहानी सामने आई है, जहां एक 89 वर्षीय बुजुर्ग ने खून का रिश्ता न होते हुए भी अपने प्यार और स्नेह की वजह से अपनी संपत्ति एक लड़की के नाम कर दी। गुस्टाद बोरजोरजी इंजीनियर नाम के इस बुजुर्ग का निधन फरवरी 2014 में हुआ था, लेकिन उनकी लिखी वसीयत अब कानूनी रूप से मान्य हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंजीनियर एक प्रतिष्ठित व्यक्ति थे, जो टाटा इंडस्ट्रीज से जुड़े रहे थे। उनकी कोई संतान नहीं थी और पत्नी का निधन भी 2001 में हो चुका था। अकेलेपन में उनकी देखभाल मकवाना परिवार ने की। अमीषा मकवाना की दादी उनके घर में खाना बनाने और देखभाल का काम करती थीं। अमीषा तब बहुत छोटी थी, लेकिन वह अक्सर अपनी दादी के साथ इंजीनियर के घर जाया करती थी। धीरे-धीरे अमीषा और इंजीनियर के बीच एक अनोखा रिश्ता बन गया। इंजीनियर ने अमीषा को बेटी की तरह माना और उसकी पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी भी खुद उठा ली। अमीषा के मुताबिक, 'वह मेरे लिए माता और पिता दोनों की तरह थे। मैं उन्हें 'ताई' कहती थी। 13 साल की उम्र तक वह मेरे लिए सुरक्षा की तरह थे।'

## प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में सरकारी फीस लागू करने पर रोक

पटना, 7 अगस्त (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के उस निर्णय पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें निजी मेडिकल कॉलेजों को 50% सीटों पर सरकारी मेडिकल कॉलेजों के समान शुल्क लागू करने का निर्देश दिया गया था। न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा की एकलपीठ ने सहरसा के लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सहित अन्य संस्थानों की याचिका पर यह आदेश दिया है। याचिकाकर्ताओं के वकील रौशन ने तर्क दिया कि 29 जुलाई, 2025 को जारी सरकारी पत्र में निजी मेडिकल कॉलेजों को 50% सीटों पर सरकारी शुल्क लागू करने का आदेश दिया गया था। कहा गया था कि 50% सीटों पर नामांकन लेने वाले छात्रों से उतना ही शुल्क लें जो सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लिया जाता है।

याचिकाकर्ताओं ने इसे कॉलेजों के वित्तीय ढांचे के लिए हानिकारक बताया। कहा कि इससे भारी आर्थिक नुकसान होगा। वित्तीय घाटा होगा। इसकी भरपाई के लिए अन्य छात्रों की फीस में भारी वृद्धि (1.5 करोड़ से लेकर 2 करोड़ रुपये प्रति छात्र) करनी पड़ सकती है। कई और कारण बताए गए। यह भी कहा गया कि इससे मेडिकल शिक्षा महंगी हो जाएगी। इतना ही नहीं सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए यह पहुंच से बाहर हो सकती है। यह भी कहा गया कि मेडिकल शिक्षा सेवा पर आधारित होनी चाहिए, न कि केवल लाभ पर, लेकिन यह आदेश इस सिद्धांत के खिलाफ है। बताया गया कि एक निजी मेडिकल कॉलेज का औसत सालाना खर्च 100 करोड़ है। स्टाफ, फैकल्टी, उपकरण और बुनियादी ढांचे का खर्च इसमें शामिल है।

# 'उनके सारे झूठ उजागर हो रहे हैं'

## पीएम मोदी के व्यक्तिगत कीमत चुकाने वाले बयान पर उद्धव का वार

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर किसानों को लेकर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दो से तीन साल तक जो किसान दिल्ली आना चाहते थे, उन्हें रोका गया। कुछ गरीब किसान मर गए। तब सरकार को उनकी याद नहीं आई। अब जब चुनाव नजदीक हैं, तो किसान फिर से याद आने लगे हैं। उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि जब उनके पिता बालासाहेब ठाकरे भूख हड़ताल पर थे, तो उन्हें दिल्ली नहीं आने दिया गया। उन पर बंदूकें



चलाई गईं, दीवारें खड़ी की गईं और उन्हें नक्सली कहा गया। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन अब धीरे-धीरे केंद्र के सारे झूठ उजागर हो रहे हैं, और उनका असली चेहरा सामने आ रहा है। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे भी दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे और इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, तो उद्धव ठाकरे ने दो टूक कहा, "दोनों भाई काफी सक्षम हैं। हमें जो करना होगा, हम करेंगे। किसी तीसरे व्यक्ति की कोई जरूरत नहीं है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत कभी भी अपने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा, भले ही इसके लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से भारी कीमत चुकानी पड़े। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क 50% तक बढ़ा दिया है और दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर तनातनी चल रही है।

## आसाराम बापू की अंतरिम जमानत 21 अगस्त तक बढ़ी

अहमदाबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात हाई कोर्ट ने गुरुवार, को आसाराम बापू की अंतरिम जमानत 21 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी है। आसाराम बापू को 2013 के दुष्कर्म मामले में गांधीनगर की सेशंस कोर्ट ने दोषी ठहराया था और वे इस समय उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। इससे पहले 3 जुलाई को हाई कोर्ट ने एक महीने की जमानत दी थी। उस समय आसाराम के वकील ने कोर्ट को भरोसा दिया था कि वे आगे जमानत बढ़ाने की कोई मांग नहीं करेंगे। हाई कोर्ट ने भी साफ कर दिया था कि भविष्य में मेडिकल कारणों से जमानत की अर्जी स्वीकार नहीं की जाएगी। इन सबके बावजूद आसाराम बापू ने फिर से जमानत बढ़ाने की अर्जी लगाई है। यह अर्जी उस अपील में लगाई गई है, जो उन्होंने अपनी सजा के खिलाफ दायर कर रखी है। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस ईलेश जे वोरा और जस्टिस पीएम रावल ने सुप्रीम कोर्ट के 30 जुलाई के आदेश के बारे में पूछा। बता दें कि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के तीन जुलाई के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया था, लेकिन ये छूट दी थी कि अगर आसाराम की तबीयत और बिगड़ती है, तो वे फिर से हाई कोर्ट में अर्जी दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अगर याचिकाकर्ता (आसाराम) की तबीयत और बिगड़ती है, तो वह हाई कोर्ट जा सकता है। उस स्थिति में 3 जुलाई का आदेश उसके रास्ते में नहीं आएगा।

# पति को दी खौफनाक मौत! नाबालिग बेटी ने खोली मां की पोल

मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई की आरे कॉलोनी पुलिस ने 35 वर्षीय राजश्री अहिरे को अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति भरत लक्ष्मण अहिरे जो एक पेशेवर मेकअप आर्टिस्ट थे कि हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस केस में प्रेमी चंद्रशेखर पडायाची और उसका साथी रंगा फिलहाल फरार है। पुलिस के मुताबिक, हत्या राजश्री के चंद्रशेखर के साथ प्रेम-प्रसंग के कारण हुई। पिछले महीने जब भरत ने अपनी पत्नी से इस बारे में पूछा, तो उसने उस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। इसके बाद भरत ने चंद्रशेखर को फोन किया, जिसने उसे गोरेगांव पूर्व के आरे



कॉलोनी स्थित एकतानगर, यूनिट नंबर 31 में एक सार्वजनिक शौचालय के पास मिलने के लिए बुलाया। इस दौरान राजश्री अपने पति के साथ मिलने वाली जगह पर भी गई। 15 जुलाई की रात जब चंद्रशेखर और रंगा भरत से मिले तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। चंद्रशेखर ने उसकी छाती, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर मुक्का मारना शुरू कर दिया। पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक रंगा ने हमले के दौरान भरत को पीछे से पकड़ रखा था। हमले को देखने के बावजूद राजश्री ने न तो हस्तक्षेप किया और न ही मदद मांगी। जैसे ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठा होने लगे, दोनों हमलावर भाग गए। अपने पति को अस्पताल ले जाने के बजाय, राजश्री उन्हें घर ले गई और तीन दिनों तक बिना किसी इलाज के वहीं रखा। इस दौरान, दंपति की दो बेटियों, जिनकी उम्र 13 साल है, 5 साल और बेटे, जिनकी उम्र 3 साल है ने अपने पिता की बिगड़ती हालत देखी। जब उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं तो सबसे बड़ी बेटी ने रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी। फिर भरत की भाभी उनके घर आईं, जहां राजश्री ने दावा किया कि भरत एक बाइक दुर्घटना में घायल हो गया था। आखिरकार उसे मलाड पूर्व के पठानवाड़ी स्थित एक सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में राजश्री ने झूठा दावा दोहराया और भरत ने दबाव में आकर डर के मारे वही कहानी दोहराई। यह बयान पुलिस को सौंपी गई मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) रिपोर्ट में दर्ज

## दिल्ली में 24 घंटे से बारिश 'गायब', पहाड़ों पर हाई अलर्ट बिहार-यूपी में हल्की बरसात; 10 राज्यों के हाल क्या हैं

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। देश भर में इन दिनों मानसून सक्रिय है। पहाड़ी इलाकों में बारिश ने भीषण तांडव मचाया हुआ है। उत्तराखंड में बादल फटने से बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कई इलाकों बाढ़ का प्रकोप देखने को मिल रहा है। बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा जैसे राज्यों में भी मूसलाधार बरसात हुई है। हालांकि देश की राजधानी से बारिश नदारद है। यहां लोगों को उमस और गर्मी ने परेशान कर रखा है। मौसम विभाग के द्वारा बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है, लेकिन यहां पिछले तीन दिनों से बारिश नहीं हुई है। मानसून ट्रफ को फिलहाल बारिश की मुख्य वजह माना जा रहा है, लेकिन मौजूदा हालात में ये दिल्ली के उत्तर की ओर खिसक गई है। ऐसे हालातों में पहाड़ों तक बारिश सीमित हो जाती है। इससे यहां अच्छी बारिश की संभावना कम हो गई है। हालांकि मौसम विभाग ने आज दिल्ली में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी में बारिश 12 तारीख तक लगातार हो सकती है। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, केरल और कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इन राज्यों में कुछ जगहों पर भारी बारिश भी देखने को मिल सकती है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है और साथ ही कुछ जगहों पर भारी बरसात हो सकती है। महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, विदर्भ, मराठवाड़ा, कोंकण, गोवा, रायलसीमा, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार द्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## पति की सुपारी देकर कराई हत्या महिला और प्रेमी गिरफ्तार

सोनीपत, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अगवानपुर में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपित पत्नी व उसके प्रेमी को दिल्ली पुलिस से प्रोडक्शन वारंट पर लाई है। जांच में सामने आया कि आरोपित महिला सोनिया ने अपनी बहन के देवर गांव गुमड़ निवासी विजय को सुपारी देकर अपने पति की हत्या कराई थी। इस साजिश में महिला का प्रेमी भी शामिल था। हत्या को अंजाम देने के बाद उसने दिल्ली के अलीपुर थाने में पति की गुमशुदगी दर्ज करवा दी थी। मृतक प्रीतम प्रकाश दिल्ली के अलीपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर था और उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। जुलाई 2024 में विजय ने उसकी हत्या कर शव गन्नौर के अगवानपुर गांव के पास नाले में फेंक दिया था। शव की पहचान उस समय नहीं हो सकी थी। जांच के दौरान सोनिया द्वारा मृतक का मोबाइल प्रेमी गांव जाजी निवासी रोहित को दिए जाने की जानकारी मिली। रोहित ने वह मोबाइल नष्ट करने के बजाय इस्तेमाल करना शुरू कर दिया, जिससे दिल्ली पुलिस को अहम सुराग मिला और वह आरोपितों तक पहुंच गई।

## 5 ज्योतिर्लिंग स्थलों के विकास के लिए सरकार का बड़ा कदम



मुंबई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने पांच प्रमुख ज्योतिर्लिंग स्थलों के विकास में तेजी लाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने पहली बार विकास योजनाओं का समय पर और कुशल तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पहली बार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारियों को निगरानी के लिए नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के मुताबिक, ये अधिकारी परियोजना की प्रगति की नियमित समीक्षा करेंगे और सीधे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को रिपोर्ट करेंगे। इसमें कहा गया कि विकास योजनाओं को पहले ही उच्च स्तरीय समिति की बैठकों में मंजूरी दी जा चुकी है और सरकारी आदेश (जीआर) जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय ने कहा कि इन सभी प्रोजेक्ट्स को गति देने, कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और उन्हें उचित योजना के अनुसार लागू करने के लिए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से समन्वय बनाए रखेंगे।

## आतंकी पन्नू ने सीएम भगवंत मान को दी जान से मारने की धमकी



अमृतसर, 7 अगस्त (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक नया वीडियो जारी कर अमृतसर में खालसा कॉलेज बस स्टैंड, कचहरी परिसर और एक मंदिर के बाहर 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लिखवाने का दावा किया है। आतंकी घोषित पन्नू ने वीडियो में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को लैंड पूलिंग नीति को लेकर जान से मारने की धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो में कहा कि 15 अगस्त को लोग खालिस्तान का झंडा लहराएं। उसने मुख्यमंत्री मान को धमकी देते हुए कहा कि मान को पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह को याद रखना चाहिए। पिछली बार वह फरीदकोट में बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे छिप गए थे, लेकिन इस बार फरीदकोट में बच नहीं पाएंगे। पन्नू ने यह भी दावा किया कि पंजाब भारत का हिस्सा नहीं है और सिखों के साथ अत्याचार हो रहे हैं।

## 'सीडीएस में महिलाओं को हिस्सेदारी न देना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन' दिल्ली एचसी ने केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि महिलाओं को सेना की तीन बड़ी एकेडमी, यानि इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आईएमए), इंडियन नेवल एकेडमी (आईएनए) और एयर फोर्स एकेडमी (एएफए) में सीडीएस के जरिए भर्ती क्यों नहीं की जाती। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह सवाल कोर्ट में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान किया। हाई कोर्ट में यह याचिका कुश कालरा नाम के एक वकील ने दाखिल की है। दिल्ली हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार समेत अन्य संबंधित पक्षों को याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया कि यूपीएससी ने 28 मई 2025 को सीडीएस परीक्षा दो का विज्ञापन जारी किया, जिसमें महिलाओं को सिर्फ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी (ओटीए), चेन्नई के लिए ही आवेदन की अनुमति दी गई है। बाकी तीन एकेडमियों में सिर्फ पुरुष ही आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली हाई कोर्ट में याचिकाकर्ता ने कहा कि यूपीएससी विज्ञापन में एक तरफ लिखा है कि महिला उम्मीदवारों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन दूसरी ओर उन्हें सेना की प्रमुख एकेडमियों से बाहर रखा गया है। यह साफ तौर पर भेदभाव है।

## धर्मस्थल के पास चार यूट्यूबर पर हमला, सभी अस्पताल में भर्ती

मंगलुरु, 7 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कन्नड़ जिले में धर्मस्थल नामक स्थान के पास कथित तौर पर सामूहिक कब्रें मिलने से संबंधित मामले की जांच के बीच एक व्यक्ति का इंटरव्यू ले रहे तीन यूट्यूब चैनलों से जुड़े चार व्यक्तियों पर भीड़ ने हमला कर दिया। घटना एक कॉलेज छात्रा के घर के पास हुई, जिसका 2012 में धर्मस्थल कस्बे में रेप हुआ था और वह मृत पाई गई थी। अजय अंचन, अभिषेक, विजय और एक कैमरामैन रबिग बॉस कन्नड़ के रजत का इंटरव्यू ले रहे थे, तभी पंगल क्रॉस के पास लगभग 50 से 60 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कैमरे सहित दूसरी मशीनों को भी तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि चारों को उजीरे के बेनका अस्पताल ले जाया गया। उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है पंगल क्रॉस पर हुई घटना के बाद, दो समूहों ने एक-दूसरे से गाली-गलौज की और पथराव शुरू कर दिया।


स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 8 अगस्त- 2025

# टैरिफ भी आपदा में अवसर है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाने से दुनिया भर के बाजार में खलबली मच गई है। जाहिर है इससे भारत के निर्यात पर काफी दबाव पड़ेगा। इसके बाद भी नीति आयोग के पूर्व सीईओ ने इसे देश के लिए एक बहुत बड़ा अवसर भी बताया है। अमेरिकी चुनाव से पहले व बाद में शायद ही किसी ने सोचा था कि ट्रंप अपने महत्वपूर्ण सहयोगी भारत के साथ ऐसा कुचक्र कर सकते हैं, जो पूरी तरह से अनुचित और तर्कहीन है। अभी यह भी अंदाजा नहीं है कि ट्रंप यहीं पर रुकेंगे कि वह कोई और टैरिफ बम फोड़ेंगे। स्थिति को भांपते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका से दो टूक कह दिया है कि वह अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने ट्रंप को संदेश दे दिया है कि उनके लिए व्यक्तिगत रिश्ते राष्ट्रहित के सामने कोई मायने नहीं रखते और देश हित में वे ऐसे संबंध कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने यह कहकर उम्मीद जगा दी है कि इस आपदा को अवसर के रूप में देख कर देशहित में इस्तेमाल करना जरूरी है। अमिताभ कांत ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर 50% टैरिफ थोपकर इसे बहुत बड़ा मौका दे दिया है, जहां से भारत सुधारों की दिशा में बहुत लंबी छलांग लगा सकता है। भारत सरकार के थिंक टैंक के रूप में काम करने वाली संस्था के पूर्व सीईओ का इस तरह से आशावादी होना एक बहुत बड़ा सुखद संकेत माना जा रहा है। उन्होंने कहा है कि ऐसे मौके बार-बार नहीं मिलते हैं। 30 जुलाई को भारत से अमेरिका पहुंचने वाले सामानों पर 25% टैरिफ की घोषणा की गई थी। यह सात अगस्त से लागू होना था। लेकिन, रूस से कच्चा तेल खरीद जारी रखने के बहाने एक दिन पहले ही उन्होंने 25% और टैरिफ थोपकर इसे 50% तक पहुंचा दिया है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यही नहीं, ट्रंप ने भारत को 'मित्र'बताते हुए रूस से हथियार और तेल खरीदना जारी रखने पर जुर्माना लगाने की भी चेतावनी दे दी है। 25% वाला नया टैरिफ 27 अगस्त से लागू होना है। अमेरिका की ओर से 50% टैरिफ का बोझ लादने का मतलब ये है कि भारत से जो सामान अमेरिका आयात करेगा, वह स्थानीय बाजारों में अब बहुत महंगा हो जाएगा। अभी अमेरिका ने कुछ ही भारतीय चीजों को 50% टैरिफ के दायरे से बाहर रखा है और ज्यादातर भारतीय सामान 50% या जुर्माने के साथ और ज्यादा टैरिफ के दायरे में आने वाले हैं। इसका असर ये होगा कि अमेरिका में भारत से पहुंचने वाले झींगा, ऑर्गेनिक केमिकल, कालीन,रेडिमेड परिधान, टेक्सटाइल, रत्न और आभूषण, स्टील, एल्युमिनियम, तांबा, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, फर्नीचर और बेडिंग वाले सामानों पर कम से कम 50% टैरिफ लगेंगे और वहां के उपभोक्ताओं के लिए ये चीजें बहुत ही ज्यादा महंगी हो जाएंगी। अभी भारत से अमेरिका जाने वाले वाहनों पर 26% और पेट्रोलियम उत्पादों पर 6.9% टैरिफ लगाए जाएंगे। ट्रंप के इस फैसले से भारत से होने वाले निर्यात को बहुत बड़ा झटका लगने वाला है और इन सभी सेक्टर पर बहुत ही भारी दबाव पड़ सकता है।

# भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा



अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका को बार – बार टैरिफ बढ़ाने की धमकी का करारा जवाब दिया है । मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन में हिस्सा लेते हुए कहा कि किसानों का हित भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने सम्मेलन में कहा, "मुझे किसानों के हितों की रक्षा के लिए कीमत चुकानी पड़ेगी तो मैं इसके लिए तैयार हूं।" बताते चलें कि अमेरिका, व्यापार वार्ता की शुरुआत से ही भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र में प्रवेश करने की मांग कर रहा है। लेकिन भारत ने अमेरिका को पहले ही स्पष्ट शब्दों में कहा दिया था कि वो कृषि और डेयरी सेक्टर के लिए कोई समझौता नहीं करेंगे।

ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ के अलावा अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया है। इसका मतलब ये हुआ कि अब भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगने जा रहा है। ट्रंप ने बुधवार को इस संबंध में कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की वजह ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने को बताया है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट भी है। 7 अगस्त से भारत पर केवल 25 फीसदी टैरिफ ही लगेगा। अतिरिक्त शुल्क इसके 21 दिन बाद से लगना शुरू होगा। दरअसल 30 जुलाई 2025 को ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद 6 अगस्त को उन्होंने एक और बड़ा फैसला लिया और भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया। ट्रंप ने इसका कारण भारत द्वारा रूस से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से कच्चे तेल की खरीद को बताया। इस फैसले के बाद अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लागू होगा।शुरुआती 25% टैरिफ 7 अगस्त 2025 से लागू हो रहा है, जबकि अतिरिक्त 25% टैरिफ 21 दिन बाद, यानी 27 अगस्त से लागू होगा। यह पहली बार है जब ट्रंप ने ₹सेकेंडरी टैरिफ₹ का इस्तेमाल किसी ऐसे देश पर किया है जो रूस से व्यापार कर रहा है। बताया जता है कि 50 फीसदी टैरिफ का असर सीधे तौर पर ऑटो पार्ट्स, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम पर पड़ेगा। इसके अलावा स्टील, केमिकल और फार्मा इंडस्ट्री के प्रोडक्ट्स भी अभी के मुकाबले काफी महंगे हो जाएंगे। इस टैरिफ से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्र जैसे कि टेक्सटाइल व परिधान, रत्न व आभूषण, सीफूड (झींगे आदि), चमड़ा के जूते, रासायनिक पदार्थ और इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल मशीनरी बुरी तरह प्रभावित होंगे। हालांकि, कुछ क्षेत्रों को छूट दी गई है जैसे कि दवाएं, ऊर्जा उत्पाद जैसे कि कच्चा तेल, गैस, कोयला, बिजली के अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में शामिल कंप्यूटर, स्मार्टफोन, टीवी आदि। जानकार मानते हैं कि लंबे समय के बाद अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी में रह रहे लोगों का जेब खर्च भी बढ़ेगा। भारत से अमेरिका को सर्वाधिक निर्यात करने वाले शीर्ष तीन उद्योग इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण तथा फार्मास्यूटिकल्स हैं, जिन पर अब सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। मौजूदा समय में अमेरिका भारत का सबसे पहला निर्यात गंतव्य स्थल है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत ने अमेरिका को 25.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 20.89 बिलियन डॉलर था। जबकि अमेरिका से 12.86 अरब डॉलर का आयात हुआ है जो बीते वित्तीय वर्ष की समान तिमाही में 11.52 बिलियन डॉलर का रहा था। उधर, भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपास उत्पादक है, जो दुनिया की कपास जरूरतों का 23 फीसदी से ज़्यादा पूरा करता है। यही कारण है कि देश का कपड़ा उद्योग मजबूती से फल-फूल रहा है। भारत में सूती धागे जैसे अत्यधिक मांग वाले उत्पाद बनते हैं। धागों के अलावा कई किस्म के कपड़े और गार्मेन्ट्स की भारी मांग है। अमेरिका को निर्यात होने वाले भारतीय सामानों में इसका सातवां स्थान है जिसका कुल मूल्य करीब 2.64 अमेरिकी अरब डॉलर है। विभिन्न बासमती किस्म के चावल, मुख्य रूप से रॉयल शेफ सीक्रेट, दावत सुपर और पारंपरिक बासमती, संयुक्त राज्य अमेरिका को भेजे जाते हैं। बासमती चावल, भैंस के मांस के बाद सर्वाधिक कृषि निर्यात किए जाने वाला कृषि उत्पाद समुद्री खाद्य है। भारत से अमेरिका हर साल 3,00,000 से 3,50,000 टन बासमती चावल खरीदता है। इस क्रम में अन्य वस्तुएं जैसे तिलहन, अरंडी का तेल और प्रसंस्कृत फल, मसाले और काजू का निर्यात भी प्रभावित हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप इस निर्णय के जरिए भारत पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने का दबाव बना रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत औद्योगिक वस्तुओं, ई-वाहन, कृषि उत्पाद, डेयरी, जीएम फसलों के साथ-साथ शराब जैसे क्षेत्रों में आयात शुल्क कम करे। दाम बढ़ने से इनकी मांग में कमी आएगी और फिर अमेरिकी इंपोर्टर भारतीय सामानों पर इंपोर्ट करना कम कर देंगे या भारतीय एक्सपोर्टर्स पर कम कीमत में सामान देने का दबाव बनाएंगे।इससे इंडस्ट्री को भी नुकसान पहुंचेगा और भारतीय बिजनेसमैन प्रभावित होंगे। हालांकि ट्रंप का टैरिफ कुछ आवश्यक वस्तुओं पर नहीं लागू होगा। ट्रंप ने ये भी कहा है कि अगर भारत ने जवाब देने की कोशिश की, तो उस पर टैरिफ और बढ़ा दिया जाएगा। अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ अमेरिका की तरफ से लगाया गया वह फाइन है, जिसकी घोषणा ट्रंप ने कुछ समय पहले की थी।इन टैरिफ्स के लागू होने के बाद भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव बढ़ना तय है। भारतीय कंपनियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ सकता है और इसका असर व्यापारियों तक भी पहुंच सकता है। आने वाले दिनों में यह देखना होगा कि भारत इस मुद्दे को किस तरह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता है और अमेरिका के साथ डिप्लोमैटिक स्तर पर बातचीत किस दिशा में जाती है। अगर भारत और अमेरिका जल्द समझौता नहीं करते तो भारतीय निर्यातक भारी नुकसान का सामना कर सकते हैं। यह टैरिफ नीति अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में नए तनाव की शुरुआत बन सकती है। भारत के लिए यह राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर बड़ी चुनौती भी साबित हो सकती है।भारत ने इस कदम को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और एकतरफा दंडात्मक बताया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, ₹हम पहले भी स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत की ऊर्जा खरीद नीतियां बाजार की स्थितियों और देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं पर आधारित हैं। यह चिंताजनक है कि अमेरिका ने केवल भारत को निशाना बनाया, जबकि अन्य देश जो राष्ट्रीय हित में रूस से खरीदारी कर रहे हैं उन्हें बख्श दिया गया है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

भारतीय निर्यात महासंघ के डीजी अजय सहाय ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा कि अमेरिका का यह कदम बेहद चौंकाने वाला है। इससे अमेरिका को भारत के कुल निर्यात का 55% हिस्सा प्रभावित होगा।₹ वहीं, एचडीएफसी बैंक की अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता का कहना है कि अगर कोई समाधान नहीं निकलता तो हमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी अनुमान को 6% से नीचे लाना होगा। हाल फ़िलहाल अमेरिका से भारत में करीब 1.11 अरब डॉलर (करीब 9737 करोड़ रुपये) के फल और मेवे आते हैं। इसमें कैलिफोर्निया के बादाम नंबर वन पर हैं। इनके बाद अखरोट, पिस्ता और सेब भारत में खूब मंगाए जाते हैं। इसमें क्रेस्ट कंटेनर लाइन्स, समिट आलमंड्स, हिलटॉप रैंच कंपनी के बादाम भारत में आते हैं।भारत ने 447.08 मिलियन डॉलर (करीब 3,920 करोड़ रुपये) के पेय पदार्थ और शराब अमेरिका से आयात किए। प्रीमियम व्हिस्की और क्राफ्ट स्पिरिट्स मेट्रो शहरों के बार और होटलों में बिकते हैं।

# भारत और अमेरिका की मुश्किलें बढ़ा रहे ट्रंप



राजेश पासी

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को फिर से महान देश बनाने का नारा दिया था और आते ही उन्होंने अपने एजेंडे पर काम शुरू कर दिया। उन्होंने सरकारी खर्च कम करने की कोशिश की और अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने का काम शुरू किया। इसके अलावा उन्होंने अपने उद्योगपतियों का आह्वान किया कि वो अब विदेशों की अपेक्षा अमेरिका में प्रोडक्शन शुरू करें ताकि अमेरिका का आयात कम हो और देश एक बार फिर दुनिया का निर्माण केंद्र बन जाये । ट्रम्प को अहसास नहीं है कि दुनिया अब बदल चुकी है क्योंकि अमेरिका में विनिर्माण अब कंपनियों के लिए आसान नहीं रहा है । अमेरिकी कंपनियां भी अब अमेरिका में विनिर्माण नहीं कर सकती क्योंकि उनके उत्पाद इतने महंगे हो जाएंगे कि उन्हें अपने ही देश में बेचना मुश्किल हो जाएगा । ट्रम्प ने कहा है कि कुछ देश उनके देश से बहुत फायदा ले रहे हैं क्योंकि उनका अमेरिका को निर्यात बहुत ज्यादा है लेकिन वो अमेरिका से आयात बहुत कम कर रहे हैं । इस कारण उन्होंने उन देशों को व्यापार समझौता करने को कहा ताकि अमेरिका का उन देशों के साथ व्यापार घाटा कम किया जा सके ।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के हित की बात कर रहे हैं लेकिन वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वो यह काम एक झटके में नहीं कर सकते । इस काम को करने के लिए लम्बा वक्त चाहिए । उन्होंने 2 अप्रैल को भारत सहित 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी और कहा कि अमेरिका इन देशों को 90 दिनों का वक्त दे रहा है ताकि ये देश अमेरिका के साथ समझौता कर सकें । अमेरिका दबाव में ज्यादातर देशों में डर पैदा हो गया है लेकिन अभी ज्यादातर के साथ समझौता नहीं हो पाया है । ट्रंप के टैरिफ वॉर से बचने के लिए ब्रिटेन, जापान, यूरोपीय यूनियन, साउथ कोरिया और इंडोनेशिया ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर लिया है । इन समझौतों से अमेरिका को बहुत फायदा होने की उम्मीद लगाई जा रही है । दूसरी तरफ भारत, चीन, ब्राजील, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका का अभी तक अमेरिका से समझौता नहीं हो पाया है । ये देश अमेरिका के दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं । अपनी टैरिफ वॉर के चक्कर में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत जैसे मित्र देश के साथ कोई रियायत नहीं बरती है बल्कि एक तरह से उनका भारत के प्रति सख्त रवैया देखने को मिल रहा है । जब ट्रंप सत्ता में आए थे तो भारत में जश्न मनाया गया था क्योंकि उनकी छवि एक भारत हितैषी नेता की थी । ट्रंप ने 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है और अब उन्होंने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा कर दी है । इस तरह से उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है । अजीब बात यह है कि जो अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है, वो 27 अगस्त से लागू किया जाएगा । सवाल यह है कि इसे 7 अगस्त से क्यों लागू नहीं किया जा रहा है । क्या ट्रंप इस धमकी से भारत को बातचीत की मेज पर लाना चाहते हैं । देखा जाए तो ट्रंप भारत को अपनी दादागिरी से दबाना चाहते हैं और चाहते हैं कि भारत उनके दबाव में आकर अमेरिका के साथ उनकी मर्जी के अनुसार समझौता कर ले । इसकी संभावना दूर तक नहीं है कि भारत डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर उनकी शर्तों पर समझौता कर लेगा । वास्तव में ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कंपनियों के लिए अपना कृषि और डेयरी क्षेत्र खोल दे, जो कि भारत कभी नहीं करने वाला है । भारत की आधी आबादी कृषि और डेयरी क्षेत्र पर निर्भर है, भारत ऐसा कोई समझौता नहीं कर सकता जिससे इस क्षेत्र में काम करने वाली आबादी के हितों को चोट पहुंचे ।

भारत कूटनीतिक शिष्टाचार के चलते ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब नहीं दे रहा है जिसकी अपेक्षा भारत का विपक्ष भी मोदी सरकार से कर रहा है लेकिन भारत ने अपने तरीके से अमेरिका को जवाब दे दिया है । भारत मर्यादा में रहकर बात कर रहा है तो ट्रंप राष्ट्रपति की मर्यादा की हदें भी पार करते जा रहे हैं । भारतीय विदेश सचिव ने कहा है कि ट्रंप यह तय नहीं कर सकते कि भारत रूस या अन्य किसी देश से क्या खरीदें क्योंकि ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाते हुए कहा है कि भारत रूस से तेल खरीद कर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद कर रहा है । ट्रंप ने भारत द्वारा रूस से तेल और हथियार आयात को भारत पर टैरिफ लगाने की वजह बताया है । भारतीय विदेश सचिव ने कहा है कि अमेरिका की तरह भारत एक संप्रभु राष्ट्र है, यदि वो रूस से तेल खरीद रहा है तो अमेरिका से भी खरीद रहा है । यदि भारत रूस से तेल न खरीदे तो अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम बढ़ जायेंगे और इसके दुष्परिणाम अमेरिका सहित पूरी दुनिया को भुगतने पड़ेंगे । उन्होंने कहा कि क्या ट्रंप बतायेंगे कि अमेरिका रूस से यूरेनियम और उर्वरक क्यों खरीद रहा है. इसी तरह यूरोपीय देश रूस से गैस, खनिज आदि क्यों खरीद रहे हैं । जब अमेरिकी मीडिया ने यही सवाल ट्रंप से पूछा तो उन्होंने कहा कि मुझे इसे बारे में पता नहीं है, मै पता करूंगा । हैरानी की बात है कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन रूस से व्यापार कर रहे हैं लेकिन भारत को व्यापार करने से रोक रहे हैं । अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की टैरिफ दरें अमेरिका के मुकाबले थोड़ी ही ज्यादा हैं और ट्रंप क्यों चाहते हैं कि भारत अमेरिका से वो सामान खरीदे जिसकी उसे जरूरत ही नहीं है । ट्रंप की भाषा भारत के प्रति ठीक नहीं है लेकिन भारत सरकार संयम से काम ले रही है । वास्तव में अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी सैन्य और आर्थिक महाशक्ति है और दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है । भारत ट्रंप के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहता जिससे रिश्ते बहुत ज्यादा बिगड़ जाएं लेकिन ट्रंप को यह बात समझ नहीं आ रही है । वो यह नहीं समझ पा रहे है कि भारत को जितनी जरूरत अमेरिका की है, उससे कहीं ज्यादा जरूरत अमेरिका को भारत की है । यही कारण है कि डोनाल्ड ट्रंप अपने ही घर में घिरते जा रहे हैं । उनकी ही पार्टी की नेता निक्की हेली ने ट्रंप पर निशाना लगाते हुए कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए और चीन को छूट नहीं देनी चाहिए । चीन ईरान और रूस से तेल खरीद रहा है लेकिन ट्रंप ने उसे समझौते के लिए 90 दिन का वक्त दिया है जबकि भारत पर टैरिफ ठोक दिया है । भारत में अमेरिका के राजदूत रहे एरिक गारसेट्टी ने कहा है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना इसलिए शुरू किया था क्योंकि अमेरिका ही चाहता था कि तेल के दाम एक निश्चित सीमा से आगे न बढ़े । लगता है कि ट्रंप भारत की ताकत को बहुत कम करके आंक रहे हैं, उन्हें पता नहीं है कि भारत परमाणु परीक्षण के बाद लगे प्रतिबंधों के आगे भी नहीं झुका था जबकि उस समय भारत आर्थिक रूप से बहुत कमजोर देश था । आज भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने वाला है ।

# धराली में तबाही का जिम्मेदार कौन !



राधा रमण

उत्तराखंड का धराली बाजार बादल फटने से एक बार फिर तबाह हो गया। इससे पहले तीन बार 1864, 2013 और 2014 में भी यहां बादल फटे थे और तबाही आई थी। हालांकि समय के साथ धराली बार-बार उठ खड़ा हुआ है। हो सकता है फिर से उठ खड़ा हो जाए। गंगोत्री धाम से करीब 18 किलोमीटर पहले बसा उत्तरकाशी जिले का धराली पहले गांव था, फिर कस्बा बना और अब बाजार बनकर गुलजार हो रहा था। वहां 25 से ज्यादा होटल और होम स्टे बन गए थे। कई सारे रेस्टोरेंट और दुकानें खुल गई थीं। गंगोत्री धाम जानेवाले पर्यटक यहां ठहरते और रात्रि विश्राम किया करते थे। गंगोत्री धाम जानेवालों के लिए धराली आखिरी पड़ाव होता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल गंगोत्री धाम में 6 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किये थे। इस साल का आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। धराली की आबादी करीब एक हजार थी। मंगलवार दोपहर तक धराली के बाजार में चहल-पहल थी। बारिश के बावजूद मौसम सुहावना था। इस बीच, दोपहर करीब 1.15 बजे धराली के ऊपरी इलाके में बादल फटने से पहाड़ का मलबा महज 34 सेकेंड में धराली के बीचोंबीच बहनेवाली खीर नदी के रास्ते सब कुछ समेट ले गया। लगभग पूरा बाजार, 22 घर, कई होटल और होम स्टे जमींदोज हो गए। धराली में जो इक्का-दुक्का घर बचे भी हैं, उसमें करीब 8 फीट मलबा भरा हुआ है। जानमाल के नुकसान का पूरा ब्यौरा रिपोर्ट लिखे जाने तक नहीं मिल सका है। हादसे के दूसरे दिन शाम तक बचाव दल ने 400 से ज्यादा लोगों के रेस्क्यू करने का दावा किया है। उधर, प्रशासन ने 5 लोगों के मरने की पुष्टि की है, जिनमें एक का शव बरामद किया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और सेना के जवान राहत और बचाव कार्य में हादसे के बाद से ही जुटे हुए हैं। हालांकि उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश बचाव दल का रास्ता रोक रही है।

इधर, केरल के 28 सदस्यीय टूरिस्टों का दस्ता धराली हादसे के बाद से लापता बताया जाता है। उनके पारिवारिक सदस्यों ने मीडिया को बताया कि सभी लोग मंगलवार की सुबह धराली में थे और गंगोत्री धाम जाने की तैयारी कर रहे थे। अब हादसे के बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। धराली स्थित प्राचीन कल्प केदार मंदिर भी मलबे में दफन हो गया है। बताया जाता है कि कल्प केदार मंदिर 1500 साल से ज्यादा पुराना है। उत्तरकाशी के लिए मंगलवार का दिन कुछ ज्यादा ही मनहूस रहा। वहां महज ढाई घंटे के भीतर धराली के अलावा हर्षिल और सुक्खी टॉप के पास भी बादल फटने की घटनाएं हुईं। हर्षिल में भारतीय सेना का बेस कैंप है। एनडीआरएफ के डीआईजी के मुताबिक हादसे के बाद सेना के 11 जवान भी लापता हैं। उन्हें ढूंढने का अभियान जारी है। प्रशासन ने अभी तक सिर्फ धराली और हर्षिल हादसे का आधा-अधूरा ब्यौरा दिया है। सुक्खी टॉप में बर्बादी की जानकारी दूसरे दिन तक नहीं मिल पायी है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की है। उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। हादसे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया है। वह राज्य के आपदा प्रबंधन के लोगों और सरकारी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। लेकिन प्रकृति जब कोप में होती है तो आदमी बेबस हो जाता है।

वरिष्ठ भू वैज्ञानिक प्रो. एसपी सती कहते हैं कि 'धराली ट्रांस हिमालय में मौजूद मेन सेंट्रल थर्स्ट में है। यह एक दरार होती है जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह इलाका भूकंप का अति संवेदनशील जोन भी है। जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी आती है, वह 6 हजार मीटर ऊंचा है। जब भी वहां से सैलाब आता है, धराली को तहस-नहस कर देता है।' उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ पीयूष रौतेला की मानें तो 2014 की आपदा के बाद भू वैज्ञानिकों ने सरकार से धराली को कहीं और बसाने को कहा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि धराली टाइम बम पर बैठा है। यही नहीं, उत्तराखंड में सैकड़ों गांव नदियों के कछार में बसे हुए हैं। हर साल बरसात में उन गांवों का संपर्क कट जाता है। भू वैज्ञानिकों की रिपोर्ट सरकारी फाइलों में धूल फांकती रहती है और सरकार सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी रहती है। सरकार का पूरा जोर पर्यटकों से कमाई पर केंद्रित रहता है। इसके अलावा समूचे उत्तराखंड में सड़क निर्माण, सुरंग और हाइड्रो प्रोजेक्ट के नाम पर काम सालों साल चलता रहता है। जंगल काटे जा रहे हैं। डायनामाईट से पहाड़ तोड़े जा रहे हैं। इससे पहाड़ों की मजबूती कम होती जा रही है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन का अभाव होते जा रहा है। पहाड़ों के बीच कई स्थानों पर झील बने हुए हैं। अगर, सरकार भू वैज्ञानिकों की सलाह को नजरअंदाज करती रहेगी तो आनेवाले दिनों में मानव और वन्यजीवों के लिए खतरा बड़ा होता जाएगा।

बेशक, विकास जरूरी है लेकिन जान-माल की हानि की कीमत पर होने वाले विकास को कत्तई उचित नहीं कहा जा सकता है।

# शीर्ष स्कूल बोर्डों में अंग्रेजी को अलग तरह से कैसे पढ़ाया जाता है?



विजय गर्ग

अंग्रेजी, भारतीय शिक्षा बोर्डों में मुख्य विषयों में से एक सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) और आईसीएसई (भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र) द्वारा अलग-अलग सिखाया और परीक्षण किया जाता है। और जबकि दोनों बोर्डों का उद्देश्य भाषा कौशल का निर्माण करना है, दृष्टिकोण, गहराई और अपेक्षाएं बिल्कुल भिन्न होती हैं। सीबीएसई वीएस आईसीएसईः बुक द्वारा अंग्रेजी (एस) जबकि सीबीएसई भारत का सबसे व्यापक स्कूल बोर्ड है, सीआईएससीई द्वारा शासित आईसीएसई को अक्सर माता-पिता द्वारा समृद्ध भाषा पाठ्यक्रम की मांग करते हुए चुना जाता है। लेकिन ये मूल्य निर्णय नहीं हैं; वे मौलिक रूप से विभिन्न शैक्षणिक दर्शन के प्रतिबिंब हैं। सीबीएसई अंग्रेजी आमतौर पर एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का अनुसरण करती है, जो सुव्यवस्थित, व्यावहारिक और राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के साथ निकटता से गठबंधन किया जाता है। आईसीएसई अंग्रेजी को दो पत्रों में विभाजित किया गया हैः भाषा और साहित्य, और अपनी साहित्यिक गहराई के लिए जाना जाता है और औपचारिक व्याकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। आईसीएसई को उम्मीद है कि छात्र लाइनों के बीच पढ़ेंगे। सीबीएसई में, यह लाइनों को स्पष्ट रूप से समझने के बारे में अधिक है, एक अंग्रेजी शिक्षक रितु भटनागर कहती हैं, जिन्होंने 18 वर्षों से दोनों बोर्डों को पढ़ाया है।

**शिक्षण शैलीः अभिव्यक्ति बनाम दक्षता**

आईसीएसई कक्षाओं में, छात्रों को अक्सर लंबे समय तक लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, अधिक वर्णनात्मक उत्तर न केवल वे क्या जानते हैं, बल्कि वे इसे कितनी अच्छी तरह से स्पष्ट कर सकते हैं। आईसीएसई लेखन में आत्मविश्वास बनाता है दूसरी ओर, सीबीएसई संरचित, परीक्षा-उन्मुख प्रारूपों को बढ़ावा देता है। उत्तर संक्षिप्त और प्रासंगिक होने की उम्मीद है, अक्सर बुलेट पॉइंट या छोटे पैराग्राफ में। विजय गर्ग ने कहा, सीबीएसई अंग्रेजी ने मुझे सीयूईटी को आसानी से क्रैक करने में मदद की क्योंकि मुझे समझ के सवालों और तेजी से लिखने वाले प्रारूपों का इस्तेमाल किया गया था सहायताः कैसे बोर्ड भाषा कौशल का अध्ययन करते हैं आईसीएसई आकलन व्याख्या और रचनात्मकता का पक्ष लेते हैं। भाषा के पेपर में, 20 अंक अकेले रचना लेखन के लिए आरक्षित हैं, जहां रचनात्मकता और सामंजस्य सही उत्तरों से अधिक है। साहित्य में, आईसीएसई अक्सर कल्पना, विडंबना या प्रतीकवाद जैसे साहित्यिक शब्दों के साथ पाठ्य विश्लेषण की उम्मीद करता है।

सीबीएसई, हालांकि, स्पष्टता पर झुक जाता है। सीबीएसई अंकन योजना के अनुसार, 2024 कक्षा 10 की अंग्रेजी भाषा और साहित्य परीक्षा में, पढ़ने की समझ में 20 अंक थे, और साहित्य खंड काफी हद तक लघु-उत्तर आधारित थे। उच्च शिक्षा और देखभाल करने वालों पर प्रभाव एक सामान्य मिथक है कि आईसीएसई अंग्रेजी आपको बेहतर बोलने में मदद करती है या सीबीएसई आपको परीक्षा के लिए तैयार करता है दोनों आंशिक रूप से सच है, लेकिन न तो पूरी तरह से सटीक है। जेईई, नीट युजी या सीयुईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए, सीबीएसई का प्रारूप बहुविकल्पीय और समयबद्ध आकलन के साथ अधिक निकटता से संरेखित करता है। मानविकी के उम्मीदवारों या कानून, उदार कला, पत्रकारिता या अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में करियर बनाने वालों के लिए, आईसीएसई का प्रारंभिक साहित्यिक प्रशिक्षण एक संपत्ति हो सकती है। काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की 2023 की एक रिपोर्ट से पता चला है कि आईसीएसई के छात्रों ने अंग्रेजी में औसतन 84% स्कोर किया, जबकि सीबीएसई का औसत अंग्रेजी स्कोर 77% था।

# प्रेम प्यार है स्वार्थ की रीति



रामविलास जांगिड़

बात ये है कि जंगल में बंदर, सियार और शेर रहता था। तीनों के बीच राजनीतिक गठबंधन हुआ। बंदर पार्टी संयोजक ने कहा, मैं मदद तो करूंगा, लेकिन शर्तें लागू रहेंगी। आपको तो ये पता ही है, कि ये नियम और शर्तें स्वार्थ वश लगानी पड़ रही है। स्पष्ट कहा है- सुर नर मुनि सब कै यह रीती। स्वारथ लागि करहिं सब प्रीति। देवता, मनुष्य और मुनि सबकी यही रीति है। सब लोग स्वार्थ के ही वशीभूत हैं, फिर हम ठहरे घाघ नेता लोग! हम स्वार्थ कैसे छोड़ सकते हैं?

सियार बोला- हम भी आपकी पूरी मदद करेंगे। हमेशा आपके साथ रहेंगे, लेकिन शर्तें लागू रहेंगी। हम भी कुर्सी के अंधे हैं। कहा गया है- स्वारथ के सबहीं सगे, बिन स्वारथ कोउ नाहि। सेवे पंछी सरस तरू, निरस भये उड़ जाहि। जब तक स्वार्थ सधता है, सभी सगे संबंधी हमारे बने रहते हैं। बिना स्वार्थ अपने भी पराये बन जाते है। इसलिए हे प्रभु! इस मंत्र का ध्यान रखिए और हमें स्वार्थ का रस चाटने दीजिए। शेर जो हमेशा ही सबसे बुद्धिमान था, उसने सोचा कि इस अवसर को अपने फायदे में कैसे बदला जा सकता है? उन्होंने तीनों को एक नई कथा सुनाई- सुनो! बात है कि राजनीति के दलदल में छपाक-छप कार्यक्रम चल रहा था। वहां थे दलदल पार्टी, रबर दल पार्टी और पल-पल बदल पार्टी। इनके नेताओं के पास एक ही मकसद था- 'सत्ता में बने रहना।' अवसर समझ कर तीनों दलों के नेताओं ने मिलकर गठबंधन बनाने का निर्णय किया। इसकी मात्र एक शर्त थी- 'अपने स्वार्थ की पूर्ति!'

गठबंधन हो गया। दलदल पार्टी के नेता ने कहा, हमें सत्ता में रहने के लिए मतलबी ही बनना पड़ेगा। हमारे डंके की चोट पर हमारी बात सुनने की शर्त है। रबर दल पार्टी का नेता भी इसी तरह की बात बोली- हम तो तैयार हैं, समझौते के लिए। लेकिन जरा ध्यान दें। हमारे लोगों के हित में ही सब कुछ होना चाहिए। पल-पल बदल पार्टी का नेता भी हंसते हुए बोला- हम तो हमेशा से ही स्वार्थी रहे हैं। ध्यान दें, हमारी सत्ता पर कोई भी हमला हमारे लिए अनुचित होगा। हम फट से पार्टी बदल लेंगे! तब सबने स्वार्थ की दिशा में हां में हां मिलाई। कुर्सी के हाथ जोड़ उसकी परिक्रमा लगाई। सब कह उठे- तुलसी स्वारथ मीत सब! सब दोस्ती केवल स्वार्थ की होती है। हरे चरहिं तापहिं बरे, फरें पसारहिं हाथ। वृक्ष जब हरे होते हैं, तब पशु-पक्षी उन्हें चरने लगते हैं। सूख जाने पर लोग उन्हें जलाकर तापते हैं और फलने पर फल पाने के लिए लोग हाथ पसारने लगते हैं। सियार कह उठा- कबीर दास जी हमें कहते हैं कि स्वारथ कूं स्वारथ मिले, पडि पडि लूंबा बूंब।

जब लोग अपने हृदय में स्वार्थ की भावना लेकर परस्पर मिलते हैं, तब एक दूसरे की आवश्यकता से अधिक प्रशंसा करते हैं। इसलिए आओ! मिलकर एक दूसरे की प्रशंसा करें। कट्टर स्वार्थी बन जाएं। कह कर गठबंधन के सभी जानवर कुर्सी पर टूट पड़े।

# सावन पूर्णिमा पर कौन-कौन से शुभ काम करें

## पूर्णिमा पर नदी स्नान और सत्यनारायण कथा पढ़ने-सुनने की परंपरा



### घर में भी कर सकते हैं पवित्र स्नान

**सावन पूर्णिमा के दिन यदि आप पवित्र नदी में स्नान नहीं कर पा रहे तो घर में भी यह कार्य किया जा सकता है. इसके लिए ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करते समय पानी में थोड़ा सा गंगाजल जरूर मिलाएं. इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें और भगवान सत्यनारायण की कथा पढ़ें.**

### सावन पूर्णिमा 2025 कब है?

**वैदिक पंचांग के अनुसार सावन माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 13 मिनट पर शुरू होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगी. ऐसे में सावन पूर्णिमा का व्रत 8 अगस्त को रखा जाएगा और पूर्णिमा का स्नान व दान 9 अगस्त को किया जाएगा. क्योंकि पूर्णिमा का स्नान-दान ब्रह्म मुहूर्त में किया जाता है और सावन पूर्णिमा तिथि 9 अगस्त को दोपहर तक रहेगी. इसलिए इसी दिन गंगा में स्नान व दान किया जाएगा. बता दें कि उदयातिथि के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व भी 9 अगस्त को मनाया जाएगा।**

### सावन पूर्णिमा स्नान-दान का शुभ मुहूर्त

**सावन पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी में स्नान के बाद सूर्य को जल अर्पित किया जाता है और फिर दान किया जाता है. बता दें कि पूर्णिमा का स्नान ब्रह्म मुहूर्त में किया जाता है और ऐसे में 9 अगस्त को स्नान-दान का शुभ मुहूर्त सुबह 4 बजकर 22 मिनट से लेकर सुबह 5 बजकर 4 मिनट तक रहेगा।**

सावन मास की पूर्णिमा 8 और 9 अगस्त को है। 9 अगस्त को सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि रहेगी, इस कारण इस दिन रक्षाबंधन मनाया जाएगा। सावन पूर्णिमा पर धर्म-कर्म, स्नान, दान और व्रत-उपवास करने की परंपरा है। सावन भगवान शिव का प्रिय माह है और पूर्णिमा पर ये महीना खत्म होता है, इसलिए इस दिन भगवान शिव का विशेष अभिषेक जरूर करना चाहिए।

9 अगस्त को देवी-देवताओं की पूजा करें और भगवान को रक्षासूत्र अर्पित करते हैं। बहनें भाइयों को राखी बांधती हैं। सावन पूर्णिमा पर उपाकर्म यानी यज्ञोपवीत संस्कार भी किया जाता है। ब्राह्मण पुरानी जनेऊ उतारकर नई जनेऊ धारण करते हैं। पूर्णिमा पर भगवान सत्यानारायण की कथा पढ़ने-सुनने की परंपरा है।

जानिए सावन पूर्णिमा पर कौन-कौन से शुभ काम कर सकते हैं...

**पवित्र नदियों में करें स्नान**

इस दिन गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। यदि नदी स्नान संभव न हो तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। स्नान के समय इस मंत्र का जप करें-

**गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वति।**
**नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।**

ऐसा स्नान भी तीर्थ स्नान के समान पुण्य देता है, ऐसी मान्यता है।

**व्रत और उपवास करें**

सावन पूर्णिमा पर श्रद्धा भाव से व्रत रखने की परंपरा है। एक समय फलाहार करके शाम को पूजा के बाद व्रत का पारण किया जाता है। ये व्रत मनोकामना पूर्ति और पुण्य लाभ देने वाला है। इस साल व्रत की पूर्णिमा 8 अगस्त को रहेगी।

सत्यानारायण व्रत करें और कथा पढ़ें-सुनें इस दिन भगवान विष्णु के स्वरूप भगवान सत्यानारायण की पूजा और कथा विशेष फलदायी होती है। शाम को फल, पंचामृत, तिल, गेहूं और तुलसी से पूजन करके भगवान सत्यनारायण की संपूर्ण कथा सुननी या पढ़नी चाहिए।

**दान-पुण्य जरूर करें**

इस दिन पूजा-पाठ के साथ ही अन्न, वस्त्र, छाता, गाय, सोना, घी, पुस्तकें, फल आदि का दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। जरूरतमंद लोगों को दक्षिणा सहित भोजन कराना चाहिए।

**शिव जी का अभिषेक करें**

सावन के अंतिम दिन शिव जी का अभिषेक जरूर करें। भगवान शिव को बिल्व पत्र, दूध, जल, भस्म और धतूरा अर्पित करके पूजा करनी चाहिए।

**सप्त ऋषियों का करें पूजन**

इस दिन ऋषि कश्यप, वशिष्ठ, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि, इन सप्तऋषियों का पूजन करना चाहिए। सप्त ऋषियों की कृपा से जीवन में सभी सुख मिल सकते हैं, ऐसी मान्यता है।

**गाय की सेवा करें**

इस दिन गाय की सेवा, चारा देना, पूजा करना अत्यंत पुण्यकारी होता है। किसी गौशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें।

**इन मंत्रों का कर सकते हैं जप**

ॐ नमः शिवाय – शिव पूजा के लिए
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय – विष्णु पूजा के लिए
ॐ सप्तर्षिभ्यो नमः – ऋषियों की पूजा के लिए
ॐ रामदूताय नमः - हनुमान पूजा के लिए
कृं कृष्णाय नमः - श्रीकृष्ण की पूजा के लिए
रां रामाय नमः - श्रीराम की पूजा के लिए
दुं दुर्गायै नमः - देवी पूजा के लिए
ॐ सूर्याय नमः - सूर्य पूजा के लिए
सों सोमाय नमः - चंद्र पूजा के लिए
शं शनैश्चराय नमः - शनि पूजा के लिए

सावन पूर्णिमा पर इन कामों से बचें
क्रोध न करें, अपशब्द न बोलें।

# जो व्यक्ति संदेह करता है, उसका नाश निश्चित है

## इसलिए किसी भी काम में संदेह न रखें



क्या आपने कभी खुद को एक ही विचार में उलझा पाया है? निर्णय लेने में असमर्थ, ₹क्या हो अगर...₹ और ₹क्या मुझे ऐसा करना चाहिए?₹ जैसे सवालों में आप कभी उलझे हैं? इस मानसिक स्थिति को हम ओवरथिंकिंग यानी अत्यधिक चिंतन कहते हैं। ये स्थिति एक अदृश्य युद्ध की तरह होती है, जो हमारे मन के भीतर विचारों के बीच चलता रहता है। ऐसी ही स्थिति महाभारत युद्ध शुरू होने से पहले अर्जुन की भी थी। कुरुक्षेत्र के मैदान में कौरव-पांडव की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं, उस समय अर्जुन ने जब कौरव पक्ष में अपने कुटुंब के लोग देखे तो वे शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक युद्ध से जूझने लगे। अर्जुन को उलझा हुआ देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें गीता का ज्ञान दिया और सभी संदेह दूर कर दिए।

श्रीकृष्ण ने जो ज्ञान अर्जुन को दिया, वही ज्ञान हमारे लिए लाभदायक है। श्रीकृष्ण की सीख को अपने जीवन में उतार लेने से हम भी ओवरथिंकिंग से बच सकते हैं...

ओवरथिंकिंग से छोटी समस्या भी बड़ी बन जाती है ओवरथिंकिंग थकाने वाला काम है। एक छोटी-सी समस्या भी पहाड़ जैसी लगने लगती है। मन में खुद के लिए संदेह आ जाता है और शांति दूर हो जाती है। अर्जुन कुरुक्षेत्र में सोच रहे थे कि क्या अपने ही परिवार के खिलाफ युद्ध करना सही है?, मेरा धर्म क्या कहता है? ऐसे ही सवाल हमारे मन में भी चलते रहते हैं, जैसे- मुझे क्या करना चाहिए?, अगर मैं असफल हो गया तो? इन विचारों को छोड़कर हमें अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए।

**भ्रम से बचें और विचारों में स्पष्टता रखें**

श्रीकृष्ण ने अर्जुन को एक दृष्टि दी, एक स्पष्ट सोच, जो हर स्थिति में मार्ग दिखा सके। भगवान ने कहा था कि अपने धर्म यानी कर्तव्य पर ध्यान दो, परिणाम की चिंता मत करो। भय, मोह या संदेह से नहीं, बुद्धि से निर्णय लो। मन तुम्हारे लिए सिर्फ एक उपकरण की तरह है, मन तुम्हारा स्वामी नहीं है। मन पर नियंत्रण रखें, व्यर्थ विचारों में उलझने से बचें, विचारों में स्पष्टता लाएंगे तो चीजें बहुत आसान हो जाएंगी।

तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं है। इसका अर्थ ये है कि निर्णय लो, कर्म करो, परिणाम की चिंता छोड़ दो। अगर हमारी नीयत अच्छी है तो कर्म करने में देरी न करें। अच्छी नीयत से किए गए काम में असफलता भी मिलती है तो उससे निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि उस असफलता से सीख लेकर नई शुरुआत करनी चाहिए, देर से ही सही, लेकिन सफलता जरूर मिलेगी।

ओवरथिंकिंग से बचने के लिए ध्यान रखें ये बातें
स्वीकार करें कि किसी काम के लिए चिंता और संदेह होना स्वाभाविक हैं, लेकिन ये हमें रोक नहीं सकते। सकारात्मक सोच के साथ कर्म करें।

कर्म करने से ही स्पष्टता आती है, पहले नहीं, इसलिए कर्म करने में देरी न करें।

ध्यान से मन को शांत करें। गीता कहती है ध्यान ही साधन है आत्म-नियंत्रण का। रोज कम से कम 10 मिनट का ध्यान, आपकी सोच को संतुलित कर सकता है।

अपने कर्तव्य को समझें। हर परिस्थिति में खुद से पूछे कि मेरा कर्तव्य क्या है और अपने कर्तव्य को पूरा करने की जरूरत है।

संशयों से बचें। गीता कहती है कि संशयात्मा विनश्यति, जो व्यक्ति संदेह करता है, उसका नाश निश्चित है। इसलिए किसी भी काम में संदेह न रखें। सारी बातें स्पष्ट रहेंगी तो काम पूरे मन से कर पाएंगे।

**कर्म करने में देरी न करें**

अर्जुन ने तब तक युद्ध नहीं किया, जब तक उनकी सोच स्पष्ट नहीं हुई, लेकिन जब श्रीकृष्ण ने उन्हें आत्मज्ञान दिया तो उन्होंने धनुष उठाया और युद्ध किया। ठीक इसी तरह जब हम अपने विचारों के भ्रम को छोड़कर विवेक, कर्तव्य और शांति से जुड़ते हैं तो हम भी अपने जीवन में विजयी हो सकते हैं। गीता हमें सिखाती है कि मन को साधें, कर्म करें और शांति को अपनाएं।

# शनि और राहु-केतु के बुरे प्रभावों से मिलेगी मुक्ति, बस धारण कर लें ये रत्न





राहु-केतु और शनि तीन ऐसे ग्रह हैं जो व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां पैदा कर सकते हैं। वहीं एक ऐसा रत्न भी है जिसे धारण करने से आप इन तीनों ग्रहों के बुरे प्रभाव को कम कर सकते हैं, आइए जानते हैं इस रत्न के बारे में।

ज्योतिष शास्त्र में शनि और राहु-केतु को क्रूर ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है। यदि ये किसी की कुंडली में प्रतिकूल प्रभाव दे रहे हैं तो जीवन में समय-समय पर मुश्किलों का सामना व्यक्ति को करना पड़ सकता है। ऐसे में शनि और राहु-केतु के बुरे प्रभाव को दूर करने के लिए आपको चमत्कारी रत्न लाजवर्त पहनना चाहिए। मुख्य रूप से यह रत्न शनि से संबंधित है लेकिन राहु-केतु के बुरे प्रभावों को भी ये दूर करता है। आइए जान लेते हैं कि इस रत्न को कैसे धारण करना है और किन राशियों के लिए ये रत्न सबसे शुभ साबित होता है।

**लाजवर्त रत्न**

यह शनि ग्रह का उपरत्न है जिसे धारण करने से मानसिक शांति, स्पष्टता व्यक्ति को प्राप्त होती है। इसके साथ ही कई स्वास्थ्य समस्याओं का निदान भी इस रत्न को पहनकर होता है। इस रत्न को धारण करने से गले से संबंधित रोग दूर होते हैं साथ ही मानसिक तनाव, पेट से संबंधित रोग, हड्डियों से जुड़े रोग आदि में भी ये कारगर सिद्ध होता है।

**कौन पहन सकता है लाजवर्त?**

लाजवर्त शनि ग्रह का उपरत्न है इसलिए बिना ज्योतिषीय सलाह के इसे कभी नहीं पहनना चाहिए। वैसे शनि की दो राशियों मकर, कुंभ और शनि की उच्च राशि तुला के जातकों के लिए ये लाजवर्त बेहद शुभ माना जाता है। इन राशियों को लाजवर्त धारण करने से जीवन में शुभता प्राप्त होती है। वहीं जिन लोगों की कुंडली में शनि अनुकूल स्थिति में है वो भी लाजवर्त धारण कर सकते हैं। शनि या राहु-केतु की महादशा में भी इस रत्न को पहनने से लाभ प्राप्त होते हैं।

**लाजवर्त दिलाता है शनि और राहु-केतु के बुरे प्रभाव से मुक्ति**

ज्योतिष का एक नियम है कि अगर कुंडली में राहु-केतु खराब हों तो शनि के उपाय करने चाहिए, या शनि को मजबूत करना चाहिए। इस नियम के तहत अगर आप शनि के उपरत्न लाजवर्त को धारण करते हैं तो राहु-केतु के बुरे प्रभाव भी स्वतः ही दूर हो जाते हैं। लाजवर्त धारण करने के बाद शनि, राहु-केतु के अच्छे परिणाम आपको मिलते हैं। आपके जीवन में सकारात्मकता आती है और करियर, आर्थिक पक्ष भी मजबूत होता है। इसे धारण करने से आपकी रचनात्मकता भी बढ़ती है और आप सक्रिय रहते हैं।

**लाजवर्त कैसे धारण करें?**

अगर योग्य ज्योतिषाचार्य ने आपको लाजवर्त धारण करने की सलाह दी है तो इसे आपको शनि वार के दिन सूर्यास्त के बाद ही धारण करना चाहिए। लाजवर्त को आप स्टील या फिर पंचधातु की अंगूठी में धारण कर सकते हैं। इस रत्न को धारण करने से पहले आपको कम से कम 108 बार 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जप करना चाहिए। ऐसा करने से रत्न अभिमंत्रित हो जाता है। आप 8 या 10 रत्ती का लाजवर्त धारण कर सकते हैं। इस रत्न को हाथ की मध्यमा उंगली में या फिर लॉकेट बनाकर गले में धारण किया जा सकता है।

**कब धारण न करें लाजवर्त?**

अगर आप पहले से ही मोती, मूंगा, पुखराज या माणिक्य रत्न धारण किए हुए हैं तो गलती से भी आपको लाजवर्त धारण नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपके जीवन में लाभ की जगह आपको हानि हो सकती है। साथ ही इस बात अच्छी तरह से समझ लें कि कभी भी किसी रत्न को बिना ज्योतिषीय सलाह के न पहनें।

# 297 साल बाद रक्षाबंधन पर बन रहा है ऐसा दुर्लभ संयोग, 3 राशि वालों की पलटेगी किस्मत

इस साल रक्षाबंधन का त्योहार एक खगोलीय चमत्कारी घटना का साक्षी बनने जा रहा है। दरअसल 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन एक ऐसा अद्भुत संयोग बनने जा रहा है जो 297 साल पहले बना था। वैदिक ज्योतिष में इस योग को अत्यंत शुभ और प्रभावशाली माना जाता है। इस दिन सूर्य कर्क राशि में, गुरु और शुक्र मिथुन में, राहु कुंभ और केतु सिंह में रहेगा। बताया जा रहा है ग्रहों की ऐसी स्थिति राखी पर कई सालों पहले बनी थी। जानिए इस संयोग से किन राशि वालों को जमकर लाभ होने वाला है।

**297 साल बाद रक्षाबंधन पर बन रहा है ऐसा दुर्लभ संयोग**

इस साल रक्षाबंधन का त्योहार एक खगोलीय चमत्कारी घटना का साक्षी बनने जा रहा है। दरअसल 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन एक ऐसा अद्भुत संयोग बनने जा रहा है जो 297 साल पहले बना था। वैदिक ज्योतिष में इस योग को अत्यंत शुभ और प्रभावशाली माना जाता है। इस दिन सूर्य कर्क राशि में, गुरु और शुक्र मिथुन में, राहु कुंभ और केतु सिंह में रहेगा। बताया जा रहा है ग्रहों की ऐसी स्थिति राखी पर कई सालों पहले बनी थी। जानिए इस संयोग से किन राशि वालों को जमकर लाभ होने वाला है।




**तुला राशि**

रक्षाबंधन पर बनने जा रहे शुभ संयोग से तुला राशि वालों को खूब लाभ मिलेगा। इस राशि वालों की किस्मत चमक जाएगी। जो भी काम आपके रूके हुए थे वो पूरे होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। बिजनेस को नई दिशा मिलेगी। प्रमोशन के प्रबल आसार रहेंगे।

**मकर राशि**

मकर राशि वालों के लिए भी ये शुभ संयोग लकी साबित होगा। आपका गोल्डन समय शुरू हो जाएगा। भाग्य का हर काम में साथ मिलेगा। बिजनेस में खूब तरक्की हासिल करेंगे। अचानक से लाभ होने के योग हैं। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। विदेश में नौकरी प्राप्त करने का सपना पूरा हो सकता है।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि वालों की किस्मत रक्षाबंधन से चमक जाएगी। आपकी सारी परेशानियां खत्म हो जाएंगी।

करियर में कामयाबी हासिल करेंगे। नई नौकरी मिलने के भी योग हैं। कई माध्यमों से धन की प्राप्ति हो सकती है। विदेश से नौकरी का ऑफर आ सकता है। घर-परिवार के लोगों का हर काम में साथ मिलेगा।

# काठगढ़ महादेव मंदिर, जहां दो भागों में बंटा है शिवलिंग, एकसाथ होते हैं शिव-शक्ति के दर्शन

भगवान शिव को समर्पित सावन महीना अब खत्म होने वाला है। श्रावण मास भोलेनाथ के भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस विशेष महीने में हम आपको अनूठे और आश्चर्यचकित कर देने वाले शिव मंदिरों से परिचित करा रहे हैं। इसी कड़ी में हम आपको भक्ति और आश्चर्य को समेटे हुए ऐसे ही एक शिव मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जो हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले में है, जिसे काठगढ़ महादेव के नाम से जानते हैं।

**दो भागों में विभाजित है विशेष शिवलिंग**

यह मंदिर अपनी अनोखी विशेषताओं और प्राचीन इतिहास के कारण विश्व भर में प्रसिद्ध है। विशेष रूप से सावन के महीने में यह मंदिर भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां का शिवलिंग दो भागों में विभाजित है, जिसमें एक भाग को भगवान शिव और दूसरे भाग को माता पार्वती का स्वरूप माना जाता है। यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां शिवलिंग इस रूप में स्थापित है।



**8 फुट ऊंचा है शिवलिंग**

काठगढ़ मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार, मंदिर का शिवलिंग लगभग 8 फुट ऊंचा है, जो दो हिस्सों में बंटा है। एक हिस्सा 5.5 फुट का है, जो भगवान शिव का प्रतीक है, जबकि इसके ठीक बगल में एक छोटा पत्थर, जो लगभग 1.5 फुट छोटा है, माता पार्वती का स्वरूप माना जाता है।

इस शिवलिंग की एक और विशेषता यह है कि दोनों हिस्सों के बीच की दूरी ग्रहों और नक्षत्रों के प्रभाव के अनुसार बदलती रहती है। ग्रीष्म ऋतु में यह शिवलिंग दो भागों में स्पष्ट रूप से विभाजित हो जाता है, जबकि शीत ऋतु में दोनों हिस्से एक-दूसरे के करीब आकर एक रूप धारण कर लेते हैं। यह प्राकृतिक घटना भक्तों के लिए आश्चर्य और श्रद्धा का विषय है, जो इसे अर्धनारीश्वर स्वरूप का प्रतीक मानते हैं।

**काठगढ़ मंदिर की पहली कथा**

काठगढ़ मंदिर का इतिहास शिव पुराण और स्थानीय कथाओं से जुड़ा हुआ है। एक कथा के अनुसार, जब ब्रह्मा और विष्णु के बीच घोर युद्ध हुआ, जिससे महाप्रलय की स्थिति उत्पन्न हो गई, तब भगवान शिव ने इस युद्ध को शांत करने के लिए स्वयं को लिंग रूप में प्रकट किया। यह स्थान वही है, जहां भगवान शिव ने युद्ध को शांत किया और यह शिवलिंग स्वयंभू रूप में प्रकट हुआ।

# दिलजीत दोसांझ की 'सरदार जी 3' की रिलीज पर वाणी कपूर ने रखी राय, कहा- 'नहीं टूटा कानून'



पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान के साथ वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' इस साल पहलगाम हमले की वजह से रिलीज नहीं हो सकी। इस मामले के बाद दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3', जिसमें पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर भी हैं को विदेशों में रिलीज किया गया। फिल्म की रिलीज पर काफी हंगामा हुआ। इसके बहिष्कार की मांग की गई। हाल ही में एक बातचीत में वाणी कपूर ने 'सरदार जी 3' का बचाव किया है।

### फिल्म रिलीज न होने से निर्माता को नुकसान होगा

वाणी कपूर ने कहा 'मुझे याद है कि यह फिल्म पहलगाम हमले से पहले शूट की गई थी। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर फिल्म रिलीज नहीं होगी तो निर्माता के पैसे फंस जाएंगे। मुझे लगता है कि इस फिल्म को बनाने में 100 से ज्यादा लोग लगे थे। जब फिल्म की शूटिंग हो रही थी तब हालात दूसरे थे।'

### दिलजीत वैश्विक स्टार हैं

वाणी कपूर ने आगे कहा 'मुझे नहीं लगता कि उनका मकसद देश की बेहुरमती करना था। वह एक वैश्विक स्टार हैं। उन्हें विश्व स्तर पर देखा जाता है। उन्हें जो ठीक लगा उन्होंने वैसा काम किया। मुझे लगता है कि इससे कोई भी कानून नहीं टूटा है।'

### मुश्किलों में फंसी थी 'अबीर गुलाल'

आपको बता दें कि इसी साल अप्रैल में फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' मुश्किलों में फंस गई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान ने अभिनय किया था। यह फिल्म कश्मीर के पहलगाम में हमले के बाद विवादों में आई थी। लोगों का कहना था कि इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार ने काम किया है और पाकिस्तानी आतंकियों ने ही पहलगाम में हमले को अंजाम दिया था। पाकिस्तानी हमले में कई पर्यटक मारे गए थे।

### 'सरदार जी 3' का बहिष्कार

दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सरदार जी 3' के साथ भी यही मामला है। लोगों का कहना है कि इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर ने अभिनय किया है। ऐसे में इस फिल्म का बहिष्कार किया जाना चाहिए। फिल्म को भारत में नहीं रिलीज किया गया है। पाकिस्तान समेत दुनियाभर में यह फिल्म रिलीज हुई है।

# भाषा विवाद के बीच अचानक क्यों ट्रोल हुईं काजोल? हिंदी बोलने से जुड़ा है मामला

महाराष्ट्र में भाषा विवाद अभी पूरी तरह थमा नहीं है। इस बीच अभिनेत्री काजोल का एक वीडियो सामने आया है। इस वायरल वीडियो को देखने के बाद हिंदी भाषी नेटिजन्स का गुस्सा भड़क गया है और वे अभिनेत्री को ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, हुआ यह कि काजोल हाल ही में मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार में शामिल हुईं। इस दौरान इस



कार्यक्रम में काजोल एक रिपोर्टर पर नाराजगी जताती दिखीं और वह भी इस बात पर क्योंकि उसने अभिनेत्री से हिंदी बोलने को कहा।

### हिंदी में बोलने पर कहने को रिपोर्टर पर भड़कीं काजोल

पुरस्कार समारोह में काजोल को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित राज कपूर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। काजोल ने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद वहां लोगों को संबोधित किया और आभार जताया। इस दौरान उन्होंने अधिकांश समय मराठी और अंग्रेजी बोली। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अधिकांश जवाब मराठी भाषा में दिए। इसी दौरान एक रिपोर्टर ने उन्हें हिंदी में अपनी बात दोहराने को कहा। इस पर काजोल भड़क गईं।

### मनसे ने शेयर किया वीडियो

हिंदी में बोलने पर टोके जाने पर काजोल ने रिपोर्टर से कहा, 'अभी मैं हिंदी में बोलूं'? इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने आगे कहा, 'जिसे समझना है वो समझ लेंगे'। काजोल का यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। नेटिजन्स उन्हें बुरी तरह ट्रोल कर रहे हैं। कुछ नेटिजन्स सवाल कर रहे हैं, 'हिंदी भाषा बोलने से दिक्कत है तो हिंदी फिल्में क्यों करती हो?' कुछ नेटिजन्स ने लिखा, 'इन्हें मराठी के साथ इंग्लिश बोलने में दिक्कत नहीं है, लेकिन हिंदी बोलने से दिक्कत है'। इस बीच राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे ने अपने एक्स अकाउंट से काजोल का यह वीडियो शेयर किया है।

60 आणि 62 व्या महाराष्ट्र राज्य चित्रपट पुरस्कार सोहळ्यात अभिनेत्री काजोल यांना राज कपूर विशेष योगदान पुरस्कार प्रदान करण्यात आला. त्यानंतर त्यांनी माध्यमांशी मराठीत संवाद साधला, त्यावर काही हिंदी पत्रकारांनी हिंदीत पण बोला असा आग्रह धरला त्यावर त्यांनी ठामपणे नकार दिला...

### क्या सच में काजोल ने नहीं बोली हिंदी?

सम्मान समारोह का एक वीडियो काजोल ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया। यह सच है कि उन्होंने मराठी भाषा में भाषण दिया। अंग्रेजी भाषा भी बोली। मगर, इसके अलावा उन्होंने हिंदी भाषा भी बोली। मगर, काजोल की वह वीडियो क्लिप वायरल हो रही है, जिसमें वे रिपोर्टर से कह रही हैं, 'अभी मैं हिंदू में बोलूं?' काजोल के वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों उन्हें फिल्म 'मां' में देखा गया था।

# दोबारा हो 'खालिद का शिवाजी' के सेंसर सर्टिफिकेट की जांच, महाराष्ट्र सरकार की केंद्र से मांग

मराठी फिल्म 'खालिद का शिवाजी' की रिलीज अभी भी अटकी हुई है। अब महाराष्ट्र सरकार ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से 'खालिद का शिवाजी' को जारी किए सीबीएफसी सर्टिफिकेट के क्लीयरेंस को फिर से जांच करने की अपील की है। साथ ही 8 अगस्त को हो रही फिल्म की रिलीज पर भी तब तक रोक लगाने का निर्देश देने की बात कही है जब तक उसकी अपील पर कोई फैसला नहीं आ जाता। यह अपील महाराष्ट्र की संस्कृति सचिव किरण कुलकर्णी द्वारा सूचना एवं प्रसारण सचिव को 6 अगस्त को भेजे गए एक पत्र में की गई है।

### छत्रपति शिवाजी के इतिहास को गलत तरीके से दिखाने का आरोप

महाराष्ट्र सरकार की ओर से यह अनुरोध ऐसे




समय में आया है जब दक्षिणपंथी संगठनों ने दावा किया है कि फिल्म मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को गलत तरीके से दिखाती है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से भेजे गए पत्र के मुताबिक, ऐसी आशंका है कि फिल्म को अभी रिलीज किए जाने से कानून-व्यवस्था की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पत्र में कहा गया है कि सरकार को 5 अगस्त को (दक्षिणपंथी कार्यकर्ता) नीलेश भिसे से एक लिखित शिकायत मिली थी, जिन्होंने फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद आरोप लगाया था कि फिल्म के कुछ डायलॉग तथ्यात्मक रूप से गलत हैं और इनसे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है।

### फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग

हाल ही में मुंबई में आयोजित राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान कुछ लोगों ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने या विवादास्पद डायलॉग्स को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

### राज प्रीतम मोरे ने किया है फिल्म का निर्देशन

राज प्रीतम मोरे द्वारा निर्देशित 'खालिद का शिवाजी' एक मुस्लिम लड़के की 17वीं सदी के महान मराठा योद्धा राजा की खोज की यात्रा पर केंद्रित है।

# 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना...', रक्षाबंधन को बनाएं खास, इन खूबसूरत बॉलीवुड गानों के साथ

ये सभी गाने न सिर्फ रक्षाबंधन के त्योहार की भावना को बयां करते हैं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते की गहराई को भी उजागर करते हैं। इस रक्षाबंधन पर इन गानों को अपनी प्लेलिस्ट में शामिल करें। राखी बांधते समय, मिठाइयां खाते समय या परिवार के साथ बैठकर पुरानी यादें ताजा करते समय इन गानों को सुनें। ये गाने आपके इस खास दिन को और भी यादगार बना देंगे।

### फूलों का तारों का सबका कहना है




1971 में आई फिल्म 'हरे रामा हरे कृष्णा' का गाना 'फूलों का तारों का सबका कहना है' आज भी लोग सुनना और गुनगुनाना पसंद करते हैं। यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मासूमियत और गहराई को दर्शाता है। इस गाने को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। गाने के बोल, फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है, बहन के प्रति भाई के अनमोल प्यार को व्यक्त करता है।

### भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना

फिल्म 'छोटी बहन' का प्रसिद्ध गाना 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना' आज भी रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधते वक्त गाती हैं। यह गाना रक्षाबंधन के त्योहार का प्रतीक बन चुका है। लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया यह गाना हर बार रक्षाबंधन पर दिल को छू जाता है। गाने के बोल, भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना, बहन की अपने भाई से प्रेम और विश्वास की पुकार को दर्शाते हैं।

### बहना ने भाई की कलाई से

1974 में आई फिल्म 'रेशम की डोरी' का गाना 'बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है...' हर बहन का पसंसीदा गाना बन चुका है। इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया है और इसके बोल भाई-बहन के अटूट रिश्ते को दर्शाते हैं। बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से सारा संसार बांधा है, जैसे बोल इस त्योहार की भावना को और गहरा करते हैं।

### मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन

फिल्म 'काजल' का गाना 'मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन' आशा भोसले की आवाज में है। यह गाना भाई के प्रति बहन के स्नेह को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाता है। मेरे भैया मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन, तेरे लिए लाई हूं.. जैसे बोल इस गाने को रक्षाबंधन के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना उस खुशी और गर्व को व्यक्त करता है, जो एक बहन अपने भाई के लिए महसूस करती है। रक्षाबंधन के दिन इस गाने को सुनकर और मिठाई खाकर आप भी अपने भाई के साथ अपने रिश्ते की मिठास को और बढ़ा सकते हैं।

# यूट्यूबर्स पर हमले की प्रकाश राज ने की निंदा बोले- 'इन गुंडों की वजह से धर्मस्थल बदनाम है'



कर्नाटक के धर्मस्थल में कल बुधवार को कवरेज के लिए पहुंचे यूट्यूबर्स पर हमला कर दिया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार चल रहा है। धर्मस्थल पर हमले की इस घटना की अभिनेता प्रकाश राज ने निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है।

दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल के पास बुधवार शाम भीड़ ने तीन यूट्यूबर्स और एक कैमरामैन पर हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन पर धर्मस्थल को बदनाम करने का आरोप लगाया गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अभिनेता प्रकाश राज ने कहा, 'धर्मस्थल में सौजन्या हत्याकांड के लिए न्याय की मांग कर रहे पत्रकारों पर हमला किया गया, जो निंदनीय है'।

### सवाल किया, 'इसके पीछे कौन है?'

प्रकाश राज ने आगे कहा, 'इन गुंडों की वजह से धर्मस्थल बदनाम हो रहा है। जब इन गुंडों से पूछा जाता है कि सौजन्या की इतनी दुखद मौत क्यों हुई, तो उन्हें क्या परेशानी होती है? इससे यह संदेह बढ़ता है कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं और इसके पीछे कौन है'।

### न्याय के लिए की जा रही मांग

प्रकाश राज ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा है, 'मैं पुलिस से अनुरोध करता हूं कि इन गुंडों को गिरफ्तार करे और सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करें। लोगों को यह समझना चाहिए कि सच्चाई और न्याय की तलाश हमारा अधिकार है'। बता दें कि कॉलेज छात्रा सौजन्या 2012 में धर्मस्थल कस्बे में मृत पाई गई थी। हाल के हफ्तों में खासकर सोशल मीडिया पर इस मामले में न्याय की मांग फिर से उठी है। राज्य सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) की तरफ से पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में सामूहिक हत्या, बलात्कार और अवैध रूप से दफनाने के आरोपों की जांच जारी है।

# क्या इस बार 'बिग बॉस'19 का हिस्सा बनेंगी दिव्यांका? एंट्री पर खुद तोड़ी चुप्पी



रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। शो के नियम और कायदों पर चर्चाओं के साथ प्रतिभागियों के नामों को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इंटरनेट पर ऐसी चर्चाएं तेज हैं कि इस बार शो में दिव्यांका त्रिपाठी भी हिस्सा लेने वाली हैं। इसके अलावा दिव्यांका के एक्स और को-एक्टर रहे शरद मल्होत्रा के नाम की भी चर्चा है। ऐसी खबरों पर दिव्यांका ने प्रतिक्रिया दी है।

### बिग बॉस में हिस्सा लेने से किया इनकार

सोशल मीडिया पर वायरल कुछ पोस्ट में ऐसा दावा किया जा रहा है कि बिग बॉस सीजन 19 के लिए दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा को अप्रोच किया गया है। संभव है कि दोनों की तरफ से कंफर्म किया जाए। हालांकि, इस तरह की खबरों का दिव्यांका त्रिपाठी ने खंडन किया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है और बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की बात से साफतौर पर इनकार किया है।

### बोलीं- 'ऐसी खबरें वे हर साल फैलाते हैं'

दिव्यांका त्रिपाठी ने टेली टॉक से बातचीत में बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की खबरों पर इनकार करते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है। एक्ट्रेस ने कहा, "यह फेक है। इस तरह की खबरें वे हर साल फैलाते हैं"। बता दें कि दिव्यांका इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज, नच बलिए 8, खतरों के खिलाड़ी 11 और खतरों के खिलाड़ी 13 जैसे कई रियलिटी शो में हिस्सा ले चुके हैं। हालांकि, 'बिग बॉस' से उन्होंने अब तक दूरी बना रखी है।

### एक-दूजे को डेट कर चुके हैं शरद-दिव्यांका

बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा कथित तौर पर कभी एक-दूसरे को डेट कर चुके हैं। दोनों ने 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' में साथ काम किया था। इसी दौरान दोनों एक-दूजे के करीब आए। आठ साल की डेटिंग के बाद इनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, अब दोनों अपनी-अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश हैं। शरद ने रिप्सी भाटिया से शादी की है। वहीं, दिव्यांका की शादी विवेक दहिया से हुई है।

# एफआईआर के खिलाफ मलयालम अभिनेत्री श्वेता ने खटखटाया केरल हाईकोर्ट का दरवाजा, अश्लीलता फैलाने का लगा है आरोप

मलयालम अभिनेत्री श्वेता मेनन ने एक गंभीर मामले में कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। उन्होंने केरल हाईकोर्ट में एक याचिका



दाखिल की है, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई है। ये एफआईआर अभद्र फिल्मों और अश्लील विज्ञापनों में अभिनय करने के आरोपों पर बेस्ड है, जिनका उद्देश्य पैसे कमाना बताया गया है। क्या है पूरा मामला, चलिए आपको बताते हैं।

### कब शुरू हुआ विवाद?

यह विवाद तब शुरू हुआ जब मर्टिन मेनाचरी, जो कि न्यूजपेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केरल क्षेत्र) के महासचिव हैं, उन्होंने एक शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को भेजा और उसके बाद एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। एफआईआर में श्वेता मेनन पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67A और अमोरल ट्रैफिक (प्रिवेंशन) अधिनियम, 1956 की धाराओं 3 और 5 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### श्वेता मेनन ने दायर की याचिका

श्वेता मेनन ने कोर्ट में अपनी याचिका में इन आरोपों को पूरी तरह गलत और बिना किसी आधार वाला बताया है। उन्होंने कहा कि ये आरोप उनके सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए साजिश के तहत लगाए गए हैं। याचिका में बताया गया है कि जिन फिल्मों का उल्लेख शिकायत में किया गया है, जैसे 'पलेरी माणिक्यम', 'रथिनिर्वेधम' और 'कलिमन्नू', ये सभी सेंसर बोर्ड से प्रमाणित और कानूनी रूप से रिलीज की गई हैं।

उन्होंने खासतौर पर 'पलेरी माणिक्यम' में अपने अभिनय की तारीफ करते हुए बताया कि इसी फिल्म के लिए उन्हें केरल राज्य फिल्म पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान भी मिला। श्वेता मेनन ने किसी भी पोर्नोग्राफिक वेबसाइट के संचालन में खुद के जुड़ने से इनकार किया और कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के उन पर मानहानि का आरोप लगाया गया है।

### एक्ट्रेस ने केरल हाईकोर्ट में क्या दावा किया?

याचिका में यह भी दावा किया गया है कि श्वेता मेनन ने मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था और शिकायत उसी नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख के दिन दर्ज कराई गई। यह समय और आरोप उनकी उम्मीदवारी और प्रतिष्ठा को खत्म करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। इस याचिका को उनके वकील उनि सेबेस्टियन कपेन और एम रेविकृष्णन ने पेश किया है। अब यह मामला केरल हाईकोर्ट के जस्टिस वीजी अरुण की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

# कैसे सबसे महंगी एक्शन फिल्म बनी 'वॉर 2' क्या रजनीकांत की 'कूली' को देगी कड़ी टक्कर

400 करोड़ का बजट, 90 करोड़ में तेलुगु राइट्स और सुपरस्टार्स को मुनाफे में हिस्सेदारी। 'वॉर 2' संभवतः बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनने वाली है। फिल्म में पानी की तरह पैसा कहां बहाया गया? और इससे थिएटर मालिकों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को इतनी उम्मीद क्यों हैं? जानते हैं इस खास रिपोर्ट में।

### स्टार्स और टेक्निकल टीम की फीस

फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर जैसे बड़े सितारे हैं, जिनकी फीस 50 से 75 करोड़ रुपये तक मानी जा रही है। इसके साथ ही कियारा आडवाणी, निर्देशक अयान मुखर्जी और टेक्निकल क्रू की फीस को मिलाकर सिर्फ कास्ट और टीम पर 100 से 150 करोड़ रुपये तक का खर्च हुआ है।

### इंटरनेशनल शूट और वीएफएक्स

डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर शूट किया है। इसमें हॉलीवुड स्टंट- कोरियोग्राफर्स की मदद से बोट चेज, कार एक्शन और हैंड-टू-हैंड फाइट सीन शामिल किए गए हैं। ड्रोन शॉट्स, ग्रीन स्क्रीन और हाई-क्वालिटी वीएफएक्स की वजह से पोस्ट-प्रोडक्शन का खर्च काफी बढ़ा।

### आईमैक्स और डॉल्बी सिनेमा रिलीज

'वॉर 2' भारत की पहली फिल्म होगी जो





डॉल्बी सिनेमा में रिलीज होगी। साथ ही इसे आईमैक्स स्क्रीन्स पर भी रिलीज किया जाएगा। इसके लिए खास कैमरा इक्विपमेंट और मास्टरिंग की जरूरत होती है, जो कि बहुत महंगा है।

### हॉलीवुड स्टंट टीम और सिक्योरिटी

फिल्म में काम कर रही इंटरनेशनल स्टंट टीमें न सिर्फ महंगी हैं, बल्कि उनके साथ शूटिंग के दौरान बीमा, सुरक्षा और बॉडी डबल्स का खर्च भी जुड़ा होता है।

### म्यूजिक और प्रमोशन

फिल्म के ग्लोबल डिजिटल कैंपेन, सोशल मीडिया, इंटरनेशनल म्यूजिक स्कोर और डबिंग पर भी बड़ी रकम खर्च की गई है।

### इंटरनेशनल स्केल पर 6 देशों में शूटिंग

'वॉर 2' की शूटिंग 150 दिनों में 6 देशों में हुई है। स्पेन के सलामांका और मैड्रिड में कार चेज सीन, अबू धाबी में बोट चेज और इटली में एक्शन सीन शूट किए गए। जापान और रूस में भी कुछ अहम सीन फिल्माए गए हैं। क्लाइमैक्स का 15 दिन का शेड्यूल मुंबई में यशराज स्टूडियो और फिल्म सिटी में हुआ है। पूरी शूटिंग बेहद सख्त सिक्योरिटी के बीच की गई ताकि कुछ भी लीक न हो।

### 'वॉर 2' vs 'कूली' कोई मामूली टक्कर नहीं

ट्रेड एक्सपर्ट कहते हैं, 'इस फिल्म के तेलुगु राइट्स 90 करोड़ रुपये में बिके हैं। फिल्म में जूनियर एनटीआर का नाम जुड़ने के बाद से ही इसे पैन-इंडिया फिल्म के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, उसी दिन रजनीकांत की 'कूली' भी रिलीज हो रही है। यह कोई साधारण टक्कर नहीं है। आप ये मानकर चलें कि दो पैन इंडिया फिल्में टकराने जा रही हैं। तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में 'कूली' की मजबूत पकड़ रहेगी, जबकि नॉर्थ और तेलुगु मार्केट में 'वॉर 2' को बढ़त मिलेगी।'

### अब तक की सबसे बड़ी और महंगी स्पाई थ्रिलर

वहीं डिस्ट्रीब्यूटर कहना है कि इस फिल्म का बजट लगभग 400 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड में इस स्केल की फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं। जूनियर एनटीआर की एंट्री ने फिल्म को साउथ इंडिया में पहले से ही बड़ा बना दिया है। वहीं नॉर्थ इंडिया में थिएटर मालिकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऋतिक और एनटीआर की जोड़ी का लोग इंतजार कर रहे हैं।



# जब प्रेग्नेंट राधिका को प्रोड्यूसर ने डॉक्टर को दिखाने से किया मना, अभिनेत्री हो गई थीं निराश



अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान शूटिंग के समय उनके साथ एक फिल्म निर्माता द्वारा किए गए व्यवहार का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी में शूटिंग के दौरान एक बार जब उन्हें तबीयत थोड़ी खराब लगी, तो उन्होंने डॉक्टर के पास जाने की बात कही, लेकिन निर्माता ने उन्हें ऐसा करने से इंकार कर दिया और डॉक्टर के पास नहीं जाने दिया। जिसके बाद एक्ट्रेस काफी निराश हो गई थीं।

**प्रेग्नेंसी की खबर से प्रोड्यूसर नहीं थे खुश**

नेहा धूपिया के फ्रीडम टू फीड सेशन में बात करते हुए राधिका ने इस किस्से के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अपने पहले बच्चे के जन्म के समय मैं जिस निर्माता के साथ शूटिंग कर रही थी, वो इस खबर से खुश नहीं थे। उन्होंने मेरे साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। यहां तक मेरी बेचैनी और प्रेग्नेंसी के बावजूद उन्होंने मुझे टाइट कपड़े पहनने पर भी जोर दिया। हालांकि, इस दौरान राधिका ने उस फिल्म मेकर का नाम नहीं बताया।

**फिल्म के सेट पर राधिका के साथ नहीं हुआ अच्छा बर्ताव**

एक्ट्रेस ने आगे अपने साथ हुए इस घटनाक्रम को याद करते हुए बताया कि मैं अपनी पहली तिमाही में थी और मुझे लगातार कुछ खाने की इच्छा हो रही थी। मैं बहुत कुछ खा रही थी, चाहे वह चावल हो या पास्ता और सामान्य शारीरिक बदलावों से भी गुजर रही थी। लेकिन उस वक्त मुझे समझने के बजाय, मुझे असंवेदनशीलता का सामना करना पड़ा। जब मैं दर्द में थी और सेट पर बेचैनी महसूस कर रही थी, तो मुझे डॉक्टर के पास जाने की भी अनुमति नहीं थी। इससे मैं सचमुच निराश हो गई थी।

**हॉलीवुड प्रोड्यूसर ने किया सपोर्ट**

राधिका ने बताया कि जब वह उसी दौरान एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट पर काम कर रही थीं, तो स्थिति बिल्कुल उलट थी। मैं जिस हॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम कर रही थी, वह बहुत सपोर्टिव थे। जब मैंने बताया कि मैं सामान्य से ज्यादा खा रही हूं और शूटिंग के अंत तक मैं बिल्कुल अलग दिखने लगूंगी, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि चिंता मत करो, अगर इस प्रोजेक्ट के अंत तक तुम कोई और भी हो जाओगी, तो भी कोई बात नहीं। क्योंकि तुम प्रेग्नेंट हो। वह आश्वासन और गर्मजोशी मेरे लिए बहुत मायने रखती थी।

राधिका ने कहा कि मैं समझती हूं कि सबके अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट होते हैं, लेकिन मुझे बॉलीवुड फिल्म निर्माता से बस थोड़ी-सी सहानुभूति की उम्मीद थी।

**2024 में राधिका ने दिया बेटी को जन्म**

राधिका ने 2013 में संगीतकार बेनेडिक्ट टेलर से शादी की और लंबे समय तक उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को मीडिया की नजरों से दूर रखा। अक्टूबर 2024 में उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और दिसंबर में अपनी बेटी का स्वागत किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो राधिका आखिरी बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' में नजर आई थीं।

# 44 की श्वेता तिवारी या 40 की श्वेता त्रिपाठी... दोनों में से कौन हैं ग्लैमर की क्वीन






श्वेता तिवारी और श्वेता त्रिपाठी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं. 40 की उम्र में भी ये एक्ट्रेसेस अपनी फिटनेस से तारीफें बटोरती हैं. तसवीरें देख खुद फैसला करें कि कौन हैं ग्लैमर की रानी। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में श्वेता तिवारी और श्वेता त्रिपाठी दोनों ही चर्चित एक्ट्रेसेस हैं. दोनों की उम्र में महज 4 साल का फासला है. 40 की उम्र में भी दोनों अपने कातिलाना अंदाज से बिजलियां गिराती हैं. यहां देखें दोनों हसीनाओ के ग्लैमरस फोटोज.

श्वेता त्रिपाठी 40 वर्ष की हैं. अपने करियर में उन्होंने 'मसान' और मिर्जापुर जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में काम किया है जिनका उनके करियर में बड़ा योगदान रहा. अपने कैरेक्टर गाजगामिनी गुप्त उर्फ गोलू गुप्ता से उन्होंने तहलका मचा दिया था.

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 1.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं. अदाकारा के फैंस हमेशा ही उनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं. अक्सर ही वो अपने फोटोज और विडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं .

40 वर्षीय एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी के करियर की बात करें तो उन्होंने 2009 में सीरियल 'मस्त लाइफ' से डेब्यू किया था. फिल्मी पर्दे पर उन्होंने 'मसान' के जरिए डेब्यू किया. इसके अलावा उन्हें 'ये काली काली आंखे', 'कालकूट' और 'एस्केप लाइफ' जैसे शोज में भी देखा गया.

अब बात करें श्वेता तिवारी की तो उनकी उम्र 44 साल है. आज भी वो अपने फिटनेस से कई यंग एक्ट्रेसेस को मात देती हैं. आज हर कोई उनकी ब्यूटी और ग्लैमरस अंदाज का मुरीद है.

सोशल मीडिया पर उनके 5.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं. अदाकारा ने 'कसौटी जिंदगी की' से अपनी खास पहचान बनाई है और आज वो इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस की सूची में शामिल हैं.

अपने डेब्यू सीरियल के बाद से ही श्वेता तिवारी घर–घर पहचाने जानी लगीं. टीवी के अलावा उन्हें कई फिल्मों और वेब सीरीज में भी देखा गया है. 2004 में आई फिल्म मदहोश में उन्हें बिपाशा बसु की दोस्त के रोल में देखा गया था.

44 की उम्र में भी श्वेता तिवारी के फिटनेस और ब्यूटी का कोई जवाब नहीं है.

एक्ट्रेस ने दो शादियां की लेकिन दोनों ही रिश्ता नहीं चल पाया. आज एक्ट्रेस अपने दोनों बच्चों के साथ खुलकर अपनी जिंदगी जीती हैं.

# बिग बॉस में इस बार घरवालों की सरकार, नेता बने नजर आए सलमान, बोले- इस बार भी लोकतंत्र की चलेगी

सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'बिग बॉस 19' के प्रतिभागियों को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच आज गुरुवार को ट्रेलर रिलीज हो गया है। सलमान खान बिग बॉस के घर में राजनीतिक तड़का नजर आ सकता है, क्योंकि ट्रेलर में कुछ ऐसी ही झलक देखने को मिल रही है।

**'ऐसा पहली बार हुआ है 18-19 वर्षों में'**

सामने आए ट्रेलर में संसद की तर्ज पर लोग बैठे नजर आ रहे हैं। सलमान खान नेता वाली पोशाक में दिख रहे हैं। वे कह रहे हैं, 'ऐसा पहली बार हुआ 18-19 वर्षों में। इस बार बिग बॉस में होगी घरवालों की सरकार'। सलमान



खान ने आगे कहा कि इस बार भी बिग बॉस के घर में लोकतंत्र देखने को मिलेगा। ट्रेलर काफी दिलचस्प है।

**सलमान बोले- 'इस बार भी ड्रेमोक्रेसी होगा'**

ट्रेलर यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। सलमान खान कार से उतरते हैं। 'बिग बॉस की संसद' में प्रवेश करते हैं। इस दौरान कहते हैं, 'ऐसा पहली बार हुआ है 18-19 वर्षों में। इस बार भी बिग बॉस के घर में ड्रामा नहीं, ड्रेमोक्रेसी होने वाला है।

हर छोटा बड़ा फैसला घर वालों के हाथ में'। आगे कहते हैं, 'घर वालों वो करो, जो आपको मन हो। बिग बॉस में इस बार घरवालों की सरकार'। बिग बॉस 19 कलर्स 24 अगस्त से स्ट्रीम होगा।

# एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं रुपाली गांगुली शादी कर डेढ़ दर्जन बच्चे करना चाहती थी



अनुपमा बन घर-घर में पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली रुपाली गांगुली किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. रुपाली की दमदार एक्टिंग ने लोगों के दिलों को जीत लिया है. लेकिन पहले वो एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं. रुपाली गांगुली कई बार अपने इंटरव्यू में बता चुकी हैं कि वो एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं. लेकिन, किस्मत उन्हें इस फील्ड में ले आई और अब सबकी प्यारी अनुपमा बन गईं.

रुपाली गांगुली ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वो सिंगर बनें और मां चाहती थीं कि वो जिंदगी में कुछ करें. रुपाली के पेरेंट्स कहते थे कि ऐसा नहीं है कि तुम एक्ट्रेस ही बनो लेकिन जीवन में कुछ तो करना होगा तो डिसाइड करो क्या करना है. रुपाली ने कहा कि मुझे तो गृहणी बनना था. मैं हमेशा से शादी करना चाहती थी और आधे दर्जन बच्चे पैदा करना चाहती थी.

एक इंटरव्यू में रुपाली ने कहा कि मैं चाहती थी मेरे बहुत सारे बच्चे हों. छोटा सा एक बंगला हो और बहुत सारे बच्चे हों. रुपाली ने बताया कि वो चाहती थीं कि बहुत सारे बच्चे के साथ वहां बहुत सारे डॉगी हो और बिल्ली भी हो. बता दें रुपाली गांगुली एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं. एक्ट्रेस के पिता अनिल गांगुली पॉपुलर फिल्म निर्देशक थे. रुपाली गांगुली के भाई विजय गांगुली बॉलीवुड के पॉपुलर कोरियोग्राफर में से एक हैं. उन्होंने कई बॉलीवुड गानों को कोरियोग्राफ किया है.

# मुस्कान जाफरी कौन हैं? जावेद जाफरी से है खास रिश्ता, लुक्स पर मर मिटे फैंस



नेटफ्लिक्स की कुछ वेब सीरीज में मुस्कान जाफरी को देखा जा चुका है. ऐसे में फैंस मुस्कान की पर्सनल लाइफ के बारे में और भी डिटेल्स से जानना चाहते हैं. चलिए इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं. मुस्कान जाफरी एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती हैं. लेकिन उन्हें इसका कुछ खास फायदा नहीं हुआ. साथ ही काफी साल तक मुस्कान ने अपनी पहचान छुपाकर काम किया.

मुस्कान जाफरी लेजेंडरी एक्टर जगदीप की बेटी हैं. जावेद जाफरी और नावेद जाफरी उनके सौतेले भाई हैं. एक्टर जगदीप ने तीन शादियां की थीं. इन तीन शादियों से उनके छह बच्चे हुए. मुस्कान उनकी तीसरी पत्नी नाजिया की इकलौती बेटी हैं. मुस्कान मल्टीटैलेंटेड हैं. वो सिर्फ एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि सिंगर और वॉइस ओवर आर्टिस्ट भी हैं. उन्होंने 2016 में शॉर्ट ड्रामा 'मीडियम' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था.

2017 में मुस्कान को टीवी सीरीज 'द गुड कर्मा हॉस्पीटल' में देखा गया था. 2018 में वो वेब सीरीज 'नोबलमैन' में पिया की भूमिका में नजर आई थीं. इसके अलावा मुस्कान ने मिसमैच्ड, फाइंडिंग अनामिका, दे फेम गेम जैसी सीरीज में काम किया है.

द फेम गेम में मुस्कान को माधुरी दीक्षित की बेटी की भूमिका में देखा गया था. शूटिंग के दौरान मुस्कान ने महीनों अपनी पहचान छुपाए रखी. क्योंकि वो इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहती थीं. उसके बाद अनन्या पांडे की 'कॉल मी बे' में मुस्कान को सपोर्टिंग रोल में देखा गया. इससे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली.

# ऐश्वर्या राय बनीं बॉलीवुड की दूसरी सबसे अमीर एक्ट्रेस, नेटवर्थ सुन उड़ जाएंगे होश



ऐश्वर्या राय बच्चन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं. सिर्फ इंडिया ही नहीं बल्कि दुनियाभर में ऐश्वर्या राय के लोग दीवाने हैं. अपने सक्सेसफुल एक्टिंग करियर की वजह से ऐश्वर्या एक लैविश लाइफ जीती हैं. उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर अलग पहचान बनाई है.

ऐश्वर्या लंबे समय से फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं लेकिन उनकी नेटवर्थ बहुत ही तगड़ी है. जिसे सुनकर किसी के भी होश उड़ जाएंगे. नेटवर्थ के मामले में ऐश्वर्या राय ने कई एक्ट्रेसस को पीछे छोड़ दिया है. वो बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं. न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक ऐश्वर्या एक फिल्म के 10 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं. साथ ही किसी ब्रांड को एंडोर्स करने के लिए वो 6-7 करोड़ चार्ज करती हैं.

**ऐश्वर्या राय हैं दूसरी सबसे अमीर एक्ट्रेस**

एक रिपोर्ट के अनुसार ऐश्वर्या राय इंडिया की दूसरी सबसे अमीर एक्ट्रेस बन गई हैं. उनकी नेटवर्थ 900 करोड़ है. एक्टिंग और ब्रांड एंडोर्स करने के साथ ऐश्वर्या बिजनेस की दुनिया में भी आ चुकी हैं. अपने इनवेस्टमेंट की वजह से वो बॉलीवुड की सबसे सक्सेसफुल बिजनेसवुमेन हैं.

**50 करोड़ के बंगले में रहती हैं ऐश्वर्या**

जब रियल स्टेट की बात आती है तो ऐश्वर्या ने कई प्रॉपर्टीज खरीदी हुई हैं. वो ब्रांद्रा में एक बड़े बंगले में रहती हैं जिसकी कीमत 50 करोड़ है. इसके अलावा उनका दुबई में भी एक विला है.

वर्कफ्रंट की बात करें तो ऐश्वर्या राय ने लंबे समय से फिल्मों से दूरी बनाई हुई है. वो आखिरी बार 2023 में आई फिल्म पीएस 2 में नजर आईं थीं. उसके बाद से उन्होंने अपने किसी भी प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट नहीं की है.

ऐश्वर्या बेटी आराध्या के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं. वो आराध्या की परवरिश में सारा टाइम निकालती हैं. आराध्या भी अपनी मां की कॉपी लगती हैं.